संसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.173 ▼ -0.094

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 14.0 | 13.0 |
| धनबाद | 25.0 | 14.0 | 14.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 13.0 | 13.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 12.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 26 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 70, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय फिर बढ़ रही कोरोना की तेज रफ्तार ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
अरबाज खान की शादी में सलमान खान...10 देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,020
चांदी (10 किलो) 75,330

## एक नजर

### राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह पर जेयू से स्पष्टीकरण मांगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में रविवार को आयोजित दीक्षांत समारोह पर विवाद उत्पन्न हो गया है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। राजभवन के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल के कार्यालय से एक संदेश जेयू रजिस्ट्रार के कार्यालय को भेज दिया गया है और मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### पीएम मोदी के साथ लंच बैठक में बिशपों के हिस्सा लेने से भाकपा नाराज

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को क्रिसमस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित लंच बैठक में बिशपों के भाग लेने से केरल भाकपा खुश नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई बिशप और पादरियों सहित 60 प्रमुख ईसाइयों के लिए आयोजित बैठक की खबर आने के तुरंत बाद नवनियुक्त भाकपा राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री के लंच के बाद बिशपों को गोलवलकर के विचारों को पढ़ना चाहिए। 'आंतरिक खतरे' शीर्षक के तहत ईसाइयों पर अध्याय को दोबारा पढ़ें। इससे उन्हें पीएम लंच के पीछे छिपे राजनीतिक एजेंडे को समझने में मदद मिल सकती है। उनसे पूछें कि मणिपुर पर चुप्पी क्यों। विश्वम शायद यह भूल गए कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के 36-दिवसीय राज्यव्यापी दौरे के दौरान, जो सभी 140 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरने के बाद शनिवार रात को समाप्त हुआ, हर सुबह विजयन और उनके पूरे मंत्रिमंडल ने आमंत्रित अतिथियों के साथ नाश्ता किया जिसमें धार्मिक प्रमुख और पादरी शामिल थे।

### ऑनलाइन ऑर्डर की जाने वाली डिश बिरयानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑनलाइन फूड प्लेटफॉर्म ने सोमवार को कहा कि जोमैटो उपयोगकर्ताओं ने 2023 में सबसे ज्यादा बिरयानी ऑर्डर की। ऑर्डर के रुझान पर जोमैटो की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10.09 करोड़ से अधिक बिरयानी ऑर्डर दिए गए। जो दिल्ली में आठ कुतुब मीनारों को भरने के लिए पर्याप्त थे। वहीं स्विगी पर बिरयानी लगातार आठवें साल सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश रही। भारत में 2023 में प्रति सेकंड 2.5 बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। खाद्य वितरण मंच ने कहा कि हर 5.5 चिकन बिरयानी के साथ एक शाकाहारी बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। बिरयानी के प्रति प्रेम तब और बढ़ गया, जब 24.9 लाख उपयोगकर्ताओं ने स्विगी पर बिरयानी के लिए ऑर्डर के साथ शुरूआत की।

# नदियों की रानी केचकी के दामन पर नशाखोरी का दाग

## मनोरम पिकनिक स्पॉट को नशेड़ी कर रहे बदनाम • सड़क हादसों में इजाफा, जिला प्रशासन के हाथ-पांव फूले

ओमप्रकाश प्रजापति

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल का मशहूर केचकी पिकनिक स्पॉट पर नशेड़ियों के बढ़ते जमावड़े से बाहर से आने वाले सैलानियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नव वर्ष व बड़ा दिन पर पिकनिक स्पाट पर सैर-सपाटे के लिये आने वाले कतिपय अराजक तत्वों ने इसे असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना दिया है। इस स्थल को शराब पीने का अड्डा बना दिया है। इससे ग्रामीण नाराज हैं। कुछ ग्रामीणों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि प्रशासन यहां आने वाले सभी टू-व्हीलर व फोर-व्हीलर वाहनों की अच्छे से जांच करे तो आसानी



से भारी मात्रा में शराब पकड़ा जा सकता है। इससे पिकनिक के बहाने नशाखोरी के लिये आने वालों की संख्या भी कम हो जायेगी। परिणामस्वरूप लोग सपरिवार इस रमणिक स्थल पर छुट्टी के दिनों में पिकनिक का लुत्फ उठा सकेंगे।

### पूर्व में भी सामने आई हैं मारपीट की घटनायें

लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से केचकी पिकनिक स्पाट पर शराब के नशे में मारपीट की कई घटनायें सामने आ चुकी हैं। कुछ दिन पहले अभियंता की बर्थडे पार्टी में संवेदकों द्वारा आपसी विवाद में गोलीबारी भी की जा चुकी है। इसके साथ ही सड़क हादसों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

**खूबसूरत वादियां बुला रही हैं :** केचकी को नदियों की रानी कहा जाता है। यहां खूबसूरत वादियों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पिकनिक मनाने गया युवक डैम में डूबा, तलाश जारी

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर से सटे रानीताल डैम पर सोमवार को पिकनिक मनाने गये 45 वर्षीय धर्मेन्द्र कमलापुरी की नहाने के क्रम में डैम के पानी में डूबने से मौत हो गई। वे स्थानीय निवासी शिवनाथ साव के पुत्र थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे व सीओ संजय बाखला दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा शव की खोजबीन के लिए स्थानीय तैराकों को लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हुआ था। जानकारी के अनुसार अपने साथियों के साथ धर्मेंद्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## क्रिसमस डे कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लिया हिस्सा, बोले-

# सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है

## धर्म ग्रंथों के परम सत्य का समन्वय इस शताब्दी में भारत को नई ऊंचाइयां देगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बड़ा दिन के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में लंच बैठक का आयोजन किया। इसमें 60 बिशप, फादर व ईसाई समुदाय के प्रमुख लोगों ने भाग लिया। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संयोग की बात यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ 'परम सत्य' को जानने पर केंद्रित हैं। सभी ग्रंथों का यह समन्वय 21वीं सदी के आधुनिक भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। पीएम मोदी ने क्रिसमस डे कार्यक्रम में कहा, हम अपने जीवन में कई समान मूल्यों को देखते हैं जो हमें एकजुट करते हैं। जैसे पवित्र बाइबिल कहती है कि भगवान ने हमें जो कुछ भी दिया है, वह दूसरों की सेवा के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। यही 'सेवा परमो धर्म' है। इसमें कहा गया है कि केवल सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि पवित्र बाइबल में सत्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया है।

**ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा से भरा है :** उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने क्रिसमस पर्व की दी शुभकामनाएं



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्यवासियों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि प्रेम, सद्भाव, उत्साह और खुशियों का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए, यही कामना करता हूं।

### गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं ईसाई : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे समाज को दिशा देने और सेवा भावना में भूमिका के लिए ईसाई समुदाय की सराहना की और कहा कि देश इस बात को गर्व से स्वीकार करता है। क्रिसमस के मौके पर मोदी ने ईसाइयों के साथ अपने पुराने, घनिष्ठ और मधुर संबंधों को याद किया और कहा कि वे गरीबों और वंचितों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं।

# लातेहार में जेजेएमपी गिरोह के तीन सक्रिय सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

- लेवी वसूली के लिए जमा हुए थे सभी
- पप्पू लोहरा समेत अन्य भागने में रहे सफल



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के तीन सक्रिय सदस्यों को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार उग्रवादियों में सुरज कुमार उर्फ सर्वनाश जी पिता कमल लोहरा हिसरी कामता थाना चंदवा, अनिल लोहरा पिता राजेंद्र लोहरा कोने लातेहार, कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरुजी पिता स्व. राम संजीव सिंह नरेशगढ़ लातेहार शामिल हैं।

ज्ञात हो कि गिरफ्तार सूरज लोहरा पर चंदवा थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से पिस्टल, गोली समेत अन्य उपयोग में लाये जाने वाले सामान भी बरामद किये हैं। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि नरेशगढ़ निवासी जेजेएमपी समर्थक कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरुजी के घर में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा, सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू अपने दस्ते के साथ जिले में विकास कार्य करा रहे संवेदकों से लेवी वसूली और लेवी नहीं देने वालों के खिलाफ फौजी कार्रवाई की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा नरेशगढ़ स्थित कमलेश्वर सिंह के घर की घेराबंदी कर जब तलाशी ली गई तो वहां मौजूद सशत्र दस्ता के सूरज लोहरा उर्फ सर्वनाश जी, अनिल लोहरा व कमलेश्वर सिंह को धर दबोचा। पुलिस के आने की भनक लगते ही जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा अपने अन्य सहयोगियों के साथ भागने में सफल रहा। पुलिस ने पप्पू लोहरा समेत अन्य के विरुद्ध लातेहार थाना कांड सं 264/23के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने गिरफ्तार तीनो अपराधियों को जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, लातेहार पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, दिवाकर धोबी, सअनि कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, सैट वन लातेहार के उमापद महतो समेत सैट वन लातेहार सहायक महिला बल के जवान शामिल थे।

## गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज करेंगे सांसद

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मंगलवार व बुधवार को पाटन प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आगाज करेंगे। इस दौरान सांसद श्री राम द्वारा ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की पीएम नरेंद्र मोदी के विजन से रूबरू कराया जायेगा। साथ ही ग्रामीणों को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि 26 दिसंबर को ग्राम महुलिया व नावाखास तथा 27 दिसंबर को ग्राम पंचायत सूठा व लाइंगा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया है।

# सरकार ने निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप किया है काम : हेमंत



**रांची।** वीर शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति के जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहीद निर्मल महतो चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार ने शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप काम किया है। झारखंड के निमार्ता शिबू सोरेन के निरंतर आशीर्वाद से मैं निर्मल दा के सपनों को साकार कर पा रहा हूं। आने वाले 10 वर्षों में हर झारखंडी की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हो चुकी होगी। निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने में सफल हो चुके होंगे।कार्यक्रम में केन्द्रीय प्रवक्ता सह मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिन्टु, मुख्यमंत्री के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, सांसद डॉ महुआ माजी, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते : आरपीएफ ने तीन बच्चों का किया रेस्क्यू

### माता-पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से भाग गये थे मासूम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत आरपीएफ जवानों ने रविवार को माता-पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से भागे तीन बच्चों को रेस्क्यू किया। रेलवे पुलिस फोर्स गढ़वा रोड पोस्ट के निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि आरक्षी मिथिलेश कुमार रविवार को कैपिंग ड्यूटी में नगर-ऊंटारी जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर ट्रेन की एक बोगी में गुमसुम बैठे तीन बच्चों पर पड़ी। संदेहवश पुचकार उन्होंने जब बच्चों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि माता-पिता की डांट से क्षुब्ध होकर वे लोग घर से भागे हैं। उन्होंने अपना नाम-पता भी बताया। सभी बच्चों की उम्र जहां 11 से 13 वर्ष के मध्य है। वहीं वे सभी बेतला बरवाडीह जिला लातेहार के निवासी हैं। आरपीएफ द्वारा सभी बच्चों को समझाकर पोस्ट में लाया गया। जहां उन्हें अल्पाहार प्रदान कर पलामू के वात्सल्य धाम बालगृह पलामू के अधिकारी राकेश रंजन के सुपुर्द कर दिया गया। लोगों ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# भारत में मानव व्यापार का दंश और झारखंड



सुनील बादल

**भारत** विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया को चौंका चुका है और खनिल तथा प्राकृत्रिक सौंदर्य के मामले में सबसे समृद्ध राज्यों में अग्रणी झारखंड भी तेजी से आगे बढ़ रहा है । यह अलग बात है कि इसकी गति क्षमता से बहुत कम है। दूसरी तरह देश के साथ झारखंड भी सतरंगी मोर के समान अपने पैरों को जब देखता ही तब उसे एहसास होता कि आर्थिक खाई अभी भी बहुत बड़ी है और योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसियों के भ्रष्टाचार के कारण गरीबों का सदियों से चल रहा पलायन और मानव तस्करी अभी जारी है । फ्रांस ने अधिकतर भारतीय मूल के लोगों सहित 300 से ज्यादा यात्रियों से भरे विमान को मानव तस्करी के आरोप में तीन दिनों बाद कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार को छोड़ा । अपनी मेहनत और ईमानदारी के कारण जानेजाने वाले झारखंड में पिछले पांच साल 2017 से लेकर 2022 के अंत तक मानव तस्करी के कुल 656 केस दर्ज किये गये जिसमें 1574 लोग मानव तस्करी के शिकार हुए जबकि 18 वर्ष से कम उम्र के मानव तस्करी के शिकार की संख्या 332 और 18 वर्ष या उससे अधिक की संख्या 216 थी। जबकि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की संख्या 717 और 18 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों की संख्या 309 थी। झारखंड पुलिस ने 197 महिलाएं और 586 पुरुष सहित कुल 783 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया था । गत वर्ष सबसे अधिक मामले गुमला, सिमडेगा, खूंटी, साहिबगंज और रांची में दर्ज किये गये थे । सबसे अधिक 212 लोग सिमडेगा से मानव तस्करी के शिकार हुए। मानव तस्करी की



शिकार सिमडेगा की 16 वर्षीय किशोरी की मौत दो जून को दिल्ली में हो गयी जो राजौरी गार्डन में एक परिवार के यहां घरेलू नौकरानी के रूप में काम करती थी। उसकी हत्या हुई या या उसने आत्महत्या की थी यह अभी स्पष्ट नहीं है। झारखंड में समस्या से मुक्ति के लिए तमिलनाडु मैनुअल वर्क्स रेगुलेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एंड कंडीशन ऑफ वर्क्स एक्ट 1982 जैसा कानून बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मानव तस्करी की समीक्षा के बाद सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने इससे संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था। राज्य में मानव तस्करी रोकने के लिए प्रवासी मजदूरों के पंचायत स्तर पर निबंधन का मॉडल तैयार किया जाएगा। निबंधित प्रवासी मजदूरों का पूरा डाटा बेस में गांव वार डाटा होगा कि किस परिवार के कितने सदस्य बाहर नौकरी करते हैं। जिन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। ऐप भी विकसित किया जाएगा। जो प्रवासी मजदूर पंचायत के स्तर पर निबंधित होंगे, उन्हें निबंधन के बाद प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। टीआरआई की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार झारखंड से ज्यादातर बच्चियों को दिल्ली, हरियाणा व पंजाब के अलावा बंगाल, ओडिशा, बिहार और असम भी भेजा जाता है। हरियाणा,राजस्थान और पंजाब जैसे राज्य में ये जबरन शादी के लिए बेची ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड में ठंड से थोड़ी राहत, मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा

### फिलहाल झारखंड में न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच



**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि अगले तीन-चार दिन पश्चिमोत्तर और आसपास के मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा रहने की आशंका है, जबकि तटीय तमिलनाडु में 30 दिसंबर से एक जनवरी तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं झारखंड में ठंढ से थोड़ी राहत मिलती दिख रही है। यहां न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ दिन पहले झारखंड के अधिकतर जिलों में न्यूनतम तापमान जहां आठ से नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा था वह अब 11 से 12 के बीच पहुंच गया है। झारखंड के राजधानी सहित कुछ जिलों हल्का बादल छाये रहने का भी अनुमान है। आईएमडी ने आगे कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6-10 डिग्री सेल्सियस और राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में और झारखण्ड के कुछ भाग में 11-12 डिग्री सेल्सियस के बीच है। अपने बुलेटिन में, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### दुर्गा मंदिर के पुजारी का ब्रह्मभोज सह भण्डारा 28 को

**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के मुख्य पुजारी स्वर्गीय पण्डित श्याम सुन्दर वैद्य का ब्रह्मभोज सह भण्डारा का आयोजन 28 दिसम्बर दिन गुरुवार को उनके आवास लोकल बस स्टैण्ड के समीप दोपहर एक बजे से प्रारम्भ होगा। इस भण्डारे में लगभग 10 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था की गयी है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस भंडारा में सपरिवार शामिल होने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक सांस्कृतिक समिति के व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, जेपी गुप्ता, अजय स्वर्णकार, पुरूषोत्तम जायसवाल उर्फ पिंटू, सनी गुप्ता, दिलीप स्वर्णकार, चंदन जायसवाल, निरंजन प्रासाद सहित नगरवासी प्रयासरत हैं।

### शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी

**हरिहरगंज।** स्थानीय आजसू कार्यालय में सोमवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के शुरूआत में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड के चौमुखी विकास का सपना देखा था। उसे साकार करना हम सभी का दायित्व है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, कलीम शाह, नगर सचिव इस्तेखार आलम, दीपक स्वर्णकार, सोनू साह, रामलखन बैठा, श्याम बिहारी प्रसाद, रामनंदन मेहता, साहू जी, संजय प्रसाद आदि मौजूद थे।.

### कालेज के संस्थापक की मनी पुण्यतिथि



**छतरपुर।** स्थानीय गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर एवं डिग्री कॉलेज में संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई गई। अध्यक्ष डा. एनसी अग्रवाल, सचिव डा. अमित अग्रवाल, पूर्व सांसद मनोज कुमार, इंटर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य स्वास्ति कुमारी, डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से उनके फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वक्ताओं ने कहा कि सुदूरवर्ती जिस जमीन पर कभी नक्सलियों का कब्जा हुआ करता था। उसी जमीन पर स्व. अग्रवाल द्वारा वर्ष 2008 में महाविद्यालय की स्थापना की गयी। जिसमें आज हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सचिव ने कहा कि हमें मिलकर उनके सपनों को साकार करना है। इस दौरान असहाय एवं गरीब लोगों के बीच 150 कंबल का वितरण किया गया।

## सुशासन दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम अटल बिहारी की 100वीं जयंती

# अलग झारखंड राज्य पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की देन

**वाजपेयी जी ने अपने समय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत की: संसद**

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन**



समारोह को संबोधित करते सांसद



जयंती समारोह को संबोधित करतीं विधायक




पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते भाजपाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने की। कार्यक्रम में भाजपाईयो ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को उनके बताए मार्ग पर चलने की नसीहत दी। इसी क्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों में भी भाजपाईयों ने जयंती मनायी। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता जानू चौधरी, मीडिया संयोजक संजीव सिंह, विजय यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा, उपाध्यक्ष सिकेन्द्र पासवान, कोषाध्यक्ष भीमसेन शर्मा, किसान मोर्चा महामंत्री ओम सिंह, कन्हाई विश्वकर्मा, सनोज गुप्ता, करण राजवीर, मीडिया संयोजक अमित कुमार, तुषार गुप्ता, मुखिया उमेश साव, कृष्णा प्रसाद, जितेंद्र कुमार, ललन यादव, गोपाल मेहता, रघुनंदन मेहता, ओम सिंह, ओम सिंह मौजूद थे।

**सतबरवा।** खामडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, दुर्गा जोहरी, सतबरवा प्रतिनिधि मनीष कुमार, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, विकास तिवारी , आशीष कुमार सिन्हा, अजय सोनी, बैजनाथ प्रसाद आर्य, सतीश सिंह चेरो, प्रीति गुप्ता आदि ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पलामू सांसद ने कहा कि अटल जी एक सिद्ध पुरुष व महान नेता थे। वह हमेशा गरीबों की भलाई के बारे में सोचते थे। उन्होंने अपने समय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत की। जिससे आज गांव-गांव तक सड़क पहुंच रही है। सर्व शिक्षा अभियान उन्हीं का दिया हुआ है। उन्हीं के मार्गदर्शन व सिद्धांतों पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय पाठक व संचालन आशीष कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर निवास ठाकुर, बबलू कुमार, गुड्डू सिंह, महेश्वर सिंह मौजूद थे।

**पाटन।** भाजपा कार्यालय कुड़वा मोड पर सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण व केक काटकर उनकी 100वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का संचालन मंडल मंत्री आनंद सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुये छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि आज देश भर में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई जा रही है। वे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य और उनकी यादें हम सभी के साथ सदेव बनी रहेंगी। अटल जी की ही देन है कि आज झारखंड को अलग राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ है। मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ने कहा कि परमाणु परीक्षण कर अटल जी ने विश्व में भारत की धाक जमाई थी। मौके पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य वशिष्ठ पांडे, श्याम देव सिंह, धीरेंद्र सिंह, अर्जुन तिवारी, पशुपति शर्मा, गुड्डू सिंह, शांति पांडे, उमाशंकर सिंह,जितेंद्र सोनी, गोपाल पासवान, रामनाथ साव, बृजबिहारी सिंह उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की मनी जयंती

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग के निकट पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान एक संगोष्ठी का आयोजन कर लोगों को जन सेवा और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उन्हें महामानव बताया। उन्होंने स्व. अटल बिहारी को अजय राजनेता बताते हुये कहा कि अटल जी का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है। उन्होंने हमेशा हिंदी और राष्ट्र की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष उदय नाथ विश्वकर्मा, बद्रीनारायण सिंह, रामराज मेहता, सुबोध कश्यप, लल्लू साव मौजूद थे।

### युवा संगोष्ठी सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

**पांकी।** प्रखंड के राहेवीर पहाड़ी के समीप पीडीएनयू फाउंडेशन के द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर युवा संगोष्ठी सह वनभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कार्यक्रम की शरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा की। एक ओर जहां उन्होंने परमाणु परीक्षण एवं कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास कराया तो दूसरी ओर देश मे सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ भी किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अक्षय कुमार व संचालन राकेश गुप्ता ने किया। मौके पर, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, साधु मांझी, लौरिक सिंह, संतु सिंह,उपेंद्र गुप्ता, निरंजन कुमार सिंह, कुंदन सिंह उपस्थित थे।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनी क्रिसमस




क्रिसमस गैंदरिंग में शामिल बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में क्रिसमस समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस समारोह में यीशु मसीह के आगमन का मंचन किया गया। साथ ही बच्चों के नृत्य ने सब का मन मोह लिया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थी शामिल थे। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य मनुज शर्मा ने कहा कि यह त्यौहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इससे हमें दूसरों की सहायता करने की सीख मिलती है। कुमारी नैंसी कक्षा पाँचवी के द्वारा मंच संचालन की जिम्मेदारी निभाई गई। इस दौरान सेंटा क्लोज द्वारा उपहार दिये जाने से बच्चे उत्साहित हुये। गतिविधि प्रभारी रंजना के साथ दीपक महतो, श्वेता लिनाए, अनुप्रिया तथा अमृता ने आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांता क्लॉज द्वारा उपहार मिलते ही वातावरण हैप्पी क्रिसमस के शोर से गुंजायमान हो उठा। मिठाई व केक खाकर बच्चों ने एक -दूसरे को पर्व की बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि दुनिया में शांति के लिए हम सभी को प्रभु ईशु के बताये मार्ग का अनुसरण करना होगा। उन्होंने कहा था कि जो तुम्हारा अहित करे उसे भी क्षमा कर दो।

### एक माह में 21 पुरूषों का किया गया नसबंदी

**मेदिनीनगर।** पलामू स्वास्थ्य विभाग ने पुरूष नसबंदी को लेकर जिले में 15 नवंबर से 20 दिसंबर तक जिले में पखवाड़ा चलाया। पखवाड़ा में विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 21 पुरूष नसबंदी किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम दीपक कुमार ने कहा पुरूष नसबंदी को लेकर आज भी समाज में कई तरह की भ्रांतियां हैं। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष 2023-24 में जिले में 600 पुरूष नसबंदी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के स्थायी विधि में पुरूष नसबंदी काफी सरल और सहज है। महिलाओं को बंध्याकरण कराने पर स्वस्थ्य होने पर दो से तीन सप्ताह का समय लग जाता है।

**छतरपुर व हरिनगर में उत्सव का माहौल, लोग उत्साहित**

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण पत्र वितरण जोरों पर




पूजित अक्षत -कलश के साथ विहिप के पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर व हरिनगर में अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जोरों पर है। सोमवार को प्रखंड में नियुक्त पदाधिकारियों द्वारा पूजित अक्षत व कलश विभिन्न पंचायतों के विहिप समितियों को सौंपा गया। 31 दिसंबर तक पूजित अक्षत व कलश पंचायतों के विभिन्न मंदिरों में रखा जायेगा। हरि नगर में जिला प्रतिनिधि के रूप में मौजूद साप्ताहिक मिलन प्रमुख अभिराज गुप्ता व छतरपुर में बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सोनू सिंह व मोनू गुप्ता ने बताया कि श्रीराम मंदिर की बहुप्रतीक्षित अभिलाषा पूर्ण होने से नागरिकों में उत्साह की लहर व्याप्त है। इस मौके पर संतोष सिंह, विरेंद्र जी, राजेश मेहता, विवेक दुबे, प्रखंड अध्यक्ष पप्पू सिंह, प्रखंड बजरंग दल संयोजक बिट्टू जान, सुडू विश्वकर्मा मौजूद थे।

**भुक्तभोगी दिव्यांग ने थाने में की शिकायत, गांव के ही युवक पर लगाया आरोप**

## खलिहान में रखे 300 बोझा पुआल में लगी आग



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुआ टोला के मधेकचहरी गांव निवासी दिव्यांग सुरेंद्र पासवान के खलिहान में रखे 300 बोझा धान के पुआल में रविवार की रात गांव के ही युवक के द्वारा आग लगा दी गयी। अगलगी में भुक्तभोगी के लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है। इस मामले में सुरेंद्र पासवान ने अपने गांव के ही लवकुश कुमार रजवार पर आरोप लगाया है । भुक्तभोगी ने हुसैनाबाद थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। भुक्तभोगी ने आवेदन में इससे पूर्व में भी धान चोरी करने एवं ग्रामीणों के समक्ष उक्त व्यक्ति द्वारा स्वीकार करने की बात कही है। पीड़ित ने बदले की भावना से खलिहान में आग लगाने का आरोप लगाया है। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

**कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर**

## पतरिया ने किया उलटफेर, मझौली को किया बाहर



दोनों टीमों के खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इन दिनों सभी टीमें जद्दोजहद करती नजर आ रही हैं। इसी क्रम में सोमवार का मैच पतरिया बनाम मंझौली के बीच खेला गया। मझौली के लिए यह मैच करो या मरो की थी। यह मैच हारने का मतलब मंझौली का इस प्रतियोगिता में सफर समाप्त हो जाना था। अंततः हुआ भी यही। पतरिया के खिलाड़ियों के खेल के सामने मझौली संघर्ष करती नजर आयी और पतरिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए टूनामेंट की सबसे मजबूत टीम मानी जा रही मंझौली को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले पूर्व फुटबॉलर जय प्रकाश, समाजसेवी चंचल सिंह, गणेश प्रजापति और अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अजय सिंह, एसएम अकरम, प्रेमचंद चौधरी, विन्ध्याचल सिंह, नीरज कुमार, संतन सिंह, बनारसी मेहता व प्रह्लाद ठाकुर सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे। प्रतियोगिता में 26 दिसंबर का मैच सड़ेया बनाम काजीनगर के बीच खेला जाएगा।

### मजदूर किसान महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर




शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना होते छात्र-छात्रा

**पांकी।** युवा एवं खेलकूद मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय (निदेशालय पटना) एवं नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के तत्वावधान में सोमवार को मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक - सेविकायें शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम की अध्यक्षता में शैक्षणिक भ्रमण के लिए भद्रकाली मंदिर चतरा एवं देवघर बाबा नगरी जायेंगे। महाविद्यालय के सचिव डॉक्टर बिंदेश्वर सिंह एवं अध्यक्ष सांसद चतरा लोकसभा सुनील कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामना संदेश दिया है। प्राचार्य ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण नितांत आवश्यक है। इसलिए महाविद्यालय से प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं को अलग-अलग स्थानों पर भेजा जाता है। इस महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकेत्तर कर्मियों ने छात्र हित में इसे एक अच्छी पहल बताया है। भ्रमण दल के साथ महाविधालय के प्राचार्य डा॓. दिलीप कुमार राम, आदेश पाल राजेश महतो, उपेंद्र कुमार साव, राजेंद्र सिंह, ललन कुमार भी गये हैं।

### वेतनमान के लिए सहायक अध्यापक 28 से घेरेंगे सीएम आवास



बैठक करते सहायक अध्यापक

**मेदिनीनगर।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य ईकाई के आह्वान पर सोमवार को मध्य विद्यालय सूदना में सहायक अध्यापकों की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश इकाई के नेतृत्वकर्ता प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू), विनोद तिवारी एवं ऋषिकांत तिवारी उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि 20 वर्षों से काम कर रहे 62 हजार सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने के मुद्दे पर सीएम हेमंत सोरेन की वादाखिलाफी के विरोध में राज्य के सहायक अध्यापक आक्रोशित हैं। इस बार वेतनमान सहित विभिन्न समस्याओं के निदान होने तक संघर्ष जारी रहेगा। सरकार तय करे कि अगली बार विधानसभा चुनाव में सहायक अध्यापकों का साथ चाहिये या आक्रोश देखना है। जिलाध्यक्ष मनोज ने सभी प्रखंड कमेटियों को मुख्यमंत्री आवास घेराव की तैयारी करने, सहयोग राशि प्राप्त करने एवं 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास के अनिश्चितकालीन घेराव के लिए पलामू से 5 हजार सहायक शिक्षकों को कूच करने के लिए रोडमैप बनाने का आह्वान किया। बैठक में विनोद मिश्रा, सत्यनायण सिंह, उपेंद्र पाठक, नीरज सिंह, सुनील यादव, विजय यादव, ललन साहू, अभिषेक शर्मा, हरेंद्र सिंह, इंदू देवी, राकेश सिंह सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक शामिल हुए।

**मामला तरहसी प्रखंड के टरिया गांव का, ग्रामीणों ने जताया रोष**

# नाली निर्माण में जेसीबी का इस्तेमाल, रोका गया कार्य

**नाली निर्माण की प्राक्किलत राशि दो लाख है और करीब 200 फीट नाली का निर्माण किया जाना है**

**वार्ड सदस्य ने कहा कि जल्दबाजी में कार्य कराने के लिए जेसीबी का इस्तेमाल गड्ढे खोदने के लिए किया गया**



नाली निर्माण में लेगे मजदूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के तरहसी प्रखंड के टरिया गांव में 15वीं वित्त मद से नाली निर्माण योजना में जेसीबी का इस्तेमाल करने और बांग्ला ईट का उपयोग करने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने पर पंचायत सचिव ममता कुमारी ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। मुखिया दीपक पासवान ने जेसीबी इस्तेमाल होने पर भुगतान रोकने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि नाली का निर्माण विपक्षी दल के एक नेता व सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा कराया जा रहा था। नाली निर्माण की प्राक्किलत राशि दो लाख है और करीब 200 फीट नाली का निर्माण किया जाना है। सोमवार को जब मौके पर जाकर देखा गया तो वहां निर्माण कार्य काफी घटिया पाया गया। 12-1 के मसाले से जोड़ाई कार्य चल रहा था और बांग्ला ईट का उपयोग किया जा रहा था। नाली निर्माण के लिए मजदूरों की जगह जेसीबी से गड्ढा खोदने की जानकारी दी गई। मामले में 15वीं वित्त के जूनियर इंजीनियर प्रदीप कुमार ने कहा कि नाली निर्माण में बांग्ला ईट और जेसीबी का इस्तेमाल नहीं करना है। मामला प्रकाश में आया है जांच कर निर्माण कार्य बंद कर दिया जाएगा। मुखिया दीपक पासवान ने जेसीबी का इस्तेमाल होने और बांग्ला ईट लगाने पर भुगतान रोकने की बात कही। इलाके के वार्ड सदस्य ने कहा कि जल्दबाजी में कार्य कराने के लिए जेसीबी का इस्तेमाल गड्ढे खोदने के लिए किया गया। वार्ड सदस्य ने कहा कि इलाके के मजदूर पलायन कर रहे हैं और निर्माण कार्यों में जेसीबी का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह बड़ा ही दुखद है। मामले में संवेदक अनिल सिंह ने कहा कि बांग्ला और चिमनी ईट में ज्यादा अंतर नहीं होता है। ईंट की गुणवत्ता देखनी है तो उसे 24 घंटे तक पानी में डालकर रखा जाए, तब उसकी गुणवत्ता समझ में आती है। प्रयोग किया जा रहा ईट गुणवत्तापूर्ण है। नाली निर्माण के दौरान खुदाई के समय पेड़ का जड़ निकल गया था। उसे हटाने के लिए जेसीबी का इस्तेमाल किया गया है।

## एक नजर

### विधायक प्रतिनिधि को मातृशोक

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रतिनिधि राजन पांडेय की मां शांता पांडेय का देहावसना हो गया है। उनका श्राद्धकर्म व ब्रह्मभोज 31 दिसंबर को उनके पैतृक निवास स्थान विश्रामपुर में किया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि के माता के निधन की खबर सुनकर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये उन्हें सांत्वना दी है। विदित हो कि राजन पांडेय के पिता अचितानंद पांडेय विश्रामपुर राज परिवार के राजपुरोहित हैं।

### अधिवक्ता संतोष के पिता की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** असंतुलित होकर गिर जाने के कारण अधिवक्ता व लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष पांडेय के पिता छठु पांडेय की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंभीर अवस्था में उनका शहर के एचएच हास्पिटल में उपचार किया जा रहा है। इससे पूर्व उन्हें सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया था, किंतु स्थिति में सुधार न होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिवक्ताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय छतरपुर में भारत रत्न अटर बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मनोज कुमार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री ने उन्हें शत-शत नमन किया। कार्यक्रम मे उपस्थित मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रसाद शर्मा, पूर्व मुखिया शंभू यादव, अशोक मिश्रा, अवधेश, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा, राजेश्वर यादव, चंदन यादव, संतोष यादव, भारत साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, अशोक सिंह, संतोष गुप्ता, बैजनाथ सिंह, अरुण चंद्रवंशी, रामकृत प्रजापति उपस्थित रहे।

### यूटीआई के मुख्य प्रतिनिधि के निधन से शोक


शव यात्रा में शामिल लोग

**मेदिनीनगर।** यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि व सार्वजनिक दुर्गा मंडप के सचिव आशीष कुमार सिन्हा का लंबी बीमारी के उपरांत रविवार को स्थानीय सदर अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके भांजा सह भाजपा प्रदश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने बताया कि साढ़े छह दशक से मेदिनीनगर में रह रहे श्री सिन्हा ने वित्तीय मामलों के साथ सार्वजनिक गतिविधियों में भी मिशाल कायम किया था। सेवाभाव उनमें कूटकूट कर भरी थी। अंतिम समय तक उन्होंने परंपराओं का बखूबी निर्वहन किया। कोयल नदी तट स्थित राजा हरिश्चंद्र घाट पर उनके बड़े पुत्र डिबेश श्रीवास्तव ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके अंतिम यात्रा में उनके पुत्र मनीष कुमार, पीयूष श्रीवास्तव के साथ अरुणजय श्रीवास्तव, अरूणेश वर्मा, डा. एनसी अग्रवाल, अजय वर्मा, प्रेम सिंह नामधारी, परमजीत सिंह नामधारी, हरविंदर पाल सिंह, पारसनाथ सिंह, अमित पांडेय, ललित पांडेय, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पण कर उनकी कृतियों को याद किया गया**

**चैनपुर।** स्थानीय बाजार प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के नेता सह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पण कर उनकी कृतियों को याद किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने की। मौके पर कार्यक्रम के मंडल प्रभारी सह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज दास, मंडल उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, सांसद जिला समन्वयक आनंद सिंह, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, केदार राम पासी, धर्मदेव सिंह, दीपक गुप्ता, दिनेश कश्यप, लालमणि पासी, किसान मोर्चा महामंत्री घनश्याम प्रसाद, अमित सोनी, अमन मालाकार, प्रीतम कुमार,अंकित कुमार व देवेंद्र प्रसाद समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता

### खाद्य सामग्रियों व सुविधाओं का लिया जायजा

# उपायुक्त ने की केंद्रीय कारा पलामू में छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के नेतृत्व में सोमवार को मेदिनीनगर केंद्रीय कारागार में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, लेस्लीगंज के बीडीओ-सीओ, सदर सीओ, कार्यपालक दंडाधिकारी सेवाराम साहू, रश्मि रंजन, चंद्रशेखर कुणाल,शहर थाना प्रभारी, चैनपुर, सदर व लेस्लीगंज थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे। करीब तीन घण्टे से अधिक चली इस छापेमारी अभियान में केंद्रीय कारा के सभी वार्डो,सभी सेलों,कैंटीन समेत अन्य एरिया का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने कैदियों को दी जाने वाली विभिन्न खाद्य सामग्रियों व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया और जेल के अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिये।




### प्रभु यीशु के संदेशों को करें आत्मसात, बिशप थियोडोर ने लोगों को दी शुभकामनायें

# क्रिसमस के मौके पर पलामू के चर्च गुलजार, उमड़ी मसीही समुदाय की भीड़



चर्च में सजी झांकी


प्रार्थना करतीं युवतियां

**इससे पूर्व रविवार को सभी चर्चों में पुण्य रात का पवित्र जागरण अनुष्ठान किया गया**

**मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु के जन्म पर्व पर कई गीत प्रस्तुत किये**

#### मेदिनीनगर के यूनियन व सीएनआइ चर्च में विशेष आराधना

इस दौरान रेड़मा स्थित सीएनआइ चर्च एवं स्टेशन रोड स्थित यूनियन चर्च में विशेष पूजा अनुष्ठान एवं आराधना की गयी। सोमवार सुबह 7.30 बजे से सीएनआई चर्च में पादरी संजीत खलको की देखरेख में मिस्सा पूजा अनुष्ठान किया गया। मौके पर प्रचारक सुनील तिर्की, निर्मला कच्छप, हीरामनी तिर्की, अनिल बाखला,हर्षलता कच्छप, राजश्री, पुष्पा नाग, निर्मला कच्छप, अनुकरण तिर्की, निदान गिद्ध, कल्पना तिग्गा मौजूद थे। यूनियन चर्च में सुबह नौ बजे से पादरी प्रभु रंजन मसीह की देखरेख में मिस्सा पूजा अनुष्ठान व चर्च आराधना शुरू हुई। मौके पर बालेश्वर कुजूर, डा.नीलम होरो, अनुराग, अर्पण टोप्पो, अर्चना कुजूर, विल्सन, उत्तम, रौशनी कुजूर मौजूद रहीं। चर्च परिसर में चरनी दर्शन के लिए शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्रिसमस का त्योहार पलामू में सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मसीही विश्वासियों ने पूरे उत्साह के साथ एक-दूसरे को इस पर्व की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर गिरजाघरों और चर्च परिसर में चरनी को आकर्षक ढंग से सजाया गया। गिरिजाघरों में विशेष पूजा अनुष्ठान व आराधना की गयी। इससे पूर्व रविवार को सभी चर्चों में पुण्य रात का पवित्र जागरण अनुष्ठान किया गया। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित रोमन कैथोलिक चर्च में बिशप थियोडोर मसकरेनहस की देखरेख में रात्रि जागरण, आराधना एवं पूजा-अनुष्ठान संपन्न हुआ। उन्होंने विधिवत मिस्सा पूजा अनुष्ठान एवं आराधना संपन्न कराया। रात 10 बजे के बाद जागरण शुरू हुआ। मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु के जन्म पर्व पर कई गीत प्रस्तुत किये। मुख्य अनुष्ठाता बिशप के अलावा विशेष चर्च आराधना में शामिल पुरोहितों एवं मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु का चुंबन आशीष कर सुखमय जीवन की कामना की। बिशप ने परमेश्वर के दूत यीशु के आगमन के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि प्रभु यीशु दुनिया भर के पापियों को पाप से मुक्ति दिलाने एवं मानव जाति के उद्धार के लिए संसार में आये। उन्होंने दुनिया वालों को शांति,प्रेम एवं भाईचारा का संदेश दिया। यीशु के इन संदेशों को सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर फादर माइकल कुजूर, प्रदीप बाखला, सुशील लकड़ा, अमरदीप केरकेट्टा, मार्टिन, संतोष मिंज, पाकियम, श्याम टुड्डू, विनोद, अनीस हांसदा, सेवेस्तियन आदि मौजूद थे। सोमवार की सुबह 8 बजे से मुख्य अनुष्ठाता फादर माइकल कुजूर की देखरेख में अनुष्ठान संपन्न हुआ। पल्ली पुरोहित मॉरिस कुजूर, अमरदीप केरकेट्टा ने क्रिसमस का संदेश देते हुए लोगों को पर्व की शुभकामना दी। चर्च परिसर में सजाए गए चरनी का दर्शन करने एवं माता मरियम की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करने के लिए युवक-युवतियों की भीड़ लगी रही।

#### क्रिसमस का अर्थ मानव मुक्ति व समानता है : उदय

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में सोमवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। उन्होंने सभी को क्रिसमस की शुभाकामना देते हुये कहा कि क्रिसमस का अर्थ मानव मुक्ति और समानता है। ईसा मसीह ने इस संसार को अंधेरे से उजाले के रूप में परिवर्तित किया। उन्होंने सेंटा के दूत के रूप में मानव जीवन के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। इस अवसर पर प्रवीण टोप्पो, मनीष लकड़ा, मनोज सिंह,नन्हक सिंह,विजय किसपोट्टा, रामप्रीत टोप्पो,रामयाद उरांव, मानेश उरांव, ऊषा करकेट्टा, अनिल राम, विजय राम, प्रवीण कुमार,विशाल कुमार, राजाराम व शिवनारायण शाह उपस्थित थे।


क्रिसमस मनाते लोग

# जिला पार्षद ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**पहले बल्लेबाजी करते हुये चीरू की साउथ इंडियन टीम ने 16 ओवर में 168 रन बनाय**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के चीरू पंचायत के फार्म खेल मैदान में चीरू सुपर किंग के तत्वावधान में 17 वर्षों से होते आ रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने टॉस कराने के उपरांत बैटिंग कर किया। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी प्रमोद यादव,अरुण साव,मनोज साह, डा. दिलीप सिंह,डा. बीके यादव,डा. विरेंद्र यादव, डा. मनीष यादव,शंकर साह, बालेश्वर साव, आमोद शर्मा, मुखनारायन सिंह, नरेश सिंह के साथ सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित किया। जिला पार्षद ने कहा कि राष्ट्र के धरोहर जहां युवा हैं। वहीं वन पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। उद्घाटन मैच में नौडीहा की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये चीरू की साउथ इंडियन टीम ने 16 ओवर में 168 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नौडीहा की टीम 161 रन ही बना सकी। कमेंट्री का दायित्व रामजीत सिंह एवं सचिन पांडेय ने किया। जबकि अंपायर की भूमिका संतोष यादव एव राहुल कुमार ने निभाई। स्कोर का दायित्व अरुण सिंह और मंजीत कुमार ने निभाया। मौके पर चीरू सुपर किंग के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, सचिव महेंद्र रजक, कोषाध्यक्ष नवीन पासवान, बसंत विश्वकर्मा, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, बलदेव शाह, डॉ. मोइनुद्दीन अंसारी, आमोद शर्मा, रामसनेही भुइयां, राजीव रंजन, बंशीधर सिंह, मरांडी सिंह, महेंद्र रजक, आशीष कुमार, मंजीत कुमार, राजेंद्र कुमार, बबलू, सचिन आदि मौजूद थे।


पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते पर्यावरणविद्

### विद्यालय का रेल कोच की तरह रंग-रोगन, नाम मिला शिक्षा की ट्रेन

# गम्हरिया विद्यालय पहुंची एजुकेशन एक्सप्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने व विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जुड़ाव के लिए शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रबंधन के द्वारा नये प्रारूप के तहत रंगरोगन कर एजुकेशन एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया है। इसका आरंभ हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया से किया गया है। यहां पर स्कूल की दीवार पर रेल के डिब्बों के जैसा रंगरोगन व रेलवे स्टेशन जैसी आकृति बनाया गया है। इन दिनों यह क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विद्यार्थी बड़े ही उत्सुकता के साथ विद्यालय आ रहे हैं। इसे शिक्षा की ट्रेन का नाम दिया गया है। अध्यापकों ने बताया कि एजुकेशन एक्सप्रेस पर बैठकर बच्चे शिक्षा की नई इबारत लिखेंगे। विद्यालय को दूर से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। एजुकेशन एक्सप्रेस का विधिवत उद्घाटन बीईईओ राम नरेश राम,वरीय शिक्षक निर्मल कुमार, जुबैर अंसारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी, सहायक अध्यापक पप्पू पटेल आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीईईओ ने कहा कि इस तरह के प्रयोग से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। ताकि स्कूलों में बच्चों की संख्या में इजाफा हो सके।


शुभारंभ करते प्रतिनिधि व अधिकारी

# विज्ञान ही देश को शिखर पर ले जायेगा: गिरिनाथ सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** उमेश सिंह एजूकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह व गढ़वा डीसी राजेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह व नयनतारा सिंह ने की। पूर्व मंत्री ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के जरिये बच्चे वैज्ञानिक अविष्कारों को नजदीक से समझते हैं। इस नये दौर में विज्ञान के माध्यम से ही देश को विश्व में शिखर पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के पहल की सराहना की। डीसी राजेश कुमार राय ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के बीच एक स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है। इसी प्रतिस्पर्धा के चलते बच्चे कई बेहतर अविष्कार को प्रदर्शित कर पाये। किसी भी प्रतियोगिता को जीतने के लिये स्वच्छ प्रतिस्पर्धा जरूरी है। स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने स्कूल के 21 वर्षो की विकास यात्रा लोगो के बीच रखी। बाल मेला में बच्चों ने अपने हाथों से बनाये खिलौने,पकवान व चाइनीज फूड का आकर्षक व बेहतरीन स्टॉल लगाया। विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका में डा. मुजाहिद,डा. महालक्ष्मी सिंह,प्राचार्य मनीष पांडेय व विज्ञान शिक्षक अजीत तिवारी मौजूद थे। मौके पर डा. डीपी शुक्ला,एसटीडी कॉलेज के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा,शिक्षाविद अरुण सिंह,धीरेंद्र पांडेय,आनंद कुमार सिंह,नीलम सिंह,प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक शैलेश चौबे,गीता पांडेय, विकासदीप चौबे, सुरेंद्र शर्मा, नंदन ठाकुर, पीयूष पांडेय,आभा चौबे,नूतन दुबे,मधु चौबे,प्रतिभा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, चंचल दीक्षित,अंजली कुमारी मौजूद थीं।

### नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने किया सहभोज का आयोजन

# सामाजिक कार्यों को विस्तृत करने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्य सम्मान समारोह सह सहभोज का भव्य आयोजन परशुराम मंदिर प्रांगण में किया गया। सोमवार दोपहर एक बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम सांय सात बजे तक चला। जिसमें भारी संख्या में विप्र समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। लिट्टी-चोखा का आनंद लेने से पूर्व सभी सदस्यों एवं आगंतुकों का सम्मान अंगवस्त्र भेंट कर समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर आगामी वर्ष में इसको और विस्तृत तथा व्यापक रूप देने का संकल्प लिया गया। सभी सदस्यों ने मिलजुलकर लिट्टी-चोखा का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी अकेला,मुकेश तिवारी,परमेस तिवारी, बसंत तिवारी,रुचिर तिवारी, प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रमंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण,अरविंद पांडे, प्रमंडल संयोजक संजीत पांडे, जिला संरक्षक मणि तिवारी, अप्पू तिवारी,जिला कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, जिला महामंत्री चंदन शुक्ला, जिला मंत्री सुभाष दुबे, जिला उपाध्यक्ष मनीष पांडे, जिला उपाध्यक्ष बिटु पांडे, जिला शिक्षा सलाहकार धमार्चार्य रमेश पांडे, जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


उत्सव में शामिल परशुराम सेना के पदाधिकारी

### चैनपुर के नेउरा में अंजुमन का ऐलान

# दहेज लिया तो निकाह नहीं पढ़ायेंगे इमाम


फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेउरा के अंजुमन एस्लाहुल मुसलेमिन कमेटी ने फरमान जारी कर समाज में शादी-विवाह में दहेज लेने व डीजे बजाने तथा नाच-गान पर पूर्ण पाबन्दी का ऐलान किया है। कहा है दहेज मांगने का मामला उजागर होगा तो सबंधित परिवार में कोई भी इमाम निकाह नहीं पढ़ायेंगे। इस बाबत जनरल अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमिन कमेटी नेउरा के सदर ने बताया है कि कमेटी की हुई बैठक में समाज में तिलक, दहेज व शादी-विवाह में डीजे बजाने, डांस करने समेत दारू, गांजा, भांग व अन्य नशीले पदार्थो के सेवन के बढ़ते प्रचलन पर चर्चा करते हुए चिंता व्यक्त की गई। उपरोक्त कुरीतियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के आलोक में यह फरमान जारी किया गया है कि यहां कोई भी व्यक्ति अपने लड़के की शादी में तिलक -दहेज नहीं लेगा और शादी विवाह में बाजा एवं डांस वगैरह पूर्ण रूप से बंद रहेगा। किसी भी तरह के नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले का समाज बायकोट करेगा। अंजुमन की बैठक में सेक्रेट्री इस्तेयाक अहमद, फजायल रीजवान अंसारी एवं अब्दुल रऊफ अंसारी आदि उपस्थित थे।

### परेशानी — कुर्का गांव में बने कालेज की चहारदीवारी निर्माण पर वन विभाग की आपत्ति

# मॉडल कालेज तैयार, शिक्षण शुरू होने का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वन विभाग की आपत्ति के कारण चैनपुर प्रखंड के कुर्का गांव में 2 वर्षों से बनकर तैयार नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के मॉडल कॉलेज में पठन-पाठन शुरू होने का सभी को बेसब्री से इंतजार है। बताया जाता है कि कॉलेज के बाउंड्री वॉल निर्माण को अपनी भूमि में होना बताते हुये वन विभाग ने आपत्ति की है। बाउंड्री का निर्माण पूर्ण न होने के कारण अभी तक इस कॉलेज को शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय को हस्तगत नहीं किया जा सका है। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने इस संबंध में बताया कि मॉडल कॉलेज भवन लगभग तैयार है। जब तक वन विभाग से अनापत्ति पत्र नहीं मिल जाता है। यह भवन विश्वविद्यालय को हस्तगत नहीं हो सकता। विवि को भवन हस्तगत होने के बाद ही इसमें पठन-पाठन का कार्य शुरू हो सकता है। अब सभी को इंतजार है कि कब वन विभाग का पेंच दूर हो तथा महाविद्यालय में पठन-पाठन शुरू हो सके।


मेदिनीनगर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय

#### छतरपुर व गढ़वा डिग्री कालेज में शिक्षकों की नियुक्ति जल्द

विवि के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि छतरपुर डिग्री कॉलेज में इस साल से नामांकन शुरू हो गया है। यहां शिक्षकों की घोर कमी को देखते हुए आवश्यकता अनुसार शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया जनवरी 2024 से शुरू कर दी जाएगी। इसी क्रम में गढ़वा जिले के माडल कालेज में भी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इससे छात्र-छात्राओं को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी।

## एक नजर

### डीसीएलआर और बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** भूमि सुधार उपसमाहर्ता अब्दुस समद व प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने सोमवार को प्रखंड के आधा दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उक्त दोनों पदाधिकारियों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकि स्थित मतदान केंद्र संख्या 249, 250, 251 व 252 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय कैम्पस में शौचालय नही होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति को शौचालय बनवाने का निर्देश दिया। रैम्प, विद्युत, फर्नीचर, पानी की सुविधा उपलब्ध है। इसके बाद पदाधिकारियों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कधवन स्थित मतदान केंद्र संख्या 248,266तथा 267 का निरीक्षण किया। उक्त मतदान केन्द्र पर सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध मिली। मौके पर विकास कुमार, रोजगार सेवक आलोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**केतार।** केतार पंचायत सचिवालय के प्रांगण में सोमवार को मुखिया प्रमोद कुमार ने गरीब, असहाय, विधवा ओर दिव्यांग लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना ही सच्ची मानव सेवा है। पंचायत क्षेत्र के केतार, केतरी, पालनगर, नवाडीह, पण्डितपुरा गांव के 100 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव अशोक कुमार, उपमुखिया संजय पाल, वार्ड सदस्य बबिता देवी, शांति देवी, सुचिता देवी, उपेंद्र बैठा, अरविंद बैठा, मैमून बीबी, लाभुक चुटरी कुंवर, फेकू साह, दशरथ राम, तपेश्वरी देवी, जयश्री राम, मोहरी देवी, अशर्फी राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने कंबल का किया वितरण

**मझिआंव।** तलशबरिया पंचायत के मुखिया महताब आलम ने सभी वार्डों में असहाय,गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच 140 कंबल का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि पंचायत के चौमुखी विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। वहीं उन्होंने कहा कि असहाय,गरीब तपका के लोगों के लिए मसीह के रूप में मैं निस्वार्थ भाव से कम कर रहा हूं और भविष्य में करता रहूंगा। वहीं उन्होंने अपने पंचायत को प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत से तुलना करते हुए कहा कि मैं अपने पंचायत को रॉल मॉडल बनाऊंगा। कंबल वितरण के दौरान सैकड़ो ग्रामीण एवं सभी वार्ड के वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

### लोहरदगा में घर-घर में हुबा तुलसी पूजन

**लोहरदगा।** विहिप, बजरंग दल, जय श्री राम समिति समेत अन्य सनातनी धर्म संगठन के आह्वान पर सोमवार को पूरे जिले में तुलसी पूजा धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने सुबह सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करके मां तुलसी के पौधे के समक्ष धूप दीप जलाकर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की। ऐसी मान्यता है की यदि घर में तुलसी का पौधा हरा भरा हो तो घर में सुख शांति बनी रहती है। तुलसी के पौधे के पास किसी मंत्र - श्लोक का पाठ करने से अनंत गुना अधिक फल मिलता है।

### गढ़वा जिले में चालू वित्तीय वर्ष में दस हजार अबुआ आवास देने का लक्ष्य

# प्रखंड को अबुआ आवास के लक्ष्य का पता नहीं, आवेदन आ गए 7162

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

सरकार द्वारा गढ़वा जिले में चालू वित्तीय वर्ष में दस हजार अबुआ आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन सिर्फ केतार प्रखंड से अबुआ आवास के लिए 7162 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में गढ़वा जिला के 20 प्रखंडों का आवेदन को जोड़ा जाये तो करीब 1.5 लाख आवेदन प्राप्त होने का अनुमान है। केतार प्रखंड की सात पंचायतों में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए 7162 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें परती कुशवानी पंचायत में 997 आवेदन, पाचाडुमर पंचायत में 1251 आवेदन, लोहरगाडा. पंचायत में 922 आवेदन, केतार पंचायत में 958, बलिगढ़ पंचायत में 930 आवेदन, मुकुन्दपुर पंचायत में 1135 आवेदन, परसोडीह पंचायत में 969 आवेदन मिले हैं। प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर पंचायतों




में आवेदन देने वाले ग्रामीणों के घरों का स्थल सत्यापन भी ब्लॉक कर्मियों द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। यद्यपि सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख लोगों को अबुआ आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तिय वर्ष 2023-24 में 10003 आवास निर्माण का गढ़वा जिले को टारगेट मिला है। इसमें एसी/एसटी को 5002 आवास, ओबीसी को 3501 आवास, अल्पसंख्यक को 1000 आवास और जेनरल कैटिगरी को 500 आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं 2024-025 में 17505 आवास का लक्ष्य है। इसमें एसटी/एससी 8752 आवास, ओबीसी 6127, अल्पसंख्यक को 1751 और जेनरल को 875 आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन वित्तिय वर्ष 2023-24 के लिए जिला द्वारा अभी प्रखंडवार और पंचायतवार अबुआ आवास का लक्ष्य नहीं मिला है। इसके विरुद्ध केतार प्रखंड में लक्ष्य से ज्यादा 7162 आवेदन पड़े हैं।

### नहीं घट रही है बेघर लोगों की संख्या

केतार प्रखंड में गत सात वर्ष में (2016-022) के दौरान 6168 प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कराकर बेघरों को पक्का घर दिया गया है। इसके बाद अम्बेडकर आवास और बिरसा आवास का भी लाभ दिया गया है। इसके बाद भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन प्राप्त होने के बाद भी ऐसा लग रहा है की केतार प्रखंड में बेघरों की संख्या घट नहीं रही है।

### योग्य लाभुकों को मिलेगा लाभ : बीडीओ

प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि जिला से प्रखंडवार अबुआ आवास के लिए अभी लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। स्थल सत्यापन के पश्चात योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा।

# डंडई थाना क्षेत्र के घर में देर रात लगी आग, सामान जलकर राख

### घटना में दो लाख रुपये से भी अधिक का हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

थाना क्षेत्र के डंडई हाई स्कूल निवासी नंदू प्रसाद के घर में बीती रात्रि आग लग गई। आग लगी की घटना में स्कूटी, टीवी, एलसीडी के साथ-साथ घर का अन्य सामान जलकर खाक हो गया। घटना में दो लाख रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ। इस संबंध में स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया गया। बताया जाता है कि अन्य दिन की तरह रविवार रात्रि को भी पीड़ित परिवार घर में सोया हुआ था। आग की धाह से जब पीड़ित का पुत्र रविंद्र कुमार सोमवार अहले सुबह उठा तो वह घर में धुआं भरा देख हल्ला करना शुरू कर दिया। पड़ोस के लोगों ने उक्त स्थल पहुंच आग को बुझाया, लेकिन तब तक घर का सभी सामान जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट साथ-साथ लोगों द्वारा जानबूझकर आग लगाने को बताया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों पड़ताल की गई तो शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने नहीं आई। सभी घरों में बिजली की वायरिंग



पूरी तरह सुरक्षित पाई गई। पीड़ित नंदू ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना शॉर्ट सर्किट से नहीं बल्कि किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगाने का काम किया गया है। साथ ही कहा कि आवेदन के आलोक में पुलिस प्रशासन अगर कार्रवाई करे तो मामले से पर्दा उठ सकता है। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य आशीष कुमार राणा ने घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि मामले पर पुलिस प्रशासन को अविलंब कार्रवाई करने की जरूरत है। पूछने पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्तिद्वारा आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि आवेदन के आलोक में अनुसंधान जारी कर दिया गया है।

# पूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जयंती कार्यक्रम के उपरांत सुरेंद्र विश्वकर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि ज्ञानी जैल सिंह का राजनीतिक सफर शुरू होने के बाद ज्यादातर समय जेल में बीता। बार बार जेल जाने आने पर जेलर ने इनका नाम ज्ञानी जैल सिंह रख दिया था। विधायक से लेकर केंद्र के मंत्री तक बने और देश की सेवा की। 1982 में उन्होंने देश के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उनका निधन 25 दिसंबर 1994 को हुआ। इस मौके पर डॉक्टर सुचित विश्वकर्मा, बाबू लोहार शिवकुमार विश्वकर्मा ज्योति प्रकाश, बबलू कुमार शर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा, सुखनाथ विश्वकर्मा, राजकुमार शर्मा, सुखनाथ विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान भाजपाइयों ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ट भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले युगपुरुष वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की। साथ ही भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया। वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया।



उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। बैठक का संचालन इग्नासियुस बाड़ा ने किया। इस दौरान भाजपा के बसंत कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, अरुण कुमार सिंह, सुनील कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, विवेकानंद यादव, सुनील कुमार रोशन, क्लामुद्दीन अंसारी, ललित कुमार सिंह, मुकेश कुमार यादव, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद मेहता शिव मंगल गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा के नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री ने वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केशरी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी युगपुरुष थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने और उसको मजबूत करने में अपनी महती



भूमिका निभायी। देश के विकास की गति को बढ़ाने के लिए वाजपेयी ने साहसिक निर्णय लिया।

### वाजपेयी की जयंती पर कंबल का वितरण

**मेराल।** प्रखंड के करकोमा पंचायत भवन पर सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सह सुशासन दिवस मनाया गया। मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, भोलाराम, रामलखन तिवारी, सुरजन बैठा, गौरी शंकर तिवारी, संदीप दुबे आदि ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने मुसहर परिवार, दलित परिवार, अल्पसंख्यक समुदाय सहित गरीब और लोगों को के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मृत्युंजय तिवारी, राधेश्याम यादव, नंदलाल तिवारी, नाजिम अंसारी, श्रीकांत चौधरी, शहाबुद्दीन अंसारी, दरबारी अंसारी, शेषमणि तिवारी, आयुष तिवारी, चंदेश्वर राम, अभिमन्यु तिवारी, विजय मुसहर, दिवार मुसहर, विजय तिवारी, बलराम मिस्त्री, बबलू तिवारी मौजूद थे।

# विद्युत करेंट की चपेट में आने से प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा के सहायक शिक्षक उदय पाल(40) की मौत सोमवार को विद्युत करेंट की चपेट में आने से हो गयी। जानकारी के अनुसार उदय पाल घर के समीप ही सरसों की खेती का पटवन कर रहे थे। इसी क्रम में मोटर स्टार्ट करने के दौरान विद्युत करेंट की चपेट में आने से उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गये। मृतक शिक्षक का शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। इधर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, गांव में मातम पसरा गया है। हर



तरफ उनके कुशल व्यवहार और सादगी की चर्चा है। घटनास्थल पर प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, मुकुन्दपुर मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार,उप मुखिया प्रदुमन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार पासवान, सुरेन्द्र प्रसाद, गुडन पासवान, सहायक शिक्षक दीनानाथ मेहता, शिक्षक आशिष पाठक, शुशिल पाठक, संजय पाल, धनंजय पटेल, दीपक पाल, विजय कुमार आदि शिक्षकों ने घटना को दुखद बताते हुए शोक व्यक्त किया।

# छात्र-छात्राएं तातापानी पहुंचे, अन्य स्थानों का भी भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय स्थित वर्षों से संचालित गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं सोमवार को पिकनिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ के तातापानी पहुंचे। इससे पहले विद्यालय परिसर से अभिभावकों की उपस्थिति में सुरक्षित वाहन चार बस सहित चार बोलेरो वाहनों पर सभी छात्र-छात्राओं को बैठा कर तातापानी के लिए रवाना किया गया। सभी बच्चों का नेतृत्व स्वयं विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन मलिक द्वारा किया जा रहा था। इस मौके पर अभिभावक सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को बाहर में घूमना भी विद्यालय के शिक्षकों की जिम्मेवारी होती है। विद्यालय में पढ़ने से बच्चों को जहां किताबी ज्ञान प्राप्त होता है। वहीं बाहर में पिकनिक स्पोर्ट के अलावा अन्य जगहों पर



भ्रमण करते रहने से उनका मानसिक विकास भी होता है। वहीं अभिभावक अशोक प्रसाद ने कहा कि विद्यालय पूरी तरह सर्वगुण से संपन्न होता है। बच्चों के लिए जहां पर जैसी जरूरत पड़ती है उसके अनुसार विद्यालय के शिक्षकों को करना पड़ता है। वहीं अन्य अभिभावकों ने पिकनिक के लिए बाहर में जा रहे सभी बच्चों को यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं दी। प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन मलिक ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेल, मनोरंजन व भ्रमण भी आवश्यकता है। इसलिए विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय में अध्यनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सुरक्षित बस से छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल तातापानी लाया गया है। वहीं पर्यटन स्थल तातापानी में घूमते हुए सभी छात्र-छात्राएं काफी खुश दिखाई दे रहे थे। इस मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद, मिस्टर भुट्टो मंसूरी, मनोज प्रसाद, पप्पू प्रसाद, प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन मलिक, वह विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### बच्चों ने किया भ्रमण

**मेराल।** पाराडाइज पब्लिक स्कूल मेराल के बच्चों को पौराणिक पलामू किला एवं बेतला पार्क जैविक उद्यान का भ्रमण कराया गया। स्कूल के निदेशक इंजीनियर इमाम ने छात्र छात्राओं को भ्रमण के दौरान पलामू किला से जुड़े पौराणिक इतिहास एवं बेतला जैविक उद्यान की विशेषताओं के बारे में बताया। भ्रमण के दौरान बच्चों में हर्ष का माहौल था। उन्होंने कहा कि हर वर्ष कहीं न कहीं बच्चों को नई जगह पर भ्रमण कराया जाता है, जिससे बच्चों में पढ़ाई के साथ जैविक अथवा पौराणिक कथाओं के बारे में जानकारी मिलती है। मौके पर शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

**पहल** कुशवाहा महासभा की बैठक में कमलेश कुमार मेहता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया

# समाज की एकजुटता व कुरीतियों को दूर करने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में नरखोरिया ग्राम में रविवार को संरक्षक सूर्यदेव मेहता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को गतिशील एवं क्रियाशील बनाए जाने के लिए कमेटी का विस्तार और प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से कमलेश कुमार मेहता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया तथा अमित कुमार मेहता को युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। शेष कमेटी का पुर्नगठन अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज की एकजुटता बनाए रखने व कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया।

मौके पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज के विकास व



पहचान के लिए माला की तरह होने की जरूरत है। बिखरे समाज को एकत्रित कर ही राज्य व देश में एक विशेष पहचान दी जा सकती है। दुख व सुख दोनों परिस्थितियों में साथ निभाने पर जोर दिया गया साथ ही संगठन के विकास के लिए नौजवानों को एकजुट होकर सत्ता में हिस्सेदारी के लिए लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि जिले में कुशवाहा समाज को एकजुट करने का प्रयास हम निरंतर कर रहे हैं और जल्द सफल भी होंगे। उन्होंने कुशवाहा समाज को एक बैनर के नीचे एकत्रित होने का आह्वान किया।

संरक्षक सूर्य देव मेहता ने कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और ईमानदारी पूर्वक समाज को चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संगठन में अपार शक्ति होती है। अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं सामूहिक प्रयास से बड़ा से बड़ा मुकाम प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर और एकजुट होकर कार्य करना होगा। मौके पर कुशवाहा महासभा के गढ़वा जिला कार्यकारणी अध्यक्ष जयशंकर मेहता, अरुण मेहता, अवध मेहता, शिवशंकर मेहता, शिवकुमार मेहता, विजय कुमार मेहता, सुरेश मेहता, उदय मेहता, श्रीकांत कुमार, कमलेश कुमार, पुष्परंजन कुमार, श्याम बिहारी मेहता, मुखिया संघ के अध्यक्ष राम सागर मेहता, बीरबल पंचायत मुखिया इंद्रजीत मेहता, संजय मेहता, राजेंद्र मेहता, पंकज आदि मौजूद थे।

# पिकनिक भ्रमण को रवाना हुए सैकड़ों छात्र-छात्राएं




**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित यदुवंशी पेट्रोल पंप के पास संचालित आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं सोमवार को पिकनिक भ्रमण के लिए निकले। मुखिया धनवंती देवी, 20सूत्री सदस्य दीनानाथ पांडे, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, पूर्व उप प्रमुख आनंद प्रकाश व मुखिया पति महेश्वर राम द्वारा संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं से भरी बस को रवाना किया गया। इससे पहले पंडित दीनानाथ बस का पूजन किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुमंत लाल, शिक्षक मुन्ना राम, अशोक प्रसाद, अभिभावक रामगुलाम साह, विकास कुमार, मणि पटवा इत्यादि उपस्थित थे।

# खट्टी-मीठी यादें समेटे 2023 अंतिम पड़ाव पर, नई उम्मीदों संग होगी नये साल की शुरुआत

**मुबारक आलम। चंदवा**

खट्टी-मीठी यादों के साथ साल 2023 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। नई उम्मीदों के साथ लोग अब नये वर्ष 2024 का स्वागत करने की तैयारी में अभी से ही जुट गए हैं। साल 2023 की विदाई और नए साल के स्वागत को लेकर लोग काफी उत्सुक हैं। अभी से ही परिवार के साथ घूमने की प्लानिंग की जा रही है तो वहीं युवकों में न्यू ईयर पार्टी को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। ज्यादातर लोग अपने अपने धार्मिक स्थलों पर मत्था टेक सुख-समृद्धि की कामना कर नये साल की शुरुआत करेंगे। लोग परिवार के साथ अपने-अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर पिकनिक मनाने की तैयारी में हैं। वहीं चंदवा प्रखंड में नगर मंदिर, नगर डैम, देवनद तट, बच्चों का पसंदीदा इको पार्क, उंचाई से गिरता मनोरम कांति झरना, हिंडालको पार्क, डुमारो पंचायत के ढोंटी गांव स्थित झुनझुनिया वाटर फॉल, टोरी-लोहरदगा रूट पर स्थित 27 नम्बर ब्रिज समेत अन्य कई मनोरम स्थल पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर पिकनिक का लुत्फ उठाते हैं।

**टोरी आरओबी के निर्माण पर टकटकी लगाए रहे प्रखंडवासी** : चंदवा प्रखंड की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक टोरी जंक्शन पर आरओबी के निर्माण पर साल भर सबकी निगाहें टिकी रही, पर आरओबी के निर्माण को लेकर किसी प्रकार की कोई पहल नहीं हो पाई जिसकी वजह से ग्रामीणों को इस समस्या से पूरे साल दो चार होना पड़ा। अब लोगों को पूरी उम्मीद है कि वर्ष 2024 में सरकार आरओबी का निर्माण कर प्रखंड वासियों को इस समस्या से निजात दिलायेगी।

**प्रखंड क्षेत्र में पूरे वर्ष उग्रवादी घटनाओं की खूब रही चर्चा**

प्रखंड क्षेत्र में घटित उग्रवादी घटनाओं की भी चर्चा पूरे वर्ष होती रही। थर्ड रेलवे लाइन का निर्माण कार्य करा रही कंपनी के साइट पर उग्रवादियों ने एक के बाद एक हमला कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहे। नवंबर माह में चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी की हत्या दिनदहाड़े उग्रवादी संगठन के द्वारा कर दी गई। सदीक हत्याकांड ने पूरे प्रखंड वासियों को झकझोर कर रख दिया। हालांकि इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कई उग्रवादियों व अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाब रही।


## आइये जानते हैं नये वर्ष के स्वागत पर चंदवा प्रखंड के कुछ खास लोगों की राय


विजय कुमार


जयशंकर पाठक


शुभम कुमार


प्रतिमा देवी


सरोज देवी


रंजीत उरांव

**बीडीओ :** प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि साल 2024 प्रखंड वासियों के लिए खुशियों से भरा रहे यही ईश्वर से कामना करता हूं। उन्होंने बताया कि वह नये साल का स्वागत अपने परिवार व प्रखंडकर्मियों संग मिलकर करेंगे।

**अंचलाधिकारी :** अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने प्रखंड वासियों को नये वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि नये वर्ष का स्वागत शालीनता के साथ करें। आपकी वजह से किसी दूसरे को कोई परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो भी दिशा निर्देश मिलेगा उसका अनुपालन किया जायेगा।

**चंदवा थाना प्रभारी :** थाना प्रभारी शुभम कुमार ने नये साल पर लोगों को शुभकामनाये देते हुए कहा कि नये साल पर चंदवा में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस तत्पर है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। शराब पीकर पिकनिक स्पॉट समेत अन्य स्थानों पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**प्रतिमा देवी :** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी ने प्रखंड वासियों को नये वर्ष की अग्रिम बधाई दी और कहा कि नया साल प्रखंड वासियों के लिए खुशियों से भरा रहे यही ईश्वर से कामना करती हूं। नये साल में क्षेत्र की जनता के बीच रहना, समस्याओं का निदान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

**सरोज देवी :** चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने लोगों को नये साल की शुभकामनाये देते हुए कहा कि मैं ईश्वर से कामना करती हूं कि साल 2024 प्रखंड के लिए खुशियों से भरा रहे। ईश्वर प्रखंड को विपदाओं से दूर रखें। नये साल का स्वागत वह अपने परिवार और अपने शुभचिंतकों संग मिलकर करेंगी।

**रंजीत उरांव :** चंदवा पूर्वी मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत उरांव ने प्रखंड व जिले वासियों को नये वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि नये साल में लोगों को ढेर सारी खुशियां मिले और उनका हर दुख दूर हो बस यही कामना करता हूं।

## एक नजर

### आज सीएम करेंगे 470 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास

**चतरा/सिमरिया।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26 दिसम्बर 2023 को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जिले को 470 करोड़ की सौगात देंगे। कार्यक्रम स्थल से ही मुख्यमंत्री विभिन्न 161 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिसकी प्राक्कलित राशि 137 करोड़ से अधिक है। इसी प्रकार 241 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिसका प्राक्कलन 112 करोड़ रुपये लगभग है। वहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1,13,700 लाभुकों के बीच 221 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता तैयारियों का जायजा लिए और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बाजकुम में जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट 7 से

**लातेहार।** रेलवे स्टेशन नवरंग चौक डुरूआ मीडिल स्कूल के मैदान (बाजकुम) में नॉक आउट टेनिस जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सात जनवरी से किया जाएगा। अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि कई स्थानों पर सीनियर का टूर्नामेंट होता है, जिसके कारण जूनियर खेल नहीं पाते हैं। इसी को देखते हुए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर 9815773217 पर कॉल कर नामांकन करा सकते हैं। इंट्री फीस 501 रुपये रखी गई है। वहीं प्रथम पुरस्कार 4100 रुपये नकद प्लस ट्रॉफी प्लस मेडल और द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपये नकद प्लस कप प्लस मेडल दिया जायेगा। मैन ऑफ द मैच, मैन आफ द सीरीज, कैच ऑफ द मैच पुरस्कार दिया जायेगा। 16 से ज्यादा टीम भाग नहीं ले सकती है। नियम एवं शर्तें मैदान में बताई जायेगी। टूर्नामेंट में जिले के कई बड़े मुख्य अतिथि भी शामिल रहेंगे।

### बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री वितरित

**लातेहार।** सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी द्वारा लातेहार सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत के मोंगर और केरू गांव में 50 बालिकाओं के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत प्रभारी चांदनी देवी, जिला प्रभारी राजू सिंह आदि मौजूद थे।

### चहारदीवारी में मिटाई नगर मंदिर की पेंटिंग

**चंदवा।** देश भर में प्रसिद्ध माँ उग्रतारा नगर मंदिर का चित्र लातेहार के दर्शनीय स्थलों की जानकारी हेतु समाहरणालय के चहारदीवारी में बनाया गया था। लेकिन गलत स्थान में चित्र बनने की वजह से कई लोगों की आस्था को ठेस पंहुच रही थी। इस संबंध में नगर मंदिर के सेवायत वो मुंतजिमकार गोविंद वल्लभ मिश्र ने नगर पंचायत लातेहार के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर इसे तत्काल विलोपित करने की मांग की थी। मिश्र ने पत्र में लिखा था कि मां उग्रतारा का यह मंदिर उत्तर भारत समेत पूरे देश में प्रसिद्ध है। चित्र को गलत स्थान में बनाया गया है। सोमवार को उक्त स्थान पर पुताई कर मंदिर के चित्र को विलोपित कर दिया गया है। इस कार्य के बाद नगर मंदिर के सेवायत वो मुंतजिमकार गोविंद वल्लभ मिश्र और चंदवा प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने अधिकारियों को साधुवाद दिया है।

# भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई वाजपेयी जयंती

## बिरहोर समाज के लोगों के बीच कंबल का वितरण, बच्चों में कलम-कॉपी बांटी

**नवीन मेल संवाददाता।**
**लातेहार/चंदवा/बालूमाथ/बारियातु**

भारतीय जनता पार्टी की जिला ईकाई ने मांको डाक बंगला में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में मनाई। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ले कहा कि वाजपेयी अपने नेतृत्व काल में देश को बहुत कुछ दिया। जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित जनसंघ काल के नेता राजेंद्र प्रसाद सौंडिक, रामनंदन प्रसाद को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात भाजपा नेता सुशील कुमार अग्रवाल, भाजपा नेता चैतलाल रामदास, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी के द्वारा तरवाडीह पंचायत के ग्राम बिनगाड़ा में बिरहोर समाज के लोगों के बीच में कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात धर्मपुर केशवार आहर के पास बाल रोज गृह (अनाथ आश्रम) में बच्चों के बीच कॉपी, कलम, चूड़ा, तिलकुट वितरण किया गया। सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। मौके पर पूनम देवी, जिला महामंत्री पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, उषा देवी, सुशील अग्रवाल, जिला संयोजक रघुवीर यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडे, रवि द्विवेदी, मुकेश पांडे, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, दिशा के सदस्य रामदेव सिंह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, जिला कार्य समिति सदस्य आशा देवी, जिला उपाध्यक्ष उषा देवी नगर मंडल के महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, कलावती देवी, जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह, जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, राम गणेश सिंह, अजय तिवारी बृज किशोर सिंह, तरवाड़ी मुखिया जलेसर लोहरा, मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, कलावती देवी, श्याम वेद, हरिओम प्रसाद, गणेश प्रसाद मौजूद थे।

वहीं **चंदवा** में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अलौदिया पंचायत के शुक्रबाजार के तैलिक समाज धर्मशाला में बूथ संख्या 301, 302, 303, 304 पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, जिला मंत्री कुलमान साव, पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, कृष्णा कुमार, प्रदीप ठाकुर, सूर्यनारायण साहू, मनोज पाठक, छोटू कुमार, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

वहीं **बालूमाथ** में भाजपा मंडल कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मंडल महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी विजय यादव के अध्यक्षता में मनाई गई। भाजपा नेता शैलेश सिंह ने बाजपाई के जीवनी पर प्रकाश डाला। एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने माइक्रो डोनेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर त्रिवेणी साव, रविन्द्र सिन्हा, संजय यादव, अरविंद भगत, अशोक साहू, अमित कुमार, विजय यादव, सूरज शाह, अखिलेश भोक्ता, राजेंद्र प्रसाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गणेश्वर यादव, रघुनंदन सोनी, प्रवेश सोनी चेतग पंचायत समिति पिंटू नायक, पंकज सिन्हा, विजय ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, नरेंद्र रजक, प्रमोद साव, उपेंद्र रंगीला, लालदेव गंझू, अनिल प्रजापति, गोलू कुमार आदि मौजूद रहे।

वहीं **बारियातु** में भाजपा मंडल कार्यालय सहित विभिन्न पंचायतों में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती मनाई गई। मंडल कार्यालय में अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में देवनंदन प्रसाद, किशोर प्रसाद, सकिन्दर राम, अरविन्द प्रसाद गुड्डू, महेंद्र प्रसाद निरंजन राम सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बालूभांग पंचायत में युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष संदीप केसरी के नेतृत्व में बूथ नंबर 31 और 32 पर सुशासन दिवस मनाया गया। साथ ही टोटी हेसला, डाढा सहित कई स्थानों पर भाजपाइयों ने जयंती मनाई। मौके पर नीलू सिंह, गोपाल केसरी, दीपक केसरी, जुगल गंझू, ऐश्वर्या देवी, मीना देवी, तोहरी देवी, अवध केसरी, सतीश, मनित गंझू आदि मौजूद थे।



# शहर से गांव तक मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का जन्मदिवस

**नवीन मेल संवाददाता।**
**इटखोरी/मयूरहंड/कुंदा/टंडवा**

पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 99वीं जयंती सोमवार को चतरा जिला मुख्यालय के अलावे इटखोरी, मयूरहंड, कुंदा व टंडवा आदि प्रखंडों में मनाई गई। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी सुजीत भारती आदि मौजूद रहे। प्रखंड के पीतीज पंचायत स्थित कन्या मध्यविद्यालय बंगला चौक के सखी केंद्र पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया। वहीं कुंदा प्रखंड मुख्यालय में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सेवा एवं सुशासन दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी, गंदौरी साव, अम्बिका सिंह भोक्ता, महेंद्र ठाकुर, सुरेश यादव, सीना यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

वहीं मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय समेत गांवों में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, महामंत्री महेंद्र नायक, संजय प्रजापति, डीएन प्रसाद, भाजपा युवामोर्चा अध्यक्ष अच्युत सिंह, बमशंकर सिंह, कैलाश रवानी, विशम्भर राणा आदि उपस्थित थे। वहीं टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनटीपीसी के अटल कॉम्प्लेक्स परिसर में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती मनाई गई। लगभग 250 जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर विधायक किसुन कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, सुमन भारतीय, कामेश्वर पांडेय, रूबी देवी, संजू देवी समेत अन्य मौजूद थे।







# साप्ताहिक बाजार गिद्धौर में कोलवाहन के परिचालन के कारण लगा घंटों जाम

**संतोष कुमार निराला।**
**गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक पर सोमवार को लगने वाले सप्ताहिक बाजार के समीप चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में हाइवा कोल वाहनों के परिचालन के कारण जाम लग गया। जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के सिमरिया आगमन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 25 व 26 दिसंबर को कोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई है। वहां तक की दो दिनों तक नो एंट्री भी लगाया गया है। परंतु अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश के बावजूद कोल वाहनों का परिचालन अन्य दिनों की तरह जारी रहा। वैसे में सोमवार को गिद्धौर मुख्य चौक पर लगने वाला साप्ताहिक बाजार में घंटों जाम का सामना करना पड़ा। कुछ देर तक बाजार में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मौके पर पुलिस पहुंचकर जाम को हटाया। जिसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया। बताते चलें कि ग्रामीण सुबह 5:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक नो एंट्री लगाने की मांग कर रहे हैं।



# धूमधाम व हर्षोल्लास से मना क्रिसमस का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता।**
**बारियातु/चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र के इटके ग्राम स्थित मंधनिया, झुनिबांद व झिकिया स्थित चर्च में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सोमवार को धूमधाम से क्रिसमस का त्योहार मनाया। रविवार मध्य रात्रि से ही तीनों चर्चों में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया, जहां प्रभु यीशु के जन्म के साथ ही खीस्त विश्वासियों द्वारा सजाए गए चरणी में बाल यीशु के दर्शन किए गए। इटके स्थित झुनिबांद चर्च में फादर खाखा बाइबल का पाठ करते हुए विश्व प्रेम के लिए प्रभु यीशु के संदेश सुनाया। इसी प्रकार मंधनिया व झिकिया स्थित चर्च में फादर सुनिल लकड़ा ने बाइबल का संदेश सुनाया। इस मौके पर नृत्य संगीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, टोंटी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, मुखिया शांति देवी, महेंद्र कच्छप, संदीप मिंज, अनुप्का लकड़ा, उषा खलखो, बसंत लकड़ा, सुनिल कच्छप, अनुप कच्छप, सुरेन्द्र कुजुर, शिलास तिर्की, पिटर सोरेन, सेथ, अनिल आदि मौजूद रहे।

वहीं **चंदवा** में ईसाई धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा त्योहार क्रिसमस प्रखंड समेत आस पास के क्षेत्रों में प्रेम व परोपकार के संदेश के साथ धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस को लेकर चारों तरफ जश्न का माहौल देखा गया। गिरजा घरों में आधी रात से ही जश्न शुरू हो गया था। जैसे ही रात 12 बजे का घंटा बजा मसीही समाज में जश्न शुरू हो गया। हर तरफ कैरोल गीत गूंजने लगे। लोगों के बीच एक दूसरे को बधाई देने और केक खिलाने का सिलसिला शुरू हो गया। क्रिसमस के मौके पर गिरजा घरों को विशेष रूप से सजाया गया था। सोमवार की सुबह गिरजा घरों में फादर के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के बाद लोग एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते नजर आए। गिरजा घर के बाहर जगह जगह लोगों ने चरनी को सजाकर प्रभु यीशु के अवतरण का ऐतिहासिक पल को दर्शाया था।



## पर्यटन स्थल

### नववर्ष पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं पातम डातम जलप्रपात

# सैलानियों को खींच लाता है 150 फीट की ऊंचाई से गिरता पानी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला प्राकृतिक सौंदर्य से भरा पूरा क्षेत्र है। यहां एक से बढ़कर एक पर्यटन स्थल हैं, जो पिकनिक मनाने व घूमने फिरने के लिये पर्याप्त हैं। इनमें से मुख्य रूप से पातम डातम जलप्रपात, नेतरहाट, सुगा बांध, बेतला नेशनल पार्क, मां नगर भगवती मंदिर, पलामू किला इत्यादि शामिल हैं।

पातम डातम जलप्रपात पातम रानी के नाम से विख्यात है। बुजुर्गों के अनुसार इस जलप्रपात की गहराई इतनी ज्यादा है कि अभी तक लोग इसकी गहराई नहीं नाप पाए हैं। यह जलप्रपात जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग पर हेरहंज से तीन किलोमीटर दूर इनातू से सात किलोमीटर पर स्थित है। पूर्व में यहां तक पहुंचने के लिये पहुंच पथ नहीं था, लेकिन जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार की पहल से पहुंच पथ बनवाया गया। इसके चलते अब सभी प्रकार की छोटी बड़ी गाड़ियां सीधा जलप्रपात तक पहुंच रही हैं। सिर्फ कुछ दूर ही पैदल चलना पड़ता है। इस झील की ऊंचाई लगभग 150 फीट है जहां से पानी नीचे गिरता है। गिरता हुआ पानी आकर्षक का केंद्र है। साथ ही यहां पर पातम रानी का मंदिर भी है, जहां लोग स्नान करके पूजा अर्चना भी करते हैं। इस जलप्रपात में सबसे ज्यादा भीड़ नव वर्ष के पहले दिन से जनवरी माह के अंत तक होती है।

इस जलप्रपात में 1 जनवरी के दिन हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होती है। इस पहाड़ी में अनेकों प्रकार के जीव जंतु हमेशा देखने को मिलते हैं। जैसे-मोर, हिरण, बंदर, भालू, बंदर इत्यादि। पातम डातम जलप्रपात में लातेहार जिले से ही नहीं बल्कि पलामू, चतरा, गढ़वा, लोहरदगा इत्यादि जिले से सैलानियों का आगमन होता है।



# एसडीओ ने केक काट कर बच्चों संग मनाया क्रिसमस

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

क्रिसमस पर्व के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी भवन चतरा परिसर में एसडीओ सुरेंद्र उरांव ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर क्रिसमस मनाया। साथ ही सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एसडीओ श्री उरांव तथा वस्त्र वितरण कार्यक्रम की शुरुआत करने वाली सदस्य अनुजा शर्मा द्वारा इस अवसर पर गरीब व असहाय बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान करीब तीन दर्जन बच्चों को इसका लाभ मिला। मौके पर रेड क्रॉस के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, सचिव धर्मेंद्र पाठक तथा कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा ने भी बच्चों के बीच वस्त्र बांटे और बच्चों के साथ उपस्थित सभी सदस्यों को मिठाई खिलाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के लैब टेक्नीशियन विजय कुमार, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, रतेश कुमार, तापेश्वर प्रसाद सोनी, कहकशा प्रवीन ने भूमिका निभाई।



## एक नजर

### उप प्रमुख ने संयुक्त सचिव के नाम सांसद को सौंपा मांग पत्र

**कुडू।** उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने संयुक्त सचिव श्रम एव नियोजन मंत्रालय भारत सरकार, सह केंद्रीय प्रभारी लोहरदगा केके सोन के नाम स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत को मांग पत्र सौंप चीरी चौक से ओपा सुंदरू होते हुए लाधूप सेनहा तक रोड का चौड़ीकरण, कुडू प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा देने तथा कुडू ब्लॉक चौक स्थित रेफरल अस्पताल को पूर्ण कराने की मांग की है। एनुल अंसारी ने बताया कि कुडू प्रखंड जिले का सबसे बड़ी आबादी वाला प्रखण्ड है यहां के लोगो की वर्षों पुरानी मांग भी है। प्रखंड में एक दो ब्लॉक को मिलाकर अनुमंडल बना देने से लोगो को काफी सुविधा मिलेगी। अस्पताल को पूर्ण करा इसे चालू कराना भी जनहित में अति आवश्यक है। इसके अलावा चीरी से लाधूप सेनहा तक रोड चौड़ीकरण होने से एक बड़ी आबादी को राहत मिलेगी।

### लोस चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक आज

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी से संबंधित बैठक मंगलवार को होगी। इसमें जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदाता सूची, ईआरओ नेट, स्वीप, आईटी एप्लीकेशन का प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाह्न से 1.30 बजे अपराह्न तक दिया जाएगा। 2.30 बजे अपराह्न से 5 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट, चुनाव सामग्री, डाक मतपत्र/ ईटीपीबीएस, गिनती और परिणामों की घोषणा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 दिसंबर को 11 बजे पूर्वाह्न से 1.30 बजे अपराह्न तक जिला चुनाव प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण मतदान दल और मतदान दिवस प्रबंधन, मतदान केंद्र का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### अभाविप की प्रदेश कार्यकारिणी समिति में शामिल हुए 7 कार्यकर्ता

**लोहरदगा।** विगत सात से दस दिसंबर तक राजधानी दिल्ली में इंद्रप्रस्थ नगर में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश से अभाविप के कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें अपने अपने प्रांत के प्रांतीय अधिवेशन भी किया गया। इसमें झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीप नारायण के द्वारा नए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की घोषणा की गई। लोहरदगा जिला के सात कार्यकर्ताओ के नाम की घोषणा हुई, जिसमें अध्यापक ब्रजकिशोर बड़ाइक, आदित्य साहू, विवेक सिंह, मोहित कुमार, प्रीतम नायक, अंजना देवी, राखी कुमारी शामिल हैं। इन सभी लोगों का 2023 - 2024 के लिए घोषणा की गई। इनके मनोनयन पर गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार, जिला प्रमुख छवि सिंह, नगर अध्यक्ष मनोग्या पांडे समेत अन्य ने बधाई दी है।

### मालवाहक पिकअप का टायर हुआ चोरी

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के सेन्हा ठाकुरबाड़ी मैदान में खड़ी मालवाहक पिकअप का आगे चक्का चोरी हो गया। अहले सुबह चोरी घटना की सूचना चालक को प्राप्त होते ही अज्ञात चोर के विरुद्ध सेन्हा थाना में अर्जी लगाई। आनंद महतो के पुत्र निरंजन कुमार का मालवाहक पिकअप को चालक राजकुमार महतो धोकर रविवार को खड़ा किया था। 11:30 बजे रात्रि में गाड़ी सही सलामत थी। लेकिन अहले सुबह उठकर बाहर निकला तो पिकअप के अगला टायर गायब पाया।

# कुडू में लावारिस हालत में मिली नवजात बच्ची, आईसीयू में भर्ती

## इससे पहले भी कई बार कुडू प्रखंड में मिल चुके हैं लावारिस नवजात



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू थाना क्षेत्र के कालीपुर गांव में सोमवार की सुबह ममता की छांव से महरूम एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में पाई गई। बच्ची महज दो-तीन दिन की बताई जा रही है। कोई उसे कालीपुर जोड़ा पुल के समीप छोड़कर चला गया है। रोने की आवाज सुनकर कुछ ग्रामीणों ने उसके बारे में कुडू थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना की पुअनि राधा रागिनी मौके पर पहुंची और बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा नवजात को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां गहन चिकित्सा केंद्र (आईसीयू) में बच्ची का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस जरूरी कागजी करवाई के बाद बच्ची के परिजनों की तलाश कर रही है। कुल मिलाकर लाख जतन करने के बावजूद समाज आज भी बच्चियों को बोझ समझने की मानसिकता से उबर नहीं पाया है। शायद इसी वजह से लोग नवजात बच्चियों को लावारिस छोड़ने में भी नहीं हिचकते। नवजात मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौके पहुंच गए। जितने मुंह उतनी बातें कर रहे थे। कोई इसे कलयुगी मां की जन्म देने के बाद बेहरहमी से अपने पाप को छुपाने की नीयत से और लोकलाज के डर से छोड़ने तो कोई बेटी से नफरत करने वालों की करतूत बता रहे हैं।

बता दें कि कुडू लावारिस हलत में बच्चा मिलने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार अलग-अलग जगह पर नवजात शिशु मिलते रहे हैं। वर्ष 2016 में 3 मई को कुन्दो जंगल में पत्ते से ढकी एक 3 माह की बच्ची मिली थी और इसके ठीक 3 दिन बाद ही 7 मई पंडरा गांव के तालाब में एक नवजात का शव बरामद किया गया। 9 मई को ननतिलो गांव में एक 3 माह की ही बच्ची लावारिस हालत में मिली थी। फिर 9 अगस्त 2020 को चंद्लासो गांव के शमशान में मिट्टी में नवजात दबाया हुआ मिला था। इसी वर्ष 21 अप्रैल को बढकी चापी तालाब में एक नवजात का तैरता शव मिला था। लेकिन आज तक पता नहीं चल पाया है कि इन नवजात बच्चों के मां-बाप कौन है? कहते हैं मां अपने बच्चे को गर्भ में नौ महीने पालती है। घर में बच्चे की किलकारी सुनने के लिए परिवार के लोग भी बेसब्री से इंतजार करते हैं लेकिन इसे समस्त इंसानियत की बदनसीबी ही कहा जाएगा कि कुछ मासूमों को मां की गोद की जगह झाड़ी, कूड़े कड़कट का ढेर नसीब होता है, जहां उन्हें जन्मदाता द्वारा ही कौओ और कुत्तों को नोचने के लिए फेंक दिया जाता है।

# लोहरदगा में तेज रफ्तार बाइक ने खड़े ट्रक में मारी जोरदार टक्कर, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा केरा झरिया पुल मोड़ के समीप सोमवार की रात सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में एक मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मोटरसाइकिल में आग लग गई। इस घटना में मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। देखते ही देखते मोटरसाइकिल आग में तब्दील हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने मोटरसाइकिल पर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, परंतु लोगों को कामयाबी नहीं मिल पाई। इसी बीच सेन्हा थाना पुलिस को सूचना मिली। सेन्हा थाना के अवर निरीक्षक गणेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। सभी घायल अचेत अवस्था में थेद्ध खबर लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार गुमला से एक मोटरसाइकिल में तीन युवक सवार होकर तेज रफ्तार में लोहरदगा की ओर आ रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक अपना नियंत्रण खो दिया और उसने सड़क किनारे खड़े बॉक्साइट ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल में आग लग गई। इधर सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया है, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक और मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया गया है।

### गुमला में वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र स्थित आदर ग्राम के समक्ष एक अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन एक अज्ञात युवक को जोरदार टक्कर मारकर घटनास्थल से भागने में सफल रहा। इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव शिनाख्त के लिये गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में रखवाया गया है। बताया जाता है कि घाघरा थाना स्थित आदर ग्राम में रविवार के संध्या लगभग 7 बजे एक अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन ने एक अज्ञात युवक को जोरदार टक्कर मार दी। नियमानुसार 72 घंटे तक उक्त शव को पोस्टमार्टम हाउस स्थित शीतगृह में रखा जायेगा और अगर इस बीच शव की शिनाख्त हो जाती है तो उक्त शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### ऑटो पलटा, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**गुमला।** अनियंत्रित तेज रफ्तार ऑटो पलट गया, जिससे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। ऑटो चालक अपने वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय स्थित करौंदी ग्राम के समक्ष गुमला से मांझा टोली शंख नदी के तरफ जा रहे ऑटो तेज रफ्तार के कारण पलट गया। ऑटो में एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे, जिनमें से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। बताया जाता है कि ऑटो चालक की लापरवाही से उक्त दुर्घटना घटी।

# लोहरदगा में क्रिसमस की रही धूम, मेरी व हैप्पी क्रिसमस का चलता रहा सिलसिला

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मसीही समुदाय का प्रमुख त्योहार क्रिसमस जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभू यीशु का जन्मोत्सव पर जोरदार आतिशबाजी के बीच लोग क्रिसमस के उमंग, उल्लास और खुषियों मे खोए रहे। कड़ाके के ठंड के बावजूद क्रिसमस की पूर्व रात्रि विभिन्न चर्चो में आयोजित प्रार्थना सभा में लोगों ने बड़ी संख्या में आस्था और उल्लास के साथ भाग लिए। सोमवार की सुबह से ही जिले के एनडब्लूजीईएल चर्च, रोमन कैथोलिक चर्च, सीआईएन चर्च, सेवेन डेज चर्च, पेंतीकोस्टल चर्च समेत विभिन्न चर्चो में मसीही समुदाय के लोगो ने शिरकत कर सामुहिक प्रार्थना किया। धर्मगुरुओ ने चर्चो में विशेष पूजा किया। मसीही समुदाय के धर्मगुरुओ ने चर्चो में विशेष प्रार्थना के दौरान प्रभू यीशु के संदेश को लोगो को दिया। इसके बाद चहुंओर मेरी क्रिसमस, हैप्पी क्रिसमस की गूंज रही। लोग एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दिए। इस दौरान लजिज पकवानों का आनंद सभी ने मिलकर उठाया। त्योहार पर मसीही समुदाय के साथ विभिन्न धर्मो और समुदायों के लोगों ने भी शिरकत कर क्रिसमस में आपसी प्रेम और भाईचारें का संदेश दिए। जिले के सभी चर्चो में आकर्षक चरनी और क्रिसमस ट्री बनाया गया। मसीही बहुल इलाकों और चर्चो को रंगबिरंगी झालरों, पताकों, तारों, लड़ियों और सजावट के समानों से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया। विभिन्न स्थानों पर खीस्त विश्वासियों ने पल्ली पुरोहित की अगुवाई में रात्रि जागरण कर मिस्सा अनुष्ठान में भाग लिए। खीस्त विष्वासी बालक यीशु के जन्म के पूर्व ईष्वर की अराधना और उपासना में लीन रहे। मध्य रात्रि बालक यीशु के चरनी में अवतरित होने पर मंगल गान के साथ उनका अभिनंदन किया गया। क्रिसमस त्योहार पर स्थानीय पतराटोली स्थित सन बेनार्डेट आरसी चर्च, संत उसुर्ला चर्च, झूमर महुआ सीएनआई चर्च, लूथरन स्थित एन डब्लू जीईएल चर्च, एजी चर्च पतराटोली, कुडू के संत पलूटी चर्च, तिलसीरी के आरसी चर्च, तिसीया के पेंतिकोस्ता चर्च, सेरेंगहातू के जीईएल चर्च में आयोजित विषेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोगों ने आस्था पूर्वक शामिल हुए।

### गिरजाघर में पवित्र मिश्रा पूजा का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर गुमला)**
चैनपुर के संत जॉन कैथोलिक चर्च, संत मेरिया चर्च कटही, संत पॉल चर्च टोंगो सहित क्षेत्र के सभी नौ पल्लियों के गिरजाघर में रविवार की रात्रि पवित्र मिश्रा पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ो धर्म विश्वासी मिशा पूजा में भाग लिया। मिशा पूजा देर रात 10:00 बजे से प्रारंभ हुई जो अर्ध रात्रि तक चली।

वहीं प्रभु यीशु के आगमन को लेकर पुणः एक बार सोमवार की सुबह मिशा पूजा आयोजित की गई। चर्च के डीन फादर जेभिरियानुस किंडो की अगुवाई में पवित्र मिश्रा पूजा विधि विधान के साथ कराई गई। वहीं सहयोगी के रूप में फादर पवन लकड़ा फादर राजेंद्र तिर्की फादर इनोसेंट कुजुर फादर अदीप तिग्गा फादर अजीत कुमार एक्का फादर जुवेल कुजूर फादर हेनरी कुल्लू उपस्थित रहे एवं कई धर्म बहने भी उपस्थित रही। पवित्र मिशा पूजा से पूर्व चरनी में आशीष की गई जिसके उपरांत मिशा पूजा का आयोजन हुआ। आधी रात तक प्रभु यीशु के आगमन को लेकर आराधना की गई। वहीं प्रभु यीशु के जन्म लेते ही एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। वहीं युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की पुरोहितों ने पूरे क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी साथही प्रेम व सद्भावना का संदेश भी दिया।

### धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित कैथोलिक चर्च, लूथरन चर्च, चैनपुर चर्च, टोंगो चर्च आदि जिले के समस्त चर्चों में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सभी मसीह धर्मलंबियों द्वारा संबंधित चर्च और घरों को विशेष एवं आकर्षक रूप से सजाया और संवारा गया था और क्रिसमस ट्री के साथ यीशु के बाल रूप और माता मरियम की मूर्तियों सहित भेड़ों को चरनी में रखकर आकर्षक तस्वीरों आदि लगाकर त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मासूम बच्चे सांता क्लॉज बनकर प्रस्तुति करते नजर आए।

# भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल जयंती



नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
भाजपा ने संजय गांधी पथ टंगराटोली में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में सांसद राज्यसभा सह प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य साहू एवं लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात लगभग 70 वृद्ध लोगों के बीच क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा कंबल वितरण किया गया। मौके पर सुदर्शन भगत ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के संघर्ष देश प्रत्येक जरूरतमंदो के लिए रहा। उनके द्वारा बनाई गई कई अंतोदय योजना से आज समाज के अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हुए है और हो रहे हैं। अटल जी ने जनजातियों एवं झारखंड को स्थापित कर संघर्ष को न्याय दिया। उनके द्वारा निशुल्क शिक्षा, सड़क ,किसान, सुरक्षा की शक्ति को बढ़ावा पोखरण परमाणु परिक्षण कर पूरे विश्व को बताया था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लाकर गांव के किसान गरीब के साथ उनका हक दिया। वहीं मोदी जी उनके शुरूआती कार्य को पूरा किया। उन्होंने एक राजनीतिक व्यक्ति के साथ साथ कवि,लेखक, संपादक कार्य के माध्यम से साकारात्मक संदेश अपने देशवासियों को देते रहे और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया।राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने अटल बिहारी वाजपेयी को अजातशत्रु कहा। कहा कि अटल जी ने जम्मू कश्मीर को एक निशान एक विधान के लिए संघर्ष किया था और उनकी विचारधारा पर चलकर सफलता भी प्राप्त हुई। इन्होंने नदियों को जोड़ने प्रयास किया था। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, अनिल टाइगर, श्रीचंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, कार्यक्रम संयोजक भारतीय सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष सामेला भगत, ब्रज बिहारी प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, परमेश्वर साहू विनोद राय, पशुपति नाथ पारस, मनीष शिखर, सजल कुमार, दीलीप पटनायक, सत्यजीत सिंह आदि नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चैनपुर में हर्षोल्लास से मना अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस



**चैनपुर(गुमला)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चैनपुर ने श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी का जन्म दिवस भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक की अध्यक्षता में स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री अमित किशोर पांडेय, युवा मोर्चा महामंत्री, विक्की साहू, दीपक रजक, सूरज कुमार, वसंत रौतिता, रुक्मणि देवी, इला देवी, संगीता देवी,अनिता देवी, असरिता देवी, ममता देवी, सविता देवी, शकुंतला देवी, अनुराधा देवी, मंजू देवी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भाजपा ने मनाई वाजपेयी की जयंती :** गुमला। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर भाजपा ने वीर कुंवर सिंह भवन में सुशासन दिवस व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, कवि आफताब अंजुम, सरफराज कुरैशी, युवा नेता देवेंद्र लाल उरांव, अधिवक्ता रविन्द्र सिंह, भूपन साहु, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, निर्मल गोयल, चैम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, लालमोहन साहू, शैल मिश्रा, सागर उरांव, चितरंजन मिश्रा, सुजीत नंदा, विद्या मिश्रा, रामवतार भगत, संजय वर्मा, अरविन्द मिश्रा, शम्भु सिंह, बालकेश्वर सिंह, दीप्ति उरांव, रामेश्वरी देवी, सोनामणि उरांव, विपिन सिंह, पायल तिवारी, गीता मिश्रा, संतोष सिंह, सौरभ पांडे, मंगल सिंह भोक्ता, कौशलेंद्र जमुआर, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, ज्योति वर्मा, देवेंद्र लाल उरांव, नेसार खान, दिनेश सिंह, राहुल बड़ाईक, रेखा सिन्हा, बबलू खान, अनिल साहू, संजीव कुमार, प्रकाश कुशवाहा, विजय शंकर दास, आदि उपस्थित थे।

भाजपा नगर मंडल ने भी अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया, जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने की। मौके पर राजकिशोर महतो ने कहा कि अटल बचपन से ही मेधावी थे और समाज कल्याण के कार्य में हिस्सा लिया करते थे। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि श्रद्धेय बाजपेई जी इतने महान थे कि देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए दिन रात काम किया। हमें उनके आचरण और कर्तव्य निष्ठा को अपने जीवन में समाहित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश महतो, संजय महतो, प्रदीप खत्री, अनूप वर्मा, विकास कांस्यकार, रामलाल उरांव, अशोक कांस्यकर, विक्की कुमार, ज्ञानेश गुप्ता, राजू महतो, अजय कुमार, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित हुए।

### अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई गई

**भंडरा।** पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती ग्राम भैसमुन्दो, बूथ नंबर 82 शक्ति केंद्र उदरंगी, मंडल भंडरा, जिला लोहरदगा, बिशुनपुर विधानसभा में मनाई गई। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, वार्ड सदस्य कांति देवी, अभिषेक सिंह, करमचंद महतो, इटवा उरांव, मनोज महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, विवेक सिंह, बालू देवी, छोटी कुमारी, वासुदेव उरांव, रामप्रसाद महतो, रूपेश सिंह, रोहित महतो मौजूद थे।

### कैरो भाजपा ने मनाई वाजपेयी की जयंती

**कैरो।** पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को कैरो भाजपा मंडल ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, ज़िला कार्यसमिति विसेश्वर प्रसाद दिन, मंडल महामंत्री विनोद रविदास, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो, शिवचरन तुरी, सुगेंद्र साह, लक्ष्मी सिंह, राधे साहु, कृष्णा यादव, राजेंद्र महतो आदि मौजूद थे।


## कार्यक्रम: पेशरार में स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई

# ‘शांतिप्रिय रहे हैं जनजातीय समाज के लोग’




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के तत्वाधान में पेशरार प्रखंड में स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जयंती मनाई गई, जिसमें पेसरार प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती हमेशा से धर्म को बचाने में लग रहे हैं। आज जिस तरह से हमारे गांव की बहने माताएं धर्म के शिकार हो रही है। बहुत ही चिंता का विषय है। जिस तरह से आदिवासियों के अधिकारों पर उनके हक का कब्जा हो रहा है यह ठीक नहीं है। यह लड़ाई आदिवासियों को जागृत करने के लिए है। अभी भी आदिवासी जागृत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी आदिवासी को किताबों में पढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम किताबों में पढ़ेंगे कि एक सामुदायिक था जंगलों में रहते थे आदिवासी इतिहास हो जाएंगे। दूसरे सामुदाय में जाने के बाद उनको जो आदिवासी को आरक्षण मिलता है वह भी खत्म करना होगा। धर्मांतरित लोग हमारी संस्कृति को विलुप्त करने का काम कर रहे हैं। जनजातीय समाज के लोग शांतिप्रिय रहे हैं समाज किसी का विरोधी नहीं है। धर्मांतरित करके हमारी संस्कृति को बर्बाद कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल सह गौरक्षा प्रमुख चांदन गोप, समाजसेवी सुभाष सिंह, राजेश महतो, संत किशोर सिंह, अरविंद यादव, नंद किशोर मिश्रा, दिनेश भगत, सलो देवी, रीना देवी, सृष्टि कुमारी, बिंदु माती देवी, नेहा देवी, और ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसान दिवस पर बच्चों ने किसानों का हमारे जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कक्षा एलकेजी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के बीच भारतीय किसान जीवन पर एक फैंसी ड्रेस और अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें बच्चों ने भारतीय किसानों/स्थानीय किसानों की पोशाक पहनी और अपने हाथों में कृषि उपकरणों को पकड़कर किसानों का हमारे जीवन में महत्व विषय पर प्रकाश डालते हुए बच्चों ने हिंदी/अंग्रेजी/नागपुरी भाषा में अपना विचार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में अर्चित मिश्रा, आरव तमेरा, अभिजीत पाठक, दर्श राज, विवान राज व आकर्ष पंकज तथा कक्षा यूकेजी में अथर्व कृत,अलिका अंबर,काव्या तरुशि, काव्या गुप्ता, रक्षित झा, काव्या मुखियार कक्षा प्रथम में शिवांश शर्मा, अथर्व सिद्ध, आरोही वर्मा, परी कुमारी, प्रयांश वर्मा, दिव्यांश मेहता तथा कक्षा द्वितीय में नव्या तरुशी, प्रिंस, जीविषा बोचीवाल, रीत कुमार, आयुष कुमार व अभिराज स्पर्श ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में अश्विन पात्रों, देवकी कुमारी, सोमिता दास, संगीता मित्तल, रजनी, वी श्वेता ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## एक नजर

### पूर्णिमा और क्रिसमस की छुट्टी पर गोवर्धन में उमड़ा आस्था का सैलाब, लगा लंबा जाम

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार को पूर्णिमा और क्रिसमस की छुट्टी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां गोवर्धन के गिरिराज तलहटी में दर्शन करने वालों की भीड़ पहुंची। सौंख अड्डा से लेकर डीग अड्डा तक वाहनों की कतार लगी हुई है। यहां जाम की स्थिति बनी हुई है। इससे श्रद्धालु परेशान हैं। देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं। गोवर्धन के मुख्य मंदिर दानघाटी के सामने लोग घंटों जाम में फंसे रहे। इस कारण तीर्थयात्रियों को परिक्रमा व दर्शन करने के लिए पैदल निकलना भी मुश्किल है। सौंख अड्डा से लेकर दानघाटी मंदिर, डीग अड्डा तक करीब 500 मीटर क्षेत्र में सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हैं। जाम खुलवाने के लिए पुलिस-प्रशासन भी जद्दोजहद करता नजर आया। एसडीएम मयंक गोस्वामी की भी गाड़ी दानघाटी मंदिर के सामने जाम में फंस गई।

### अयोध्या से पहुंचा प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत कलश

कुचायकोट। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अक्षत कलश बेलबनवा हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां से अक्षत कलश वितरित किया गया। मौके पर जिला सम्पर्क प्रमुख नीलमणि, जिला कार्यालय प्रमुख आनंद,शैलेश तोमर, सुबाष ,सत्येन्द्र, सुशांत , शिवकुमार उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन तिवारी, चंद्रेश सिंह आदि मौजूद थे।

### नीतीश ने नाराजगी से किया इनकार, हमें नहीं चाहिए कोई पोस्ट

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन से किसी भी तरह की नाराजगी से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी पद की इच्छा नहीं, सब कुछ जल्दी हो, यही मैं चाहता हूं। उन्होंने जदयू में भी किसी तरह की फूट से भी इनकार किया। पटना में सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए नाराजगी के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमको कुछ नहीं चाहिए, नाराज होने की बात ही कहां बनती है। हम कहीं नाराज नहीं है जो कुछ भी कहा जा रहा है वह गलत बात है। उन्होंने कहा कि मैंने तो सिर्फ यह कहा कि राज्यों में जल्दी से सीट का बंटवारा कर लीजिए, सब कुछ जल्दी-जल्दी तय कर लीजिए।भाजपा नेता सुशील मोदी के जदयू में फूट और अध्यक्ष ललन सिंह के हटाए जाने वाले बयान पर पूछे जाने पर नीतीश ने कहा कि कौन क्या बोलते हैं, हम ध्यान नहीं देने जा रहे हैं। आजकल कुछ लोग जो मन में आता है, वह बोलते रहता है, जिससे उसको उसका लाभ मिले। लेकिन, इससे किसी को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में कोई इधर-उधर नहीं है। हमारी पार्टी में सब एकजुट है, कहीं कोई दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से आगे कहा कि बिहार में देखिए कितना काम हो रहा है। नौकरी को लेकर 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही गई थी, आधे के नजदीक हमलोग पहुंच गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में मनाया गया क्रिसमस, सीजेआई डी चन्द्रचूड़ ने कहा

# राष्ट्र की रक्षा में बलिदान दे रहे सैनिकों को न भूलें




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि क्रिसमस मनाते समय हमें अपने सशस्त्र बलों के उन जवानों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह के जीवन का संदेश दूसरों की भलाई के लिए बलिदान देना था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हम सबकुछ त्याग देंगे, भले ही यह हमारे जीवन की बात हो, जैसा कि हमारे सशस्त्र बलों में बहुत से लोग राष्ट्र की सेवा में करते हैं। हमने दो दिन पहले सशस्त्र बलों के अपने चार सदस्यों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हाल में चार सैनिकों की शहादत का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, इसलिए, जब हम क्रिसमस मना रहे हैं, तो उन लोगों के बारे में न भूलें जो सीमाओं पर हैं, जो हमारे देश की रक्षा के लिए अपनी जान दे रहे हैं। जब हम जश्न में गाएं, तो उनके लिए भी गाएं। वह उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि बार के सदस्यों के लिए नए चैंबर बनाए जाएंगे। लंबित मामलों को कम करने के लिए कदम उठा रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह स्थगन की मांग संबंधी प्रक्रिया को संस्थागत बनाएंगे।

## प्रभु यीशु के जन्म लेते ही काशी के चर्चों में बजे घंटे, गूंजने लगा मैरी क्रिसमस



**एजेंसी। वाराणसी**

घड़ी की सुइयां जैसे ही रात 12 बजे एक हुईं, मसीही समुदाय के आराध्य प्रभु यीशु ने चरनी में जन्म लिया। गिरजाघरों में घंटे बज उठे। जगह-जगह कैरोल गाकर प्रभु यीशु के आगमन का संदेश काशी की फिजा में गूंज उठा। मसीही समुदाय खुशी और उल्लास से झूम उठे। एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। प्रभु के जन्म की खुशी में घरों और गिरजाघरों में केक काटे गए। एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। कैंटोनमेंट स्थित महागिरजा समेत सभी चर्चों में प्रभु यीशु की आराधना के लिए भीड़ उमड़ी रही। सर्द रात में सेंट मैरीज महागिरजा में रात 12 बजे बिशप हाउस का घंटा बजा तो धरती पर अमन के राजकुमार प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में मसीही झूम उठे। काशी धर्मप्रांत के बिशप यूजीन जोसेफ की अगुवाई में पुरोहित बालक स्वरूप में यीशु को अपने हाथों में लेकर चर्च की वेदी पर पहुंचे। मसीहियों ने दर्शन किए। वे यीशु की बालरूप की प्रतिमा की एक झलक पाकर धन्य हो उठे।

### दिल्ली में पीएम मोदी ने मनाया क्रिसमस, ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की



नई दिल्ली। आज देश में क्रिमसस का पर्व मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके अलावा बच्चों ने क्रिसमस दिवस के मौके पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे।वहीं दूसरी तरफ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च पहुंचे। यहां वह प्रर्थना में शामिल हुए। उन्होंने ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह चर्च दिल्ली के गोल डाकखाना में स्थित है। चर्च पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैंने ईसा मसीह से आशीर्वाद लिया है। हम सभी जानते हैं कि भगवान यीशु हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। आज उन्हें और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है। उन्होंने आगे कहा कि हम उनसे प्रेरणा लेना चाहते हैं। लोगों और समाज में सद्भाव, शांति और विकास स्थापित करने के लिए उनके रास्ते पर चलें। मैं क्रिसमस के अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

### यूपी में सेवानिवृत्त वन अधिकारी साइबर धोखाधड़ी के शिकार 29 लाख रुपये गंवाए

**लखनऊ।** सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने साइबर धोखाधड़ी में अपने पेंशन निपटान के 29 लाख रुपये गवां दिए, जो उन्हें एक महीने पहले ही मिले थे। पहले अलीगढ़ में तैनात राकेश चंद्र अब जानकीपुरम में रहते हैं। उन्होंने अपनी पुलिस शिकायत में कहा कि जालसाजों ने खुद को ट्रेजरी अधिकारी बताकर उनसे संपर्क किया था। शहर के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूर्व अधिकारी ने घोटाले में बैंक अधिकारियों के शामिल होने का भी आरोप लगाया। चंद्रा ने कहा कि उन्हें 8 दिसंबर को एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को लखनऊ के कोषागार से कुलदीप बताया। फोन पर बातचीत के दौरान कुलदीप ने उनकी सारी बैंकिंग जानकारी ले ली। चंद्रा ने कहा, जब मुझे एहसास हुआ कि यह एक ट्रैप कॉल है, तो मैं तुरंत अपने बैंक गया और बैंक अधिकारी से अपना खाता फ्रीज करने के लिए कहा। इसके बाद बैंक ने मेरा खाता सील कर दिया।" कुछ दिनों बाद उन्हें पता चला कि उनके खाते से सारे पैसे गायब हो गए हैं और बैंक अधिकारियों ने उनकी शिकायत पर विचार करने से इनकार कर दिया।

### दिव्यांगों का फैशन शो : रैंप पर बिखेरे जलवे

# हैरतअंगेज कारनामों से लूटी वाहवाही



**एजेंसी। जयपुर**

अपने बुलंद हौसलों के साथ जिंदगी के हर उतार-चढ़ाव को पार करने वाले दिव्यांगजनों ने जयपुर में रैंप पर कैटवॉक, व्हीलचेयर वॉक और कुछ हैरतअंगेज कारनामे किए। इन्हें देख हर कोई दातों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर हो गया। जयपुर में श्री बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान की ओर से स्पेशल एबल पर्सन सीजन-3 फैशन शो का आयोजन हुआ। इसमें राजस्थान और कई दूसरे प्रदेशों से आए 250 से ज्यादा दिव्यांगजनों ने रैंप पर अपने जलवे बिखेरें। जयपुर के सांगानेर में हुए इस आयोजन में दिव्यांगजनों ने अपने हुनर का ऐसा बेमिसाल प्रदर्शन किया, जिससे दिव्यांग और सक्षम के बीच का डिफरेंस खत्म होता नजर आया। यहां मल्टीपल स्क्लेरोसिस डिसेबल, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबल, श्रवण बाधित, दृश्य बाधित, लोकोमोटर डिसेबल, बौनापन से ग्रसित, अविकसित मांसपेशी और बौद्धिक अक्षमता वाले दिव्यांगजनों ने न सिर्फ व्हीलचेयर पर रैंप वॉक किया।

### नक्सलियों ने मुंशी को छोड़ने के बदले मांगी 30 लाख की लेवी

**गया।** बिहार के गया में नक्सली गतिविधियां बढ़ती जा रही है। यहां नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन कर्मियों को किडनैप कर लिया था। दरअसल जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र में हथियार से लैस नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में ड्यूटी कर रहे दो गार्ड और एक मुंशी को बीती रात अगवा कर लिया था। नक्सली की गिरफ्त में मुंशीः बाद में दोनों गार्ड को मारपीट कर छोड़ दिया गया। लेकिन नक्सलियों ने मुंशी को अब तक मुक्त नहीं किया है। जानकारी के अनुसार मुंशी को मुक्त करने के एवज में नक्सलियों के द्वारा 30 लाख लेवी की डिमांड की जा रही है। जानकारी के अनुसार लुटुआ थाना के भुसिया गांव में असुराइन जाने के मार्ग में रविवार रात के वक्त नक्सली आए थे। बताया जा रहा है कि नक्सली का दस्ता हथियार से लैस था। इस क्रम में दर्जनों की संख्या में रहे नक्सलियों के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में ड्यूटी कर रहे दो गार्ड और एक मुंशी को अगवा कर लिया।

# सीबीएसई ने पटना जोन के 36 स्कूलों की मान्यता की रद्द




**एजेंसी। पटना**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पटना जोन के 36 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है, इसमें दस स्कूल झारखंड से और शेष 26 स्कूल बिहार से है। बोर्ड ने इन स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। स्कूलों की जिलावार सूची वेबसाइट पर डाल दी गई है। अभिभावकों को आगाह भी किया गया है कि ऐसे स्कूलों में दाखिला लेने से बचें। बता दें कि इन स्कूलों से 2024 में सात हजार दो सौ परीक्षार्थी इस बार दसवीं बोर्ड के लिए परीक्षा फॉर्म भरा है। बोर्ड ने इन छात्रों के भविष्य को देखते हुए इन स्कूलों को अंतिम बार परीक्षा लेने की अनुमति दी है। सीबीएसई के अनुसार ये स्कूल कई वर्षों से चल रहे थे। छात्रों को कोई सुविधा भी नहीं देते थे और फीस के तौर पर मोटी रकम वसूलते हैं। गलत तरीके से चल रहा थे ये स्कूल सीबीएसई के अनुसार इन स्कूलों की मान्यता तो दी गई थी, लेकिन नियम को पूरा नहीं किया। बोर्ड परीक्षा में भी कई बार इन स्कूलों पर आरोप लगते रहे हैं। बोर्ड की ओर से पिछले कई महीनों से इन स्कूलों की जांच चल रही थी।

### तुलसी दिवस पर जानकी मंदिर में भक्तों के बीच किया तुलसी पौधे का वितरण

**अररिया।** सीमा पार नेपाल के जानकी मंदिर में तुलसी दिवस के मौके पर पूजा अर्चना करने वाले भक्तों के बीच तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। पर्यावरण अभियंता सुरेश शर्मा के द्वारा तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के तरफ कार्य कर रहे स्थानीय सनातनी धर्म के युवाओ के द्वारा श्रद्धालुओं को तुलसी के पौधे वितरित किए गए और तुलसी की महत्ता से अवगत करवाया गया। तुलसी पौधा वितरण कर रहे पर्यावरण अभियंता सुरेश शर्मा ने कहा कि तुलसी को हमारे घरों में देवी का रूप माना जाता है और यह हर प्रकार से पवित्र है। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में तुलसी लगाई जाती है,उस घर में भगवान वास करते हैं। तुलसी एक ऐसी वनस्पति है,जो धार्मिक रूप से हिदू समुदाय के लिए महत्वपूर्ण औषधि है। तुलसी केवल हमारी आस्था का प्रतीक भर नहीं है। इस पौधे में पाए जाने वाले औषधीय गुणों के कारण आयुर्वेद में भी तुलसी को महत्वपूर्ण माना गया है।

### प्राकृतिक आपदा के बाद पहली बार क्रिसमस पर शिमला, मनाली, सैलानियों से पैक

**शिमला।** बरसात के दौरान जुलाई और अगस्त माह में आई आपदा के बाद पहली बार क्रिसमस पर हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। अगले एक हफ्ते तक प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहने वाले हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी करोड़ों के कारोबार की उम्मीद है। दिल्ली से आने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें, पर्यटन विकास निगम की बसें और निजी वोल्वो पैक चल रही हैं। कालका-शिमला ट्रैक पर दौड़ने वाली सभी ट्रेनें 5 जनवरी तक के लिए पैक हैं और लंबी वेटिंग चल रही है। भारी संख्या में पर्यटक सड़क मार्ग से भी प्रदेश का रुख कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पेश आ रही है। सोलन के सनवारा टोल प्लाजा और मंडी के पंडोह से मनाली तक लंबा जाम लग रहा है। सोलन से एनएच-5 से होते हुए शिमला की ओर दो दिन में 21,000 से अधिक वाहन रवाना हुए। इधर, पिछले एक दिन में 16 हजार पर्यटक वाहन और 80 हजार लोग कुल्लू जिल में पहुंचे।

### आतंकी साजिश नाकाम एलओसी के पास मिला हथियारों का जखीरा

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने जम्मू के ज्यौड़ियां क्षेत्र के पटवार छन्नी दिवानू के नजदीक रविवार की सुबह ड्रोन से गिराए गए हथियारों के दो पैकेट बरामद कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया है। इन पैकेटों में छह बैटरी चालित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक पिस्तौल, कारतूस और 35 हजार रुपये की भारतीय मुद्रा रखी गई थी। जिन खेतों से यह सामान बरामद किया है वह नियंत्रण रेखा के पास स्थित हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह हथियार आतंकियों के लिए भेजे गए थे। इसी क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ को नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया था। पैकेट कि सुबह करीब 7.50 बजे खौर क्षेत्र के चन्नी दीवानो गांव में एक खुले मैदान में देखे गए। सेना और पुलिस ने तुरंत एक संयुक्त अभियान चलाया और बम निरोधक दस्ते की मदद से पैकेट खोले गए, जिससे छह आईईडी, एक 9-एमएम इटली में बनी पिस्तौल, तीन मैगजीन, 30 राउंड, एक हैंड ग्रेनेड,35,000 की नकदी,एक टेप, रिलीजिंग कार्ड, जिप टाइप प्लास्टिक लॉक निकला।

# स्थिर सरकारों की उपयोगिता देश को बता गए अटल : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। लखनऊ**

वाजपेयी ने सफलतापूर्वक इसकी आधारशिला रखी। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी आधारशिला पर नये भारत के भव्य भवन का नया स्वरूप हम सभी देशवासी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत, विकास खंड, विधानसभा, मंडल तथा राज्य स्तर पर वाजपेयी की जयन्ती के शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रमों को भव्यता से आयोजित कराएगी। इसके माध्यम से स्थानीय लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव से लेकर प्रदेश स्तर पर अटल जी की स्मृति में कवि सम्मेलन प्रारम्भ होने चाहिए। विश्वविद्यालयों में वाजपेयी पर शोध होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि हिंदुस्तान की राजनीति में स्थायित्व कैसे होना चाहिए और स्थिर सरकारें देश के लिए किस प्रकार उपयोगी होती हैं।

### सम्राट चौधरी बोले- जेडीयू की बैठक से बीजेपी का लेना-देना नहीं

**पटना।** नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू की दिल्ली में 29 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक होनी है। जिसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कि बैठक में कुछ बड़े फैसले लिए जा सकते है। चर्चा तो मौजूदा पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह के हटाए जाने की भी है। जदयू की इस महाबैठक पर बिहार बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि जदयू की बैठक से हमें कोई लेना-देना नहीं है। हमारा एक ही मकसद है। और वो है इंडिया गठबंधन को 2024 में चुनाव हराना। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित हो, जिसकी हमको चिंता है न कि जदयू की बैठक की । महागठबंधन की सरकार में राज्य में कानून का राज खत्म हो गया है। और अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। लेकिन बीजेपी बालू, शराब और जमीन माफिया के खिलाफ लड़ती रहेगी।

### कर्नाटक में जातीय जनगणना व्यवस्थित ढंग से नहीं करायी गयी नये सिरे से सर्वेक्षण कराएं : येदियुरप्पा



त्रिवेंद्रपुरम। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि जातीय जनगणना नाम से चर्चित कर्नाटक का सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण व्यवस्थित ढंग से नहीं कराया गया, ऐसे में राज्य की कांग्रेस सरकार से अनुरोध है कि वह नये सिरे से सर्वेक्षण कराए और तथ्यों को लोगों के सामने रखे। कर्नाटक में वर्चस्व रखने वाले दो समुदायों (वोक्कलिगा और लिंगायत) ने भी इस सर्वेक्षण को अवैज्ञानिक करार देते हुए अस्वीकार कर दिया है तथा मांग की है कि इसे खारिज कर नये सिरे से सर्वेक्षण कराया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने कहा, सभी के दिमाग में यह बात है कि सर्वेक्षण व्यवस्थित ढंग नहीं कराया गया। मेरी भी ऐसी ही राय है। इसलिए नये सिरे से जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाए तथा तथ्यों से लोगों को अवगत कराया जाए। मैं सरकार से इस दिशा में ईमानदार प्रयास करने की अपील करता हूं। येदियुरप्पा लिंगायत समुदाय से आते हैं। साल 2015 में सिद्धरमैया की अगुवाई वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार (2013-2018) ने राज्य में 170 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण कराया था जिसे जातीय जनगणना कहा गया था।

## श्मशान तक जाने वाले रास्ते पर दबंगों का कब्जा, शव रखकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण



**एजेंसी। डौसा**

हिंदू संस्कृति में एक कहावत है कि जिस आदमी को जीते जी जगह न मिले, उसे श्मशान में जगह जरूर मिलती है। लेकिन यहां मामला कुछ इस तरह हो गया कि श्मशान में जाने का रास्ता तक नहीं बचा, जिसके चलते दौसा जिले में सिकराय के संवासा गांव में रास्ते की समस्या के कारण एक बुजुर्ग की अर्थी को बीच में ही रखकर करीब दो घंटे से बैठे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि दबंगों ने आम रास्ते में कब्जा कर रखा है। रविवार देर रात संवास गांव में एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। श्मशान की ओर जाने वाले आम रास्ते में तारबंदी कर दबंगों ने संवासा गांव से श्मशान तक पहुंचने के रास्ते पर कब्जा किया हुआ है। ऐसा नहीं है कि इस कब्जे से श्मशान जाने वाले रास्ते पर कब्जे की जानकारी प्रशासन को न हो, लेकिन इस मामले में कार्रवाई नहीं हो पा रही। पूरे मामले की जानकारी होने के बाद मौके पर सिकराय तहसीलदार दिनेश मीना, नायब तहसीलदार और थानाधिकारी मय जाब्ता तैनात हैं, जिसके चलते दो घंटे से बैठे हुए हैं। लेकिन खबर लिखे जाने तक समस्या का समाधान नहीं हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों का

### चीखती रही युवती, चाकू से वार करते रहे हमलावर

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव में युवती की बेरहमी से हत्या की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। दो युवक युवती के गर्दन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करते रहे और वह चीखती रही। वह हमलावरों से जिंदगी की भीख मांगती रही लेकिन उन्हें युवती पर दया नहीं आई। उधर, 100 मीटर की दूरी से दौड़ती हुई आ रही दिव्यांग मां की आंखों के सामने बेटी ने तड़प-तड़पकर जान दे दी। दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव निवासी आशा राजभर और उसके पति जयतुन राजभर दोनों दिव्यांग हैं। जयतुन राजभर की छह पुत्रियां हैं। वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पटियाला में रहकर मजदूरी करते हैं। वहीं आशा गांव के ही एक व्यक्ति का खेत बटाई पर लेकर खेती करती है। दिव्यांग आशा अपनी 21 साल की बेटी शबनम के साथ गेहूं की सिंचाई करने खेत में गई थी। शबनम खेत से घर जाने के लिए निकली। करीब 100 मीटर की दूरी पर पहुंची तभी उसके चींखने की

### अटल जी को नमन करने पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

# गठबंधन से नाराजगी और जदयू में टूट की अटकलों पर तोड़ी चुप्पी



**एजेंसी। पटना**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन की बैठक को लेकर चल रही अटकलों पर लगाम लगा दिया था। इंडी गठबंधन की बैठक के बाद नाराजगी से सवाल पर सोमवार सुबह स्पष्ट कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक से हमें कोई नाराजगी नहीं है। हम जरा सा भी नाराज नहीं है। हमारी इच्छा है कि सब लोग (विपक्ष) एकजुट हो। गठबंधन में पद के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी कोई इच्छा ही नहीं है इनसब के प्रति। हमारी इच्छा केवल यह है कि सब लोग एक साथ मिलकर देश का इतिहास बदलाने वालों के खिलाफ लड़ें। इधर, जनता दल (यूनाईटेड) में टूट के सवाल पर कहा कि हमारी पार्टी एकजुट है। सबलोग साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कोई टूट नहीं होने वाला है।

### इंडिया के लोग सिर्फ किटी पार्टी करते हैं, एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं : शाहनवाज

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने इंडिया गठबंधन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता सिर्फ किटी पार्टी करते हैं और एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते रहते हैं। दरअसल, आज सोमवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भागलपुर में भाजपा ने भी इस दिन को यादगार बनाने के लिए शहर भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए। यहां मुंदीचक स्थित एक विवाह भवन में अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने पहले अटल बिहारी वाजपेयी के तैलीय चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई कार्यक्रम किए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है।

### सेहरा सजने से पहले ही बेटे ने दिया देश के लिए बलिदान, पार्थिव शरीर देख बिलख पड़ी मां



श्रीनगर। जम्मू के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में आतंकी हमले में बलिदानी गौतम कुमार का पार्थिव शरीर आज सोमवार को उत्तराखंड पहुंचा। पार्थिव शरीर को सेना के विमान से देहरादून एयरपोर्ट लाया गया। यहां सेना ने बलिदानी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, सीएम धामी ने भी बलिदानी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिजनों को ढाढ़स बंधाया। इसके बाद बलिदानी के पार्थिव शरीर को सेना के हेलीकॉप्टर से उनके घर भेजा गया। यहां विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने बलिदानी को श्रद्धांजलि दी। पार्थिव शरीर के घर पहुंचते ही परिजनों की आंखें भर आईं। मां बेटे के पार्थिव शरीर को देखते ही बिलख पड़ी। गौतम की शादी होने वाली थी। सेहरा सजने से पहले ही बेटे के बलिदान की खबर से पूरे परिवार में मातम है। दो साल पहले ही उनके पिता का निधन हुआ था। वह शिक्षा विभाग में थे। माता नीलम देवी गृहणी हैं। गौतम चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। राहुल भी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। बिता दें कि बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में हुए आतंकी हमले में गढ़वाल मंडल के दो वीर बलिदान हो गए थे।

# सावधानी है उपाय...

झारखंड में साइबर अपराध की घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस प्रकार यह एक बड़ी समस्या बनते जा रही है। साइबर अपराधी सीधे-साधे लोगों को मोबाइल में उलझा कर बैंक खाते से पैसे निकाल रहे हैं। इस लिए सावधानी जरूरी है। किसी भी अज्ञात कॉल पर ओटीपी नंबर कभी भी नहीं देनी चाहिए। गोपनीयता भंग होने पर कभी भी कोई साइबर अपराधियों के निशाने पर आ सकता है। मोबाइल पर लोकलु भावने आफर का लोभ खतरनाक साबित हो सकता है। साइबर ठग का गिरोह रोज नये-नये तरीके अपना रहे हैं। यही कारण है कि हाल के दिनों में साइबर ठगी की घटना बढ़ रही है। ऐसे तत्वों को पकड़ने में पुलिस को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि पुलिस नयी तकनीक से वंचित है। जबकि साइबर ठग नयी तकनीक से लैस हैं। इसके लिए पुलिस को भी नयी तकनीक के मामले में जानकार होना जरूरी है। इसके लिए तंत्र को नयी तकनीक से दक्ष होना पड़ेगा। इसके लिए संसाधनों को विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए लगातार प्रशिक्षण की जरूरत है। ऐसे अपराध से बचने के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। साइबर ठगी का यह गिरोह पढ़ा लिखा होता है। ऐसे में सर्तकता जरूरी है। ये ठग जहां एक ओर बैंक खाते खाली कर रहे हैं। वहीं अश्लील वीडियो बना कर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। दूसरी तरफ अपने झांसे में लेकर लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसलिए व्हाट्सएप पर किसी भी मैसेज पर सर्तकता जरूरी है। होता यह है कि ये साइबर अपराधी लड़की का इस्तेमाल ऐसे गंदे कामों के लिए करते हैं। जिसके जाल में युवा पीढ़ी फंस जाती है। बहरहाल इन ठगों से बचने के लिए किसी प्रकार के लोभ में नहीं पड़ने की जरूरत है। कुल मिलाकर सर्तकता ही इससे बचने का उपाय है। फेसबुक पर दोस्ती,चैटिंग सोच समझ कर करने की जरूरत है। कारण ऐसे ठग कभी भी किसी के खाते में डकैती डाल सकते हैं। यह गिरोह पूर्वनियोजित ढंग से पहले मीठी-मीठी बातों में लोगों को फांसने की कला में पारंगत होता है। ऐसे में सावधानी ही एक मात्र उपाय है, इससे बचने के लिए। राज्य के कई हिस्सों में साइबर ठगों का दबदबा है। पुलिस का ऐसे मामलों में साफ कहना है कि ऐसे तत्वों से बचने के लिए सावधानी जरूरी है। सरकार ने साइबर थानों का गठन किया है। लगातार ऐसे मामले यहां बार-बार आ रहे हैं। लेकिन इसके सफाये की दिशा में कई प्रकार की परेशानी आ रही है। बहरहाल साइबर ठगों का जमावड़ा राज्य के जामताड़ा जिले में सक्रिय है। इस गिरोह का सरगना देश के कई हिस्सों में अपना पांव पसार चुका है। यही कारण है कि झारखण्ड के कई हिस्सों में इस दबदबा है। पुलिस की सक्रियता के बाद भी आम आदमी को सतर्क रहने की जरुरत है।


**मोबाइल पर लोकलु भावने आफर का लोभ खतरनाक साबित हो सकता है। साइबर ठग का गिरोह रोज नये-नये तरीके अपना रहे हैं। यही कारण है कि हाल के दिनों में साइबर ठगी की घटना बढ़ रही है। ऐसे तत्वों को पकड़ने में पुलिस को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि पुलिस नयी तकनीक से वंचित है। जबकि साइबर ठग नयी तकनीक से लैस हैं। इसके लिए पुलिस को भी नयी तकनीक के मामले में जानकार होना जरूरी है। इसके लिए तंत्र को नयी तकनीक से दक्ष होना पड़ेगा। इसके लिए संसाधनों को विकसित करने की जरूरत है।**

# फिर बढ़ रही कोरोना की तेज रफ्तार

## इन दिनों


ऋतुपर्ण दवे

**देश** में एक बार फिर कोरोना दस्तक दे चुका है? लेकिन सच यही है कि कोरोना आने के बाद से ही कभी गया ही नहीं? हां, पाबंदियां हटती गईं और दबा संक्रमण धीरे-धीरे पसरता रहा और हम सब बेफिक्र रहे। देश हो या प्रदेश, जिले हों या नगर या गांव हों या पंचायतें लोग इतनी जल्दी उस दर्दनाक मंजर को भूल भी गये जो हफ्ते, महीने दिन नहीं पूरे दो साल तक दुनिया में तबाही मचाता रहा! वो वाकये भी याद नहीं रहे जो जिन्दगी भर का दर्द दे गये? शायद इसी गलती, चूक या लापरवाही का नतीजा है, जो कोरोना की डरावनी रफ्तार फिर उसी अंदाज में बेखौफ बढ़ती जा रही है। कोविड-19 द्वारा लोगों की जान को लीलना कभी थमा नहीं था। हां, कम या बीच में कुछ वक्त ब्रेक लगने का भ्रम जरूर था। अब दिसंबर आखिरी हफ्ते में आई तेजी ने जनवरी 2020 की याद दिला दी। अभी गंभीर संक्रमण या अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा नहीं होने के कारण लोग हल्के से ले रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि नया वैरिएंट जेएन.1 धीरे-धीरे हावी होता जा रहा है जो अधिक संक्रमणीय होकर बहुत तेजी से फैल रहा है। इसके मुख्य लक्षण मुख्य रूप से बुखार के साथ लगातार या रुक-रुक कर हल्की-तेज खांसी, सांस लेने में तकलीफ या सांस नली में दिक्कत, थकान, मांसपेशियों और शरीर में दर्द के साथ ही सिरदर्द, गले में खराश, नाक बहना या बंद रहना है। ये लक्षण इतने आम होते हैं कि लोग जल्द समझ ही नहीं पाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को खुद को संक्रमित होने से बचना-बचाना होगा। विशेषज्ञों ने भी वरिष्ठ नागरिकों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है।



इस संक्रमण के ताजे रिसर्च ने सबको हैरान कर दिया है। नया वैरिएंट गले को बुरी तरह से प्रभावित करता है जिससे आवाज तक जा सकती है। यह बात भी सामने आई है कि इससे मौतों के बढ़ने के मामले और अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या में वैसी बढ़ोतरी नहीं हुई, जैसी कि डेल्टा वैरिएंट के वक्त थी। लेकिन अब इस संक्रमण से स्वाद और गंध के साथ आवाज जाने की संभावना चिकित्सक बता रहे हैं। 15 साल की एक बच्ची ने इस वायरस के चलते अपनी आवाज गंवा दी, जिसके बाद चिकित्सक काफी गंभीर हैं। इस सच्चाई को स्वीकारना ही होगा कि बीते एक पखवाड़े में इससे भले ही चंद मौतें हुईं लेकिन ये चिंताजनक हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में 24 दिसंबर की सुबह तक 656 केस नये मामले मिले जबकि 23 दिसबंर को 752 मिले थे यह 21 मई, 2023 के बाद अब तक मिले सबसे अधिक हैं। इन मामलों के बाद देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामले 4 हजार के लगभग हो गये हैं। हालांकि पिछले 24 घंटों में केवल एक ही मौत हुई। इधर आंकड़े बताते हैं कि 20 नवंबर से 17 दिसंबर यानी 28 दिनों में विश्व में कोविड के 8.50 लाख से अधिक नये मामले सामने आये और इसी अवधि में इस संक्रमण से 3,000 से अधिक मरीजों की मौतें हुईं। वहीं 17 दिसंबर तक दुनिया भर में कोविड के 77 करोड़ 20 लाख से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी थी। वहीं लगभग 70 लाख मौतें भी दर्ज हो चुकी हैं। ताजे आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में 13 नवंबर से 10 दिसंबर के दौरान 1 लाख 18 हजार से अधिक ऐसे मामले सामने आये जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा तो 1,600 से अधिक को आईसीयू में दाखिल करना पड़ा। इस तरह जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वो चिन्ताजनक हैं। जाहिर है यह गंभीर या लगातार खांसी, फ्लू या फेफड़ों से संबंधित ज्यादा पीड़ितों के आंकड़े हैं। वास्तविक आंकड़े इससे कई गुना अधिक होंगे जो इस मुगालते में होंगे कि उनको सर्दी, खांसी या फ्लू जैसी साधारण तकलीफ है। पहले भी यही साधारण बीमारियां असाधारण बन गईं थीं।

**कोविड-19 द्वारा लोगों की जान को लीलना कभी थमा नहीं था। हां, कम या बीच में कुछ वक्त ब्रेक लगने का भ्रम जरूर था। अब दिसंबर आखिरी हफ्ते में आई तेजी ने जनवरी 2020 की याद दिला दी। अभी गंभीर संक्रमण या अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा नहीं होने के कारण लोग हल्के से ले रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि नया वैरिएंट जेएन.1 धीरे-धीरे हावी होता जा रहा है जो अधिक संक्रमणीय होकर बहुत तेजी से फैल रहा है। इसके मुख्य लक्षण मुख्य रूप से बुखार के साथ लगातार या रुक-रुक कर हल्की-तेज खांसी, सांस लेने में तकलीफ या सांस नली में दिक्कत, थकान, मांसपेशियों और शरीर में दर्द के साथ ही सिरदर्द, गले में खराश, नाक बहना या बंद रहना है। ये लक्षण इतने आम होते हैं कि लोग जल्द समझ ही नहीं पाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को खुद को संक्रमित होने से बचना-बचाना होगा। विशेषज्ञों ने भी वरिष्ठ नागरिकों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है। इस संक्रमण के ताजे रिसर्च ने सबको हैरान कर दिया है। नया वैरिएंट गले को बुरी तरह से प्रभावित करता है जिससे आवाज तक जा सकती है। यह बात भी सामने आई है कि इससे मौतों के बढ़ने के मामले और अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या में वैसी बढ़ोतरी नहीं हुई, जैसी कि डेल्टा वैरिएंट के वक्त थी। लेकिन अब इस संक्रमण से स्वाद और गंध के साथ आवाज जाने की संभावना चिकित्सक बता रहे हैं। 15 साल की एक बच्ची ने इस वायरस के चलते अपनी आवाज गंवा दी, जिसके बाद चिकित्सक काफी गंभीर हैं।**

## आप की बात

### अलाव की व्यवस्था से लोगों में राहत

कोडरमा में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सड़क किनारे और रेलवे स्टेशन पर रात गुजारने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है। जिससे गरीब और लाचार लोगों को काफी ठंड से राहत मिली है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा गरीब और लाचार लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। इधर ठंड को देखते हुए नगर पंचायत के प्रशासक की देखरेख में नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जबकि सड़क किनारे रात गुजारने वाले लोगों के बीच कंबल का वितरण भी नगर प्रशासक ने किया। कड़ाके की ठंड तक अलाव जलाने की व्यवस्था जारी रहेगी। इधर बाजार समिति सचिव अभिषेक आनंद और नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्द्धन ने स्टेशन के आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया,ताकि ठंड से राहत मिल सके। उपरोक्त व्यवस्था से गरीब व असहाय लोगों को काफी राहत महशूस कर रहे हैं। मौसम विभाग अभी आगे भी ठंड बढ़ने का संकेत दे रहा है। जिसे देखते हुए आम गरीब व फुटपाथी बेसहारों को अलाव और कंबल के सहारे की जरुरत पड़ेगी। हालांकि इस विषय में जिला प्रशासन लागतार कार्य कर रहा है।

## राजनीति

# प्रतिबंधित हो मानव बलि लेने वाली अंधविश्वास पूर्ण तंत्र-मंत्र विद्या


निर्मल रानी


**भारत** वर्ष एक ऐसा अद्भुत देश है जहां 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज देकर उसी देश के लोगों को यह भी समझा दिया जाता है कि यदि तीसरी पारी में सत्ता हासिल हुई तो देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बना देंगे। शायद इन्हीं 'राशन लाभार्थियों' के बल पर? जहाँ चंद्रयान छोड़े जा रहे हों विकास की नित नई गाथायें लिखने के दावे किये जा रहे हों। उसी देश में आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में अंधविश्वास व पाखंड से भरी ऐसे अनेक खबरें आये दिन सुनाई देती हैं जिन्हें देख पढ़ कर रूह काँप जाती है। इंसान यह सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि धर्म-आस्था व अंधविश्वास के इस घालमेल ने मनुष्य को कितना क्रूर, अमानवीय व हिंसक बना दिया है? रोज कहीं न कहीं गांव-मुहल्ले के बलशाली लोग किसी न किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति को खासकर महिला को चुड़ैल, भूतनी या डायन बता कर उसपर मनमाना अत्याचार करते हैं। किसी को पीट पीटकर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सियों या लोहे की जंजीरों से जकड़कर, किसी पेड़ से बाँध दिया जाता है। उसे भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी अनेक पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म भी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में नाममात्र कार्रवाई भी होती है। परन्तु इस देश में जितना न्याय किसी गरीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं। इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या। इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार, हत्या, धन ऐंठना, ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्रायः पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक भी रही है।

**इस देश में जितना न्याय किसी गरीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं। इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# हूती विद्रोहियों ने भारत अमेरिका सहित कई देशों की चिंता बढ़ाई


किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर अनेक ऐसी घटनाएं होती है जिनका असर न केवल पूरी दुनियां के देशों और उनकी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि वहां के एक आम नागरिक पर भी पड़ता है। मसलन पिछले करीब 2 वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध से पेट्रोलियम व अन्य पदार्थों का असर आम नागरिकों पर पढ़ते दिखाई दिया है। परंतु अब फिर इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है, जहां एक ओर सरकारी या निजी भरपूर नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर अनेक शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर से जाना बंद कर लंबी फेरी लगाकर घूम कर आने के लिए बाध्य हो रहे हैं, जिसकी लॉजिस्टिक कास्ट बहुत हाई हो रही है जिससे खाद्य व पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने और हर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी संकट खड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि हूती विद्रोहियों द्वारा जारी हमले के कारण लाल सागर मार्ग से कारोबार करने वाली दुनियां की कई बड़ी शिपिंग फार्मो ने इस मार्ग पर अपने कारोबार रोक दिये हैं जिसके कारण पूरी दुनियां में यह पांच प्रभाव हो रहे हैं। (1) महंगाई बढ़ सकती है।(2) क्रूड ऑयल के दाम बढ़ रहे हैं। (3) ग्लोबल लेवल पर उथल-पुथल मच सकती है।(4) भारत के कोल इंपोर्टेड पर फर्क नहीं पड़ने की संभावना है। (5) अमेरिका ने हूती हमले का जवाब देने के लिए 20 देशों का गठबंधन बनाया है। वैश्विक महंगाई व उथल पुथल रोकने तथा आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचाने वाले हूती विद्रोहियों पर नकेल कसना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला करने की करें तो ईरान का समर्थन करने वाले हूती विद्रोहियों द्वारा यमन के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है जिसमें लाल सागर से जुड़ा पश्चिमी तट भी शामिल है। यहां से हूती विद्रोही हमास के समर्थन में हमले कर रहे हैं। हमले की जद में इजरायल के जहाजों सहित अमेरिका भारत सहित कुछ देशों के जहाज लपेटे में आ रहे हैं।

**इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है।**

# ऋषि मार्कण्डेय की कथा


## बोधि वृक्ष

उसका दोस्त थानेदार कुछ मदद नहीं कर सका। क्योंकि राजा का संविधान है कि यदि कोई किसी की हत्या करेगा तो उसे मृत्यु दण्ड प्राप्त होगा। उस नादान व्यक्ति ने अपने दोस्त दरोगा की आज्ञा मान कर राजा का संविधान भंग कर दिया। जिससे जीवन से हाथ धो बैठा। ठीक इसी प्रकार पवित्र गीता जी व पवित्र वेद यह प्रभु का संविधान हैं। जिसमें केवल एक पूर्ण परमात्मा की पूजा का ही विधान है, अन्य देवताओं - पितरों - भूतों की पूजा करना मना है। पुराणों में ऋषियों (थानेदारों) का आदेश है। जिनकी आज्ञा पालन करने से प्रभु का संविधान भंग होने के कारण कष्ट पर कष्ट उठाना पड़ेगा। इसलिए आन उपासना पूर्ण मोक्ष में बाधक है।

**गरीब, भूत रमै सो भूत हैं , देव रमै सो देव**

**राम रमै सो राम है , सुनो सकल सुर भेव**

श्रीमद्भगवद् गीता अध्याय 9 श्लोक 25, अध्याय 7 श्लोक 12-15 और 20-23, अध्याय 16 श्लोक 23-24 में भी इस बात का प्रमाण है कि जो लोग श्राद्ध (पित्रों/मृतक पूर्वजों की पूजा) करते हैं वे पितृ और भूत बन जाते हैं। उन्हें मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है।

**निष्कर्ष :** ऋषि-महर्षियों (ऋषि-महान ऋषियों) ने वेदों में 'ओम' नाम को ईश्वर प्राप्त करने का मोक्षदायक मंत्र जान कर भगवान को प्राप्त करने के लिए 'ओम' नाम का जाप व तप जैसी धार्मिक साधना की, लेकिन 'ब्रह्म' को नहीं देख सके। इसी प्रकार, कुछ उपासक बलपूर्वक ध्यान (हठ योग) द्वारा शरीर के भीतर एकाग्र होकर, कुछ आतिशबाजी देखकर या कुछ धुनों को सुनकर इसे ईश्वर की प्राप्ति मानने लगे। दरअसल, वह सब ब्रह्म-काल की चाल थी। काल के जाल को आनंद मानकर वे अपने अनमोल जीवन को बर्बाद करते रहे। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# फोन के कवर में रखते हैं नोट तो हो जायें सावधान

**जब** आप अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखते हैं तो फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। अक्सर आपने देखा होगा कि, लोग अपने फोन के कवर के पीछे पैसे, डॉक्यूमेंट यहां तक की एटीएम कार्ड तक रखे रहते हैं। इतना ही नहीं ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो अपने घर की चाबी तक फोन के कवर के अंदर रख देते हैं। इस संदर्भ में एक्सपर्ट कहते हैं कि फोन के कवर के पीछे सामान को रखना, चीजों को रखना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है, खासकर के नोट या पेपर संबंधी चीजों को फोन के पीछे रखना तो बेहद ही जोखिम भरा हो सकता है। आईए जानते हैं वह कौन से रीजन है जिसको लेकर यह चेतावनी एक्सपर्ट द्वारा जारी की जा रही है।



**बढ़ता है दबाव :**जब आप अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखते हैं तो फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। ऐसे में आपको अपने फोन के पीछे किसी भी वस्तु जिसमें आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड, घर या बाइक की चाबी, सिक्के जैसी वस्तुओं को रखने से बचना चाहिए।

**आग लगने की संभावना :** जब आप अपने फोन के पीछे किसी भी सामान को रखते हैं तो पहले ही बताया गया है कि वह फोन के टेंपरेचर को बढ़ाने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# त्वचा के लिए फायदेमंद है सरसों का तेल

आपने अपने घर के बुजुर्गों को अपनी त्वचा पर बरसों से सरसों का तेल लगाते देखा होगा। हालांकि आजकल पूरी तरह से शुद्ध सरसों का तेल तो मिलता नहीं है लेकिन फिर भी जो सरसों का तेल बाजार में मिल रहा है वह पूरी तरह से सरसों का ही है। सरसों का तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। त्वचा के साथ-साथ यह बालों के लिए भी गुणकारी है। आज के युवा बाजार में मौजूद विभिन्न प्रकार के उत्पादनों का प्रयोग करते हैं और सरसों के तेल का नाम सुनते ही उनके मुँह का जायका बिगड़ जाता है। हमारे समय में जो सरसों का तेल बाजार में आता है उसे चेहरे पर लगाते ही जलन का अहसास होता है। आजकल इस जलन का अहसास न हो इसके लिए इसमें कुछ रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है। सरसों का तेल त्वचा के लिए लाभकारी है। सरसों के तेल में बहुत सारे विटामिन और ओमेगा-3 होता है, जो त्वचा को लाभ प्रदान करते हैं। इस तेल को अपने शरीर पर लगाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आप अपने बुढ़ापे को बचा सकते हैं। लगातार सरसों के तेल का उपयोग त्वचा पर करने से झुर्रियों का आगमन देर से होता है। त्वचा हमेशा चिकनी व कोमल रहती है।



**त्वचा में लाए निखार :** प्रतिदिन रात को सोते वक्त अपने चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों जैसे पैर, टांगे, हाथ व बांहों पर सरसों का तेल लगाने से शरीर व चेहरे की रंगत में सुधार आता है। यह टैनिंग, पिगमेंटेशन, चेहरे पर निशान और दाग-धब्बों को दूर करने में सहायता करता है। उम्र के अनुसार शरीर पर पड़ने वाली झुर्रियों को कम करता है। सरसों का तेल रात को सोने से पहले लगाने से साफ और दमकती त्वचा प्राप्त होती है।

**करता है प्राकृतिक सनस्क्रीन का काम :** वर्तमान में युवा इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं जिनमें एसपीएफ 20 से अधिक होता है। वास्तविकता यह है कि सरसों के तेल से ज्यादा फायदे कोई सनस्क्रीन नहीं है। सरसों के तेल में उच्च लेवल का विटामिन ई होता है, जो प्राकृतिक सनस्क्रीन की तरह काम करता है। यह सूरज की हानिकारक किरणों से हमारी त्वचा को बचाता है और समय से पहले झुर्रियों को आने से भी रोकता है।



**मुंहासे रहते हैं दूर :** किशोरावस्था में आते ही लडके/लड़कियों के चेहरे पर मुंहासे दिखाई देने लगते हैं। इन मुंहासों से चेहरे की सुन्दरता खत्म हो जाती है और इससे छुटकारा पाने के लिए युवा कई प्रकार के जतन करते हैं। मुंहासों से छुटकारा पाने का सबसे आसान तरीका सरसों के तेल का है। सरसों के तेल और नारियल के तेल को बराबर की मात्रा में एक साथ मिला लें। फिर इस तेल से चेहरे की पांच मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। इसके एक घंटे बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। लगातार कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपके चेहरे से मुंहासों का नामो-निशान व उसके दाग छूट जाएंगे।

**रिंकल्स से मिलेगा छुटकारा :** रिंकल्स केवल चेहरे पर ही नहीं होते, बल्कि हाथ-पैर में भी हो जाते हैं। इनको दूर करने के लिए, आप रोज रात में सोने से पहले, चेहरे और हाथ-पैरों में सरसों के तेल की मालिश करें। तेल को हल्का गुनगुना कर लेंगे तो और भी अच्छा होगा। जब तेल स्किन में एब्जॉर्ब हो जाये, तो गीले तौलिये से साफ कर लें।

**त्वचा को करता है मॉश्चराइज :** सरसों का तेल सूखी त्वचा को अच्छी तरह से मॉश्चराइज करता है। इसके लिए हथेली पर कुछ बूंदें सरसों के तेल की लें, साथ में कुछ बूंदें पानी की मिलाएं। तेल पानी के इस मिक्सचर से पांच मिनट तक चेहरे की मसाज करें। इसके बाद चेहरा धो लें।



**सूखे व रूखे होठों को बनाता है मुलायम :** वर्तमान में युवा अपने होंठों को मुलायम बनाने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करते हैं। लिप बाम से होंठ कुछ समय के लिए ही मुलायम होते हैं। यदि आप स्थायी तौर पर अपने होंठों को मुलायम पाना चाहते हैं तो आप सरसों के तेल का इस्तेमाल करें। सरसों का तेल प्राकृतिक नेचुरल मॉश्चराइजर है। जो होठों की नमी को बरकार रखते हुए उन्हें मुलायम बनाए रखता है।

**मृत त्वचा को करे साफ :** एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर सरसों के तेल फ्री-रेडिकल्स से लड़ने और त्वचा की मृत कोशिकाओं को साफ करने में मदद करता है। यह त्वचा के लिए एक प्राकृतिक रूप में काम करता है और त्वचा की गहराई से सफाई करता है।

यदि आप भी सरसों के तेल के इस्तेमाल से स्किन से जुड़ी हर परेशानी को दूर करना चाहते हैं तो इसका रोजाना या फिर सप्ताह में 2 से 3 बार इस्तेमाल जरूर करें। इसे इस्तेमाल करने की विधि बेहद आसान है। एक कॉटन बॉल लें और उसे शुद्ध सरसों के तेल में भिगोकर दाग-धब्बे, मुंहासे या धूप से जल चुकी स्किन पर लगाएं। आप चाहें तो तेल को नारियल के तेल या बेसन में मिलाकर भी लगा सकती हैं।

# प्रेग्नेंसी के इतने हफ्ते बाद सुन सकते हैं बच्चे की धड़कन

**अनन्या मिश्रा**

एक मां के लिए अपने बच्चे की धड़कन सुनना सबसे सुकून पल होता है। लेकिन कई बार यह बेचैनी और तनाव की वजह भी बन जाती है। क्योंकि बच्चे का हृदय बनने और हार्टबीट आने में थोड़ा समय लगता है। हर महिला और व्यक्ति के लिए पेरेंट्स बनना उनके जीवन का सबसे खास समय होता है। हांलाकि प्रेग्नेंसी का समय न सिर्फ खुशियां बल्कि कुछ परेशानियां लेकर भी आता है। हर महिला को प्रेग्नेंसी के शुरूआती दिनों में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव भी होते हैं। तो वहीं दूसरी ओर गर्भ में पलने वाले बच्चे की सलामती के लिए कई तरह की चिंताएं उन्हें परेशान करती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को एक बात की चिंता सबसे ज्यादा होती है और वह है गर्भ में पलने वाले बच्चे की धड़कन। एक मां के लिए अपने बच्चे की धड़कन सुनना सबसे सुकून पल होता है। लेकिन कई बार यह बेचैनी और तनाव की वजह भी बन जाती है। क्योंकि प्रेग्नेंसी के शुरूआती दिनों में गर्भ में पलने वाले बच्चे की धड़कन को ट्रैक करना काफी मुश्किल होता है। वहीं बच्चे का हृदय बनने और हार्टबीट आने में थोड़ा समय लगता है। लेकिन जब इस दौरान बच्चे की धड़कन ट्रैक नहीं हो पाती है, तो वह टेंशन में आ जाती हैं। ऐसे में महिला के मन में बच्चे के विकास और सेहत की चिंताए घेर लेती हैं। यह तनाव और बेचैनी उनकी प्रेग्नेंसी के लिए अच्छी नहीं मानी जाती है। हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो गर्भ में पलने वाले बच्चे के हृदय के विकास और धड़कन आने के पीछे कई कारक जिम्मेदार होते हैं। इसलिए कई बार बच्चे की हार्टबीट नहीं आ पाती है। ऐसे में यह जानना मायने रखता है कि आपका गर्भधारण कब हुआ है, कौन से सप्ताह में बच्चे की हार्टबीट आनी शुरू होगी। यह डॉक्टर से बेहतर और कौन जान सकता है। लेकिन कई बार उत्सुकता के कारण मां बन रही महिलाएं हार्टबीट सुनने का अनुरोध करती हैं और हार्टबीट ट्रैक न हो पाने के कारण तनाव में आ जाती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस सप्ताह में बच्चे की हार्टबीट सुनाई देती है और इसे किस तरह से ट्रैक किया जा सकता है।



**कब सुनाई देती है बच्चे की हार्टबीट :** हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक आमतौर पर गर्भ में पलने वाले भ्रूण के हृदय का विकास होने के बाद प्रेंग्नेंसी के छठे और आठवें सप्ताह के दौरान बच्चे के दिल की धड़कन को ट्रैक किया जा सकता है। वहीं पांचवे सप्ताम के आसपास बच्चे का हृदय बनना शुरू हो जाता है। वहीं 5वें सप्ताह के आखिरी और 6वें सप्ताह के अंदर बच्चे का दिल धड़कना शुरूकर देता है। इसको एम्ब्रियोनिक हार्टबीट कहा जाता है। यह भ्रूण के स्वतंत्र संचार प्रणाली की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है।

**गर्भकालीन आयु :** आपको बता दें कि यह भ्रूण का एक अहम कारक होता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी के 6वें या 8वें सप्ताह में बच्चे के दिल की धड़कन का पता लगाया जा सकता है। हांलाकि आपको कुछ डिफरेंसेज देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में आपके डॉक्टर इन भिन्नताओं की समीक्षा कर इस पर विचार करते हैं।

**बच्चे की पोजीशन :** गर्भ में पलने वाले बच्चे की पोजीशन दिल की धड़कन की ध्वनि को स्पष्टता देती है। कई बार पोजीशन की वजह से भी डॉक्टर धड़कन की स्पष्टता में कमी महसूस कर सकते हैं।

**मातृ कारक :** मां बनने वाली महिला की शारीरिक संरचना काफी मायने रखती है। क्योंकि पेट का एक्स्ट्रा फैट बच्चे के दिल की धड़कन की स्पष्टता को प्रभाविक कर सकता है। हांलाकि कुछ मामलों में डॉक्टर सटीक ट्रैकिंग के लिए अन्य ऑप्शन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ऐसे ट्रैक करें दिल की धड़कन :** एक्सपट्र्स के मुताबिक बच्चे के दिल की धड़कन को ट्रैक करने के कई तरीके होते हैं। जैसे डॉपलर उपकरण, घर पर इस्तेमाल किए जाने वाला भ्रूण डॉपलर उपकरण अल्ट्रासाउंड इमेजिंग और स्टेथोस्कोप के माध्यम से भी हार्टबीट ट्रैक किया जा सकता है। ऐसे में पहली बार आप तिमाही में बच्चे की धड़कन को ट्रैक करने के लिए कह सकते हैं। साथ ही बच्चे की हार्टबीट को ट्रैक करने के तरीके के बारे में भी जान सकते हैं। घर पर हार्टबीट ट्रैक करने के लिए डॉक्टर आपको नीचे बताए जा रहे कुछ सुझाव दे सकते हैं।

**डॉपलर डिवाइस :** डॉपलर अल्ट्रासाउंड उपकरण का इस्तेमाल कर डॉक्टर बच्चे की धड़कन की ध्वनि का पता लगाने के साथ उसे बढ़ा भी सकते हैं। डिलीवरी से पहले जांच के दौरान इन उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है। हांलाकि सटीक रीडिंग जानने के लिए आपको डॉक्टर पर विश्वास करना जरूरी है।

**अल्ट्रासाउंड इमेजिंग :** आमतौर पर इस डिवाइस का इस्तेमाल डॉक्टर द्वारा हार्टबीट को ट्रैक किए जाने का सबसे भरोसेमंद तरीका है। इससे विकासशील भ्रूण की कल्पना करने के साथ हार्टबीट को सुनने में मदद मिलती है।

**स्टेथोस्कोप :** कुछ मामलों में बच्चे की दिल की धड़कन को सुनने के लिए डॉक्टर स्टेथोस्कोप का इस्तेमाल कर सकते हैं। अल्ट्रासाउंड और डॉपलर उपकरणों की तुलना में यह तरीका काफी कम उपयोग में लाया जाता है।

**घरेलू फेटल डॉपलर :** बता दें कि कुछ पेरेंट्स बच्चे की धड़कन को सुनने के लिए घर पर हैंडहेल्ड भ्रूण डॉपलर उपकरणों का इस्तेमाल करने हैं। हांलाकि अनावश्यक तनाव से बचने के लिए इन उपकरणों का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल किया जाना जरूरी है। इस तरह से जांच करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# ठंड में फ्रिजी हेयर की प्रॉब्लम से ना हों परेशान



**मिताली जैन**

ठंड के दिनों में हेयर वॉश के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करना बेहद ही आम बात है। लेकिन ऐसा करने से आपके बालों का प्राकृतिक तेल छिन जाता है, जिससे फ्रिजीनेस की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए, गर्म पानी की जगह गुनगुने पानी से बालों को धोएं। ठंड के मौसम में हर किसी को फ्रिजी हेयर की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। दरअसल, इस मौसम में हवा बहुत ठंडी होती है और उसमें नमी की कमी होती है। ऐसे में बालों की नमी भी कहीं पर खो जाती है और वे फ्रिजी हो जाते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपके बाल अनहेल्दी है। बस आपको उन्हें मैनेज करने के लिए उनके मॉइश्चर लेवल का ध्यान रखना होगा। ठंड के मौसम में फ्रिजी हेयर को हैंडल करना काफी मुश्किल हो जाता है।

**करें डीप कंडीशनिंग :** इस मौसम में बालों में फ्रिजीनेस की मुख्य वजह उनमें मॉइश्चर की कमी होती है। ऐसे में अगर बालों की डीप कंडीशनिंग की जाए तो इससे हाइड्रेशन लेवल को बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे आप फ्रिज की समस्या से भी छुटकारा पा सकती हैं। अपने बालों को हाइड्रेटेड रखने के लिए मॉइस्चराइजिंग शैम्पू और कंडीशनर का उपयोग करें। साथ ही साथ, सप्ताह में एक बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें।

**गर्म पानी से ना धोएं बाल :** ठंड के दिनों में हेयर वॉश के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करना बेहद ही आम बात है। लेकिन ऐसा करने से आपके बालों का प्राकृतिक तेल छिन जाता है, जिससे फ्रिजीनेस की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए, गर्म पानी की जगह गुनगुने पानी से बालों को धोएं।

**बालों को ठंडी हवा से करें प्रोटेक्ट :** सर्दी के दिनों में अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो ऐसे में अपने बालों को ठंडी हवाओं से प्रोटेक्ट करने की कोशिश करें। बेहतर होगा कि आप बाहर निकलने से पहले टोपी या स्कार्फ पहनें।

**हीट स्टाइलिंग टूल को करें अवॉयड :** जहां तक संभव हो, आपको ठंड के दिनों में हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ये टूल्स जैसे फ्लैट आयरन और कर्लिंग आयरन आदि आपके बालों की नमी को छीन लेते हैं और उन्हें फ्रिजी बना देते हैं। यदि आपको उनका उपयोग करना ही है, तो पहले हीट प्रोटेक्टेंट स्प्रे लगाएं।

## ब्रेस्टफीडिंग से जुड़े इन मिथकों को

# सच मानते हैं लोग



वहीं जिन महिलाओं के स्तन सामान्य से कम होते हैं, उनपर कोई भी आउटफिट निखरकर नहीं आते हैं। बता दें कि महिलाओं के बीच स्तनों के साइज को लेकर कई मिथक फेमस हैं। जिनको अधिकतर लोग सच मान बैठते हैं। ब्रेस्ट साइज लड़कियों या महिलाओं की पर्सनालिटी में काफी अहम भूमिका निभाते हैं। ब्रेस्ट का सही आकार महिलाओं व लड़कियों की पर्सनालिटी को निखारने का काम करते हैं। साथ ही इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। वहीं जिन महिलाओं के स्तन सामान्य से कम होते हैं, उनपर कोई भी आउटफिट निखरकर नहीं आते हैं। बता दें कि महिलाओं के बीच स्तनों के साइज को लेकर कई मिथक फेमस हैं। जिनको अधिकतर लोग सच मान बैठते हैं।

**समान रहता है ब्रेस्ट साइज :** अधिकतर लोगों को लगता है कि महिलाओं के स्तन का आकार पूरी उम्र एक समान रहता है। लेकिन यह एक बड़ा मिथ है। क्योंकि वेट बढ़ने के साथ ही महिलाओं के स्तनों के आकार में भी बदलाव आता है। महिलाओं के स्तनों का आकार उम्र के मुताबिक बदलता रहता है। इसलिए यह मिथक गलत है।

**ब्रेस्टफीड से ढीले हो जाते हैं स्तन :** अक्सर लोग यह सोचते हैं कि ब्रेस्टफीड करवाने से महिलाओं के स्तन ढीले या फिर लटकने लगते हैं। जबकि ऐसा सोचना भी बिलकुल गलत है। स्तनपान करवाने से स्तत ढीले नहीं होते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ ही स्तन ढीले होने लगते हैं। ऐसे में आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप बिना डरे शिशु को स्तनपान करवा सकती हैं।

**एक्सरसाइज से बढ़ता है ब्रेस्ट साइज :** अगर किसी लड़की के ब्रेस्ट का आकार छोटा है। तो वह आकर्षित नहीं लगते हैं। ऐसे में उनको एक्सरसाइज या फिर योग करने की सलाह दी जाती है। स्तन ऊतकों से बने होते हैं, न कि मांसपेशियों से। एक्सरसाइज करने से मसल्स मांस बढ़ता है, लेकिन इससे ब्रेस्ट साइज के आकार में बदलाव नहीं आता है।

**मिल्क प्रोडक्डशन :** कई महिलाओं को लगता है कि स्तन का साइज बड़ा होता है, तो मिल्क प्रोडक्शन भी बढ़ता है। लेकिन इस बात में जरा भी सच्चाई नहीं है। ब्रेस्ट साइज का और मिल्क प्रोडक्शन का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। कई बार स्तनों का आकार बढ़ा होने के बाद भी दूध का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता है।

**बंद हो जाता है किशोरावस्था के बाद स्तनों का बढ़ना :** अपने जीवन के हर पड़ाव पर महिलाओं को शरीर में बदलाव का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर लोगों को लगता है कि किशोरावस्था के बाद ब्रेस्ट साइज का बढ़ना बंद हो जाता है। हांलाकि हार्मोनल बदलावों या फिर अन्य कारणों की वजह से स्तनों का आकार प्रभावित हो सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6925

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6924 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**26 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2023 वर्ष का 360 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 06.03 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 22.21 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 03.21 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 17.52 बजे तदनन्तर बव 06.03 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.05 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 09.52 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 11.25 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.55 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.35 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.47 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 21.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.15 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | तुला | 01.26 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.40 ब.से |
| | | धनु | 05.56 बजे से |

**चन्द्रायु** 13.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 23'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871839
**जूलियन दिन** 2460304.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 12
**विशेष** अन्नपूर्णा जयंती, मार्गशीर्ष पूर्णिमा, त्रिपुर भैरवी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7987

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी,संयम,पाश-3
3. मनुष्य,इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका,टूंटी
8. प्रलय,महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण,निर्मिती-3
14. हुनर,आर्ट-2
15. उम्मीद,आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल,अनुतीर्ण-3
20. आभास,भास-3
22. वध-2
24. जी,इच्छा,चित-2
25. सब्जी का सड़ना,बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल,स्थिर,रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम,राहत-3
4. मछली,मत्स्य,राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त,मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण,आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान,इमारत-3
21. कमी,थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार,मनाही-2

**शब्द पहेली -7986 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | भ | ■ | न | र | म | ■ | मा | त |
| म | ■ | शा | म | ■ | द | म | ■ | प |
| क | न | क | ■ | ज | ■ | ना | प | ना |
| ■ | मा | ■ | ख | न | क | ■ | र | ■ |
| रा | ज | दा | र | ■ | स | रो | व | र |
| ■ | गा | ■ | ल | गा | म | ■ | रि | ■ |
| र | ह | न | ■ | ल | ■ | मि | श | न |
| म | ■ | ख | त | ■ | पा | ब | ■ | जा |
| ल | य | ■ | बा | च | क | ■ | ता | त |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृष राशि :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्क राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह राशि :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कन्या राशि :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुला राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा।

**वृश्चिक राशि :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनु राशि :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकर राशि :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभ राशि :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन राशि :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### 22 जनवरी को अयोध्या जाने वाली उड़ानों को पड़ोसी जिलों में पार्क किया जाएगा

**अयोध्या (यूपी)।** राम मंदिर के अभिषेक समारोह के लिए 22 जनवरी को गणमान्य व्यक्तियों को अयोध्या ले जाने वाले विमान अयोध्या के अलावा गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज के हवाई अड्डों पर तैनात किए जाएंगे। कम से कम 100 विमान अयोध्या हवाई अड्डे पर उतरेंगे और या तो मंदिर शहर में रहेंगे या आसपास के जिलों के लिए रवाना होंगे। अयोध्या से आठ और शहरों के लिए उड़ानों की घोषणा की गई है, जो 6 जनवरी से शुरू होंगी। पहले, यह घोषणा की गई थी कि उड़ानें अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ेंगी, लेकिन अब हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और गोवा को मंदिर शहर से जोड़ने वाली उड़ानें शुरू की जाएंगी।

### घने कोहरे के कारण एक दर्जन से अधिक वाहन टकराए

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़-बुलंदशहर राजमार्ग पर सोमवार सुबह घने कोहरे के चलते एक दर्जन से अधिक वाहनों में टक्कर हो गई। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 86 किलोमीटर दूर हापुड़ के हाफिजपुर कोतवाली इलाके में हुई है। इस हादसे से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आई है। जिसमें कई सारे वाहन क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहे हैं। दुर्घटना में घायल लोगों को बचाने के लिए आपातकालीन सेवाओं को तुरंत मौके पर भेजा गया और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अशोक गहलोत ने राजस्थान कैबिनेट विस्तार में देरी पर सवाल उठाए

**जयपुर।** भाजपा शासित राजस्थान में मंत्री पदों के बंटवारे में देरी पर सवाल उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि राज्य सरकार के हर विभाग में भ्रम की स्थिति है। ऐसे में आम जनता में निराशा है, जो चुनाव परिणाम के 22 दिनों के बाद भी अपने मंत्रियों को नहीं जानते हैं।

### राजस्थान में मंत्रीमंडल का विस्तार शीघ्र

**जयपुर।** भाजपा के सूत्रों ने बताया कि स्टेट पार्टी यूनिट शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए आलाकमान की हरी झंडी का इंतजार कर रही है, जो अगले दो दिनों में कभी भी हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि नये मंत्रिमंडल में अनुभवी नेता और पहली बार मंत्री बने विधायक होंगे। पिछली बीजेपी सरकार में वसुंधरा राजे कैबिनेट के कुछ चेहरों को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है।

# तमिलनाडु के राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने देखी सुबह-ए-बनारस

**एजेंसी। वाराणसी**

काशी तमिल संगमम-2 में भाग लेने आए तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को अस्सीघाट पर सुबह-ए-बनारस का अतुलनीय प्राकृतिक सौन्दर्य देखा। ठंड और कोहरे भरी सर्द हवाओं के बीच गंगा की इठलाती लहरों और अंधेरे को चीरते हुए भगवान सूर्य की किरणों की लालिमा देख दोनों विशिष्ट जन आह्लादित हो गए। घाट पर सुबह-ए-बनारस के मंच पर आध्यात्मिक संस्कृति, संगीत और योग का अतुलनीय समन्वय देख तमिलनाडु के राज्यपाल ने इसे सराहा।



संगीत की सुरमयी रागों के साथ सेहत को लेकर जागरूक लोगों को योग करते और सिखाते योगी भी आकर्षण में रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अस्सी घाट पर काशी की आध्यात्मिक संस्कृति, संगीत और योग के अतुलनीय समन्वय की झलक देखकर अभिभूत हूं। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में काशी तमिल संगमम-2023 में सहभागिता का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन से हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी बल भी मिलेगा। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह आयोजन हो रहा है और हमारा सौभाग्य है कि बीते वर्ष भी इस आयोजन में आने का सुअवसर मिला था। काशी और अस्सी जितना सुना था, उससे बेहतर है। जीवन भर यहां का आनंद आपके साथ चलता है।

# सरकार ने उपभोक्ता आयोगों के लिए शुरू की ई-जागृति पोर्टल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और राज्य उपभोक्ता आयोगों के लिए ई-जागृति पोर्टल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सुविधा खोल दी है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में सुविधाओं का शुभारंभ करते हुए उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ई-जागृति पोर्टल, एनसीडीआरसी के लिए वीसी सुविधा, एनटीएच में ड्रोन परीक्षण, 17 भाषाओं में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन 2.0, भारत सरकार के उपभोक्ताओं की विश्वास बहाली के प्रयासों का उदाहरण है। मंत्री ने उपभोक्ता मामलों के विभाग से जागरुकता फैलाने, विकल्प प्रदान करने, उपभोक्ताओं को कुशल शिकायत निवारण और उनसे निरंतर प्रतिक्रिया प्राप्त करके जागृति को एक जन आंदोलन बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

# गरीब, युवा, महिलाएं, किसान- मेरे लिए ये चार बड़ी जातियां: प्रधानमंत्री

### इंदौर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों को मिली बकाया राशि, दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े मोदी

**एजेंसी। इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके लिए देश में चार जातियां सबसे बड़ी हैं- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है। प्रयास है कि देश का श्रमिक सशक्त बने और समृद्ध भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित मजदूरों के हित मजदूरों को समर्पित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर में हुकुमचंद मिल के श्रमिकों के लगभग 224 करोड़



रुपये के चेक आधिकारिक परिसमापक और हुकुमचंद मिल के श्रमिक संघ के प्रमुखों को सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि स्वच्छता और स्वाद के लिए मशहूर इंदौर कितने ही क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। इंदौर के विकास में यहां के कपड़ा उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार ने गरीबों का जीवन बदलने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी पहली प्राथमिकता है। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार की नई टीम को हमारे श्रमिक परिवारों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हुकुमचंद मिल, इंदौर के मजदूरों को उनका हक दिलाया। यह मध्यप्रदेश शासन की ऐतिहासिक पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित 'मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में सहभागिता की एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

# कोरोना के वेरिएंट जेएन1 से 63 लोग हुए संक्रमित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोरोना के नये वेरिएंट जेएन 1 के मामलों में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार रविवार को देश भर में कोरोना के इस नये वेरिएंट से 63 लोग संक्रमित हुए हैं। संक्रमण के सबसे अधिक मामले गोवा से आए हैं। मंत्रालय के अनुसार रविवार को गोवा में नये वैरिएंट से 34 लोग संक्रमित पाए गए हैं। महाराष्ट्र से 09, कर्नाटक में 08, केरल से 06, तमिलनाडु से 04 और तेलंगाना से 02 लोग कोरोना के इस नये वेरिएंट से संक्रमित हुए हैं।उल्लेखनीय है कि इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 4,054 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक रविवार को देशभर में कोरोना के कुल 656 नए मामले सामने आए ।



### केंद्रीय निकाय ने बच्चों में घातक एडेनोवायरस वेरिएंट को लेकर बंगाल सरकार को किया आगाह

**कोलकाता।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कोलकाता और इसके आस-पास के जिलों में बच्चों में एडेनोवायरस के घातक संस्करण के प्रसार पर पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग को आगाह किया है। यह रहस्योद्घाटन आईसीएमआर से संबद्ध नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हैजा एंड एंटरिक डिजीज (एनआईसीईडी) के हालिया निष्कर्षों के बाद किया गया है, जो एडेनोवायरस के लिए व्यक्तियों के नमूना परीक्षण पर आधारित है। एडेनोवायरस के लिए परीक्षण किए गए 3,115 व्यक्तियों में से, कुल 1,257 का परीक्षण सकारात्मक रहा और घातक संस्करण 40 व्यक्तियों में था, इनमें से अधिकांश बच्चे थे। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अलर्ट मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सावधानी बरती जा रही है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023 की शुरूआत में पश्चिम बंगाल में एडेनोवायरस ने खतरनाक रूप ले लिया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, दिसंबर 2022 के अंत के बीच की अवधि में एडेनोवायरस पॉजिटिव व्यक्तियों के 1,200 मामले सामने आए थे और मार्च 2023 के अंत में, ज्यादातर बच्चे, और उस अवधि के दौरान इससे प्रभावित होने वाली कुल मृत्यु का आंकड़ा 19 था। हालांकि, उस समय मौत के आंकड़ों पर विवाद हुआ था, क्योंकि डॉक्टरों के संघों ने राज्य स्वास्थ्य विभाग पर आंकड़ों को छोटा दिखाने का आरोप लगाया था। उस समय, राज्य सरकार ने एडेनोवायरस से प्रभावित लोगों के मामलों की निगरानी करने और उनका उचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए आठ सदस्यीय टास्क फोर्स का भी गठन किया था।

# सहेली से शादी के लिए जेंडर चेंज कराया, फिर उसे जिंदा जला डाला

**एजेंसी। चेन्नई**

एक ट्रांससेक्शुअल व्यक्ति ने एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि ये दोनों एक दूसरे को बचपन से जानते थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध की पहचान वेट्री मारन के रूप में हुई है, जो एक ट्रांस पुरुष है। वेट्री मारन ने अपने बचपन की सहपाठी जो कि मदुरै की एक 25 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी उसे जिंदा जला दिया। नंदिनी को उसके इरादों पर संदेह नहीं हुआ क्योंकि वेट्री मारन ने कहा था कि वह



उसके जन्मदिन से पहले उसे कुछ सरप्राइज देना चाहता है। नंदिनी यहां अपने रिश्तेदार के घर पर रह रही थी। वास्तव में 26 वर्षीय वेट्री मारन पहले पंडी महेश्वरी थी। उसने नंदिनी से विवाह के लिए अपना जेंडर चेंज करवाया था। वह बचपन से मदुरै के एक स्कूल में नंदिनी के साथ पढ़ती थी। महेश्वरी द्वारा अपना नाम बदलकर वेट्री मारन करने के बाद भी नंदिनी ने मानवीय आधार पर अपनी दोस्ती जारी रखी थी, दोनों ने यहां एक ही कंपनी में काम किया था।

### अमित शाह ने दी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने एक्स हैंडल पर दिवंगत नेता वाजपेयी को नमन करते हुए लिखा- अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की। उन्होंने भाजपा के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। शाह ने कहा कि जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।

# चीन के पूर्वोतर भाग में न्यूनतम तापमान माइनस 40 डिग्री पहुंचा

**एजेंसी। चीन**

चीन की राजधानी बीजिंग में ठंड में बीते 75 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बीजिंग में दिसंबर के महीने में 300 घंटे तक तापमान शून्य से नीचे रहा जो एक रिकॉर्ड है। चीन के उत्तरी और उत्तर पूर्वी हिस्से में आर्कटिक से आने वाली हवाओं के कारण तापमान इतना नीचे गिरा है। पूर्वोत्तर का तापमान इस दौरान माइनस 40 डिग्री पहुंच गया है। रविवार 24 दिसंबर तक बीजिंग में तापमान लगातार शून्य से नीचे रहा है। आंकड़ों के अनुसार 11 दिसंबर के बाद से 300 घंटे से अधिक समय तक लगातार बीजिंग में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। वर्ष 1951 के बाद से यह सर्वाधिक अवधि है जब बीजिंग का तापमान इतने लंबे समय तक शून्य से - डिग्री तक रहा हो। राजधानी में नौ दिनों तक - 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे का तापमान रहा है।

### कई शहरों में हीटिंग सप्लाई में गिरावट

बीजिंग में तापमान लगातार न्यूनतम बना हुआ है। इसे देखते हुए दक्षिण पश्चिम में मध्य चीनी प्रांत हिरण के कई शहरों में सर्दियों में होने वाली हीटिंग की अधिक मांग के बीच इसकी सप्लाई में गिरावट भी देखने को मिली है। स्थानीय थर्मल पावर सप्लायर के पास सप्लाई सुनिश्चित करने का भारी दबाव बन रहा है। बढ़ती ठंड के बीच स्थानीय सप्लायर के पास हीटिंग बॉयलर खराब हो गए हैं।

### एमपी : मोहन यादव मंत्रिमंडल में शामिल किए गए 28 मंत्री

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। सोमवार को 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई, जिनमें दस वे चेहरे नहीं हैं, जो कभी शिवराज सरकार में हुआ करते थे। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव और उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के साथ जगदीश देवड़ा पहले ही शपथ ले चुके थे। सोमवार को 28 नए मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रिमंडल विस्तार पर गौर करें तो 10 ऐसे विधायक हैं, जिन्हें मंत्री बनने का मौका नहीं मिला है। नवगठित मंत्रिमंडल में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मीना सिंह, बिसाहू लाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, बृजेंद्र सिंह यादव, उषा ठाकुर, ओमप्रकाश सकलेचा, हरदीप सिंह डंग और प्रभु राम चौधरी को मंत्री नहीं बनाया गया है।

# सेना प्रमुख का पुंछ दौरा हालात का लिया जायजा

**एजेंसी। जम्मू**

सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर का दौरा किया। सेना ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट हैंडल पर कहा, जनरल मनोज पांडे ने पुंछ सेक्टर का दौरा किया। इस दौरान उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कमांडरों से बातचीत की, उन्हें सबसे पेशेवर तरीके से ऑपरेशन चलाने और सभी चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ और स्थिर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। 21 दिसंबर को बफलियाज के डेरा की गली इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे। आतंकवादियों ने इलाके में सेना की एक जिप्सी और एक ट्रक को निशाना था। आतंकवादियों ने सैनिकों के शवों



को क्षत-विक्षत कर दिया और उनके हथियार लेकर भाग गए थे। आतंकियों की तलाश के लिए पुंछ और राजौरी में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। इसके बाद मुठभेड़ की जगह के पास सेना ने तीन नागरिकों की कथित तौर पर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नागरिकों को सेना ने यातनाएं देकर मारा है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मारे गए नागरिकों के लिए मुआवजे की भी घोषणा की है। परिजनों को मुआवजे के तौर पर सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है।

**विवादित बोल** | राहुल के करीबी सैम पित्रोदा ने ईवीएम पर उठाए सवाल

# ईवीएम के खिलाफ मतदान बहिष्कार पर हो विचार

### राजनीतिक दलों को विरोध प्रदर्शन शुरू करना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के बाद टेक्नोक्रेट और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ इसे अपनी सुविधा के अनुसार कैसे नियंत्रित किया जा सकता है और इसमें हस्तक्षेप कैसे संभव है, इसे जल्द ही उजागर करेंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों से ईवीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करने और मतदान के बहिष्कार के बारे में भी विचार करने को कहा।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बेहद करीबी पित्रोदा ने कहा कि ईवीएम को किसी की सुविधा के अनुसार नियंत्रित किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ भी काम कर चुके पित्रोदा ने कहा कि वर्तमान में भारत में इस्तेमाल की जा रही ईवीएम मशीन कोई स्टैंड अलोन मशीन नहीं है। आईओसी चेयरमैन ने कहा कि समस्या तब शुरू हुई, जब वीवीपैट मशीन को ईवीएम से जोड़ा गया। उन्होंने कहा, "वीवीपीएटी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से मिलकर बना एक अलग उपकरण है।" उन्होंने कहा कि वीवीपैट को ईवीएम से जोड़ने के लिए एक विशेष कनेक्टर का उपयोग किया जाता है, जिसे एसएलयू कहा जाता है। पित्रोदा ने कहा, यह एसएलयू कई सवाल खड़े करता है। एसएलयू कनेक्टर ही वीवीपैट में दिखाता है कि किस बटन से वोट किस पार्टी को जाएगा। इसे मतदान से पहले प्रोग्राम किया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एसएलयू जोड़ने के बाद ईवीएम अब अकेली मशीन नहीं रह गई है। इसमें वो सभी तरह के काम किए जा सकते हैं, जिनकी बात की जा रही है। इसलिए हम चाहते हैं कि वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची वर्तमान में थर्मल प्रिंटर के माध्यम से जारी की जाती है और इसे केवल कुछ हफ्तों तक ही सुरक्षित रखा जा सकता है, इसके बजाय एक प्रिंटर का उपयोग किया जाना चाहिए, जो अगले पांच वर्षों तक पर्ची को सुरक्षित रखेगा।

फिल्म जगत

# अरबाज खान की शादी में सलमान खान ने बांधा समां



**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी बंधन में बंध गए हैं। वहीं उनके भाई सलमान खान ने अपने गानों से महफिल लूट ली। इस जोड़े ने अर्पिता और आयुष के आवास पर अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ एक छोटी सी पार्टी का आयोजन किया। सलमान ने पार्टी में जोरदार एंट्री की। नवविवाहित जोड़े के साथ 'तेरे मस्त मस्त दो नैन' गाने पर डांस करते अभिनेता का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सलमान को अरबाज की पत्नी शूरा खान और उनके बेटे अरहान के साथ थिरकते देखा जा सकता है। उन्होंने 'सुल्तान' के 'जग्ग घुमेया' और 'टाइगर जिंदा है' के 'दिल दियां गल्लां' जैसे गानों पर भी डांस किया। सलमान ने ग्रे रंग का पठानी सूट पहना हुआ था और वह अपने भाई की शादी का जश्न मनाते हुए मस्ती के मूड में दिख रहे थे और ट्रैक पर थिरक रहे थे। इससे पहले अरबाज ने शादी की पहली आधिकारिक तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ह्लअपने प्रियजनों की उपस्थिति में मैं और मेरा जीवन प्रेम और एकजुटता की शुरूआत कर रहे हैं।

## एक नजर

### राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि आर्पित की।

### 26दिसंबर को सभी जिलों,मंडलों में राष्ट्रीय वीर बाल दिवस मनाएगी भाजपा

**रांची।** भारत सरकार ने 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस घोषित किया है। यह भारत के सिख गुरुओं की महान बलिदान परंपरा का दिन है। दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत इसी दिन हुई थी। प्रदेश भाजपा इस दिवस को जिला और मंडल स्तर मनाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक गुरविंदर सिंह सेठी ने दी। सेठी ने बताया कि वीर बाल दिवस लोगों को देश के सम्मान की रक्षा केलिए दस सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान का स्मरण कराएगा।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्य उत्तराखंड रवाना

**रांची ।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड के सदस्य सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन से गरीब रथ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। वहां से उत्तराखंड के ऋषिकेश के लिए रवाना होंगे। 28 दिसम्बर को उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित होने वाली चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकीकरण की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार (पुटू), राष्ट्रीय सैनिक संस्था यूनिट के सचिव ऋषभ कुमार, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, कार्यकारणी सदस्य सत्यम कुमार ठाकुर और मुन्ना कुमार शामिल होंगे।

### आदिवासियों को स्वार्थी तत्वों का आहार व हथियार नहीं बनने देंगे : बंधु तिर्की

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों के समन्वित, संतुलित, भेदभाव रहित और संपूर्ण विकास के लिए 4 फरवरी 2024 को राजधानी के मोरहाबादी मैदान में झारखंड जनाधिकार मंच द्वारा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया जायेगा। तिर्की ने कहा कि इस महारैली में न केवल आदिवासियों के मुद्दे पर गहन विमर्श करते हुए आदिवासियों को वास्ताविक जमीनी स्थिति से परिचित कराया जायेगा।

### मां ललिता पॉलीडॉक की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची।** मां ललिता पॉलीडॉक की ओर से सोमवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय एवं झारखंड राज्य कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर डॉ अजीत कुमार एवं अन्य चिकित्सकों ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। शिविर में मेदांता इरबा, रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार मिश्रा, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ रिम्स के सहायक प्राध्यापक डॉ विनय प्रभात ,नेत्र रोग विशेषज्ञ (एम्स दिल्ली)की डॉ कुमारी रीना, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीतिलता, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार आशुतोष,जनरल फिजिशियन डॉ रविंद्र सिंह, एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने योगदान दिया। इस शिविर में मरीजों का निःशुल्क ब्लड शुगर जांच की गई। सम्मानित अतिथियों ने भी आम मरीजों के बीच अपना ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच करवाया। कल 520 मरीजों ने इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। दो मरीजों के ऑपरेशन भी निःशुल्क तत्काल माइनर ओटी में डॉ अजीत कुमार के द्वारा की गई। डॉ विनीत ने मरीजों को बताया कि हृदयघात के प्रमुख कारणों में एक कारण तंबाकू का सेवन भी है,हाई ब्लड प्रेशर को उन्होंने साइलेंट किलर बताया। उन्होंने बताया कि शुगर के मरीजों के लिए रक्तचाप की उच्चतम सीमा 130 होनी चाहिए।

# झारखंड अलग राज्य निर्माण के दो पुरोधाओं को किया नमन

## झारखंड का तोहफा दे अटल ने लोगों की आकांक्षा पूरी की : बाबूलाल मरांडी



पूरे राज्य में भाजपा 100 वीं जयंती पर वाजपेयी को किया याद

**रांची/धनबाद ।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार को उन्हें देशभर में श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड के सभी जिलों में भाजपा ने इसे मंडल व जिला स्तर तक मनाया। धनबाद में जयंती समारोह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वैसे तो अटल बिहारी वाजपेयी पूरे देश वासियों के दिलों पर राज करते हैं। लेकिन झारखंड और झारखंड वासियों के लिए वह काफी खास हैं क्योंकि अटल बिहारी वाजपेयी ने ही झारखंडवासियों नए राज्य का तोहफा दिया था। जब झारखंड वासियों की बात कोई नहीं सुना तब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड वासियों की आवाज सुनी और अलग झारखंड राज्य का सौगात झारखंड वासियों को दिया। कार्यक्रम में रांची के सांसद संजय सेठ ने वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।



### युगों-युगों तक याद किए जाएंगे झारखंड निमार्ता अटल जी : कर्मवीर सिंह

**रांची :** प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्रभक्त विराट व्यक्तित्व का नाम है अटल बिहारी वाजपेयी। ऐसा व्यक्तित्व जो कुशल संगठक हो, दूर दृष्टा राजनेता हो, अजात शत्रु हो, कवि, लेखक हो, ओजस्वी वक्ता हो विरले ही जन्म लेते हैं। कर्मवीर सिंह ने कहा कि युगों-युगों तक झारखंड निमार्ता अटल जी याद किए जाएंगे।

## निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : सुदेश महतो

**झारखंड के भविष्य की कल्पना उनकी सोच में छिपी हुई थी**

**निर्मल दा की परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे**

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी किया नमन**



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी निर्मल महतो के विचारों और सपनों का संगठन है। उनके आंदोलन में दिए गए योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। राज्य के प्रति उनकी परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे। झारखंड अलग राज्य के निर्माण के लिए अपने बहुमूल्य जीवन का बलिदान देने वाले शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनकी शहादत ने इस आंदोलन को बल दिया। झारखण्ड निर्माण में निर्मल महतो जी के नेतृत्व और योगदान के लिये सभी झारखंडवासी हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। झारखंड के भविष्य की कल्पना उनकी सोच में छिपी हुई थी। सुदेश कुमार महतो ने ये बातें सोमवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर रांची के जेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही। मौके पर उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाई और एक नया मुकाम दिया। झारखंड उदय में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने देश में एक श्रेष्ठ राजनेता के तौर पर खुद को स्थापित किया था। इस दौरान सुदेश महतो ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि मदन मोहन मालवीय जी के शिक्षा एवं समाज के हित में किए गए कार्यों को हमेशा स्मरण में रखा जाएगा। आजसू के संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आजसू पार्टी द्वारा राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्मल महतो की फोटो पर माल्यार्पण कर उनकी सोच को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वहीं शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखण्ड के मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

# राज्य के सभी जेलों का हुआ निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सभी केंद्रीय कारा का सोमवार को निरीक्षण किया गया। कहीं से कोई आपत्तिजनक सामग्री मिलने की सूचना नहीं है। इधर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा जेल का औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने प्रत्येक वार्ड और सेल की जांच की। जेल में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा-व्यवस्था की जानकारी ली। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने जेल में कैदियों के लिए खाने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। कैदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए बनी खाद्य सामग्री और कच्ची खाद्य सामग्री का सैंपल कलेक्ट किया गया। खाद्य सामग्री के स्टॉक पंजी का भी मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान करीब 200 कैदियों का बयान लिया गया। इस संबंध में जिला स्तर से विस्तृत जांच प्रतिवेदन जेल आईजी को उपलब्ध कराया जाएगा। इधर धनबाद मंडल कारा में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद जिला प्रशासन जेल में लगातार छापेमारी कर रहा है। सोमवार को एक बार फिर से उपायुक्त वरुण रंजन के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम जेल में छापेमारी करने पहुंची। करीब 2 घंटे तक चली छापामारी के बाद धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि रूटीन जांच को लेकर वह निरीक्षण करने धनबाद जेल पहुंचे थे।



### बाबूलाल मरांडी ने की थी होटवार जेल के अधीक्षक की तारीफ

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने होटवार जेल के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट की सराहना की थी। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेसरा निशांत रॉबर्ट को सख्ती से अपनी ड्यूटी निभाने और कानून सम्मत बढ़िया काम करने को लेकर प्रोत्साहित करने की अपील की थी। सोशल मीडिया के जरिये मुख्यमंत्री को टैग कर अपनी बात रखते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि उन्होंने सुना है कि होटवार जेल में ईडी के केस में बंद आपके कमाउ चेलों को युवा संथाल आदिवासी नये जेल सुपरिटेंडेंट बेसरा निशांत रॉबर्ट की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह यह सुपरिटेंडेंट प्रेम की लीला के मायाजाल में फंस नहीं रहा। इतना टाइट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में दिन में ही तारे दिखायी दे रहे हैं।

### होटवार जेल अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से किया इनकार

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से इनकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, बेसरा निशांत रॉबर्ट को धनबाद मंडल कारा का अधीक्षक बनाये जाने की अधिसूचना जारी हुई थी, लेकिन उन्होंने धनबाद जेल का प्रभार लेने में असमर्थता जतायी है। उन्होंने कहा है कि धनबाद जेल काफी संवेदनशील है। उन्हें विभागीय कार्यों के केस के सिलसिले में कई बार हाई कोर्ट का रुख भी करना पड़ता है। रांची से धनबाद की दूरी ज्यादा होने के कारण उन्हें परेशानी होगी।

## राज्यपाल से आर्चबिशप और फादर ने की मुलाकात

**रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को क्रिसमस के शुभ अवसर पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो और फादर अजित खेस ने राज भवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें क्रिसमस की बधाई दी।**



## राजेश ठाकुर ने फेलिक्स टोप्पो को दी बधाई



**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को ईसाई धर्म गुरु बिशप फेलिक्स टोप्पो से मिलकर उन्हें और सभी ईसाई धर्मावलंबियों को क्रिसमस की बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि ईसा मसीह ने मानव जाति के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। ईसा मसीह का यह संदेश आज के समय में भी काफी सार्थक है। उन्होंने नफरत और धर्म के आधार पर समाज को बांटने की राजनीति पर अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि मानव जाति के कल्याण के लिए आपसी प्रेम और भाईचारा से बड़ा कोई मंत्र नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्तों और मूल्यों पर आधारित सदैव राष्ट्र के विकास में हर एक व्यक्ति और समाज की भागीदारी के महत्व को समझती है। बिशप टोप्पो ने भी इस अवसर पर मानवता के कल्याण और सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण के लिए एवं सर्वधर्म सम्भाव की विचारधारा को सामने रखते हुए बेहतर समाज के निर्माण के लिए ईश्वर से विशेष प्रार्थना की ।

# फर्जी दस्तावेज पर दिये जा रहे हैं पेयजल योजनाओं के टेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में तय नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। विभाग में बगैर कायार्नुभव फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होकर लाखों का न्यारावारा कर टेंडर आवंटन का खेल चल रहा है। यही नहीं फर्जी दस्तावेज के आधार पर नियम विरुद्ध टेंडर आवंटित करने का खेल तो चल ही रहा है। साथ ही टेंडर मैनेज करने खेल में एक योजना का तो बार-बार टेंडर हो रहा है। बगैर कायार्नुभव फर्जी दस्तावेज के आधार पर टेंडर आवंटित करने की दिशा में फाईल तेजी से संबंधित पदाधिकारी व अभियंता के बीच घूम रही है। उन्होंने कहा है कि यह मामला क्षेत्र भ्रमण के दौरान आया है। इस की जांच मंत्रिमंडल निगरानी विभाग की तकनीक परीक्षण कोषांग से कराकर दोषी पदाधिकारियों व संवेदकों के खिलाफ सख्त अनुशासनिक, प्रशासनिक व आपराधिक कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्य सचिव व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि डुमरी प्रखंड में बिना कायार्नुभव प्रमाण पत्र का मेसर्स तपेश्वर सिंह को गिरिडीह-।। प्रमंडल के अंतर्गत डुमरी प्रखंड में विभागीय अभियंता प्रमुख व निविदा समिति के अन्य सदस्यों ने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर करोड़ों का न्यारावारा करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से ससारखों जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) व बेढ़ा सुइयाडीह जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) आदि कई योजनाओं का टेंडर आवंटन किया गया है। इसी प्रकार खूंटी प्रमंडल में सुंदरी पोंडा नगर ग्राम जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 35 करोड़) के टेंडर आवंटन में नियमों की घोर अनदेखी की गयी है।



# आदिवासी साहित्य में अब आदिवासी संदर्भ, आदिवासी लेखक, उनका दर्शन बना रहा जगह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्तमान आदिवासी साहित्य में आदिवासी संदर्भ, आदिवासी लेखक, उनके कार्य, उनका दर्शन धीरे-धीरे जगह बना रहा है। यह बातें सोमवार को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार जोबा मुर्मू ने धुमकुड़िया-2023 कही। मुर्मू ने प्रख्यात आदिवासी साहित्यकार महादेव टोप्पो को आदिवासी साहित्य का जनक बताया। वे आदिवासियों की वार्षिक गोष्ठी धुमकुड़िया-2023 के दो दिवसीय कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। इस वार्षिक गोष्ठी के पहले दिन विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, युवा शोद्यार्थी व समाजसेवी शामिल हुए। इसमें आदिवासी समाज की वर्तमान दशा-दिशा पर विचार विमर्श किया गया। इस बौद्धिक परिचर्चा में रुद्र मांझी ने सरना धर्म और गौतम बुद्ध के बीच संबंध बताया। इस पर श्रोताओं द्वारा इसका खंडन किया गया। ज्ञांति कुमारी ने बुनियादी बीजों की कमी से




आदिवासी महिलाओं के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पर अपनी बात रखी। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार और उसकी वर्तमान स्थिति पर विमर्श बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ मंजरी राज उरांव और नीतू साक्षी टोप्पो के बाद शुभम अहाके ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार और उसकी वर्तमान स्थिति पर बातचीत करते हुए संविधान में आदिवासियों के लिए किए गए प्रावधानों तथा उसके जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल किए। अंतिम वक्ता के रूप में स्वाति असुर ने असुर आदिवासी समाज काल, आज और कल विषय पर बातचीत करते हुए असुर आदिवासियों की सृजन, संस्कृति, परंपरा, राजनीतिक व्यवस्था, आर्थिक व्यवस्था, सांस्कृतिक व्यवस्था और भविष्य में इसकी राह अर्थात अनंत काल तक मां प्रकृति के संरक्षण में रहने की बात कही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर डॉ गणेश मांझी ने की और संचालन प्रवीण उरांव और अरबिंद भगत ने किया, कार्यक्रम का समापन में कविता पाठ के साथ हुआ। नीतू साक्षी टोप्पो, अरविंद भगत और डॉ गोश मांझी के अपनी कधिता पढ़ी। इसके बाद प्रसिद्ध आदिवासी साहित्यकार ने सुंदर टिप्पणी देते हुए शुमकुड़िया को बौद्धिक आदोलन के रूप में परिभाषित किया। कार्यक्रम का समापन प्रवीण पुराय ने धन्यवाद ज्ञापन से किया गाया। हर गांव में धुमकुड़िया निर्माण पर जोरराजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय कुजूर ने हर गांव में धुमकुड़िया निर्माण और सांस्कृतिक अभ्यास के साथ-साथ पुस्तकालय की स्थापना पर जोर दिया. अधिवक्ता निशी कच्छप, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रांची के प्रोफेसर रामचंद्र उरांव द्वारा विधिक जागरूकता पर बात की गयी। आदिवासी समाज में शिक्षा का महत्व पर स्कॉलर राजनीति विज्ञान के अरविंद भगत द्वारा वक्तव्य दिया गया। धुमकुड़िया का उद्देश्य एवं महत्व पर जोर देते हुए इसके संरक्षण का आह्वान किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**नदियों की रानी केचकी के दामन...**

बीच नदी के कल-कल बहते पानी में स्नान का अलग ही मजा है। केचकी पिकनिक स्पॉट में हर वर्ष नये साल में लाखों की संख्या में अपने परिवार के साथ पर्यटक आते हैं और खूबसूरती का आनंद लेते हैं। इससे क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार के साथ व्यवसायिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं। किंतु हिंसक घटनाओं से स्थानीय लोगों के साथ और व्यवसायी भी चिंतित हैं।

**पिकनिक मनाने गया युवक...**

रानीताल डैम पर पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान वह डैम में नहाने उतर गया और कुछ दूर तैर कर जाने के बाद डूब गया। उसके डूबने की खबर आग की तरह फैली और देखते ही देखते डैम पर चैनपुर समेत पास के डुमरी, बहेरवा आदि गावों से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ जुट गई। फिलहाल डैम में शव की खोज जारी है।

**सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग...**

और शिक्षा क्षेत्रों में ईसाई समुदाय द्वारा संचालित संस्थान देश भर में बड़ा योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा और सेवा पर केंद्रित था और उन्होंने एक समावेशी समाज के लिए काम किया जहां सभी के लिए न्याय हो।

**ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते : आरपीएफ ने तीन...**

आरपीएफ के इस प्रयास की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि आरपीएफ ने बच्चों को नहीं बचाया होता तो पता नहीं वे कहां जाते। गलत हाथों में पड़ने से उनके साथ अनहोनी की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

**भारत में मानव व्यापार का...**

जाती हैं जबकि अन्य राज्यों में इनकी ट्रैफिकिंग घरेलू काम के लिए होती है। इन्हें प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से खरीदा-बेचा जाता है। यूपी में कालीन उद्योग के लिए झारखंड के बच्चों की काफी तस्करी हुई है। मानव तस्करी की शिकार इन बच्चियों में 30 फीसदी हाई स्कूल तक पढ़ी होती हैं जबकि 30 फीसदी मीडिल और 14 फीसदी प्राइमरी पास। 26 फीसदी अशिक्षित हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के कालीन उद्योग में पलामू-गढ़वा जिले के 11 हजार बाल मजदूर कार्यरत हैं।खनन क्षेत्रों से विस्थापन मानव तस्करी की वजह रिपोर्ट के अनुसार नक्सली संकट और खनन क्षेत्रों में विस्थापन मानव तस्करी की बड़ी वजह रही। खूंटी में ऐसे कई मामले सामने आए जिसमें नक्सलियों से तंग महिलाएं मानव तस्करों के चंगुल में फंस गईं। अवैध कोयला कारोबारी स्थानीय महिलाओं को वेश्यावृति में धकेलते हैं। इससे बचने के लिए वे खुद को मानव तस्करों के हवाले कर देतीं हैं। 40 मामले सिर्फ 10 राज्यों से आते हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, मानव तस्करी के देश की 4.2 फीसदी घटनाएं झारखंड में होती हैं। वर्ष 2021 की एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2,189 मानव तस्करी के केस देश भर में दर्ज किये गये। 56.6 फीसदी यानी 1,239 केस सिर्फ 5 राज्यों (तेलंगाना, महाराष्ट्र, असम, केरल और आंध्र प्रदेश) से आये। 44 फीसदी केस (408) बाकी राज्यों में रिकॉर्ड किये गये। तेलंगाना में सबसे ज्यादा होती है मानव तस्करी आंकड़े बताते हैं कि तेलंगाना में सबसे ज्यादा 347 मानव तस्करी की घटनाएं वर्ष 2021 में दर्ज की गयीं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र रहा, जहां से 320 मामले आये। असम में 203, केरल में 201 और आंध्र प्रदेश में 168 मानव तस्करी के केस वर्ष 2021 में दर्ज किये गये। टॉप-5 राज्यों के बाद ओडिशा में 136, बिहार में 111, उत्तर प्रदेश में 103, राजस्थान में 100 और झारखंड में 92 केस पुलिस ने रिकॉर्ड किये।

**झारखंड में ठंड से थोड़ी...**

मौसम पूवार्नुमान एजेंसी ने कहा कि मंगलवार-गुरुवार के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में और मंगलवार एवं बुधवार को राजस्थान तथा उत्तरी मध्य प्रदेश में सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है। मंगलवार और बुधवार को ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में, मंगलवार-गुरुवार के दौरान उत्तराखंड, बुधवार और गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में सुबह घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने शुक्रवार और शनिवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में और मंगलवार से शनिवार तक असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घने कोहरे की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की, अगले पांच दिनों में केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और लक्षद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

# फीफा ने दी ब्राजील फुटबॉल परिसंघ को निलंबित करने की धमकी





एजेंसी

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नये अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

### फीफा को तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं

रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राजील की दो सर्वोच्च अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बरकरार रखा। फीफा अपने सदस्य संघों के कामकाज में सरकार या किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता है और इसलिए पांच बार के विश्व कप विजेता ब्राजील को समस्या का समाधान होने तक प्रमुख प्रतियोगिताओं से बाहर रहना पड़ सकता है।

## वाइपर्स एससी ने कोच नीवा के साथ खत्म किया अनुबंध

**कंपालाः** मौजूदा युगांडा प्रीमियर लीग चैंपियन वाइपर एससी ने ब्राजीलियाई कोच लियोनार्डो मार्टिंस नीवा का अनुबंध समाप्त कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, नीवा के कार्यभार संभालने के पांच महीने बाद ही क्लब ने रविवार को यह घोषणा की। यह निर्णय वाइपर एससी द्वारा लीग लीडर बीयूएल जिंजा एफसी से 3-2 की घरेलू हार के दो दिन बाद लिया गया है।वाइपर एससी के एक बयान में कहा, ₹वाइपर्स स्पोर्ट्स क्लब अपने हितधारकों और जनता को सूचित करता है कि उसने आपसी सहमति से 23 दिसंबर, 2023 को लियोनार्डो मार्टिंस नीवा के साथ अपने अनुबंध को समाप्त कर दिया है। क्लब वेनोम्स परिवार में रहने के दौरान नीवा को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता है।

जुलाई में अपने अनावरण समारोह के दौरान, दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले नीवा ने कहा कि वह वाइपर एससी के साथ और अधिक खिताब जीतने के लिए युगांडा में थे। उनके पिछले स्पेल में उत्तरी अमेरिका, कैरेबियन, दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका के कई अन्य देश शामिल थे।

## मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं मंजू रानी और साक्षी



**ग्रेटर नोएडाः** 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (48 किग्रा) और दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी (57 किग्रा) ने जीबीयू इंडोर स्टेडियम में 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा है रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड(आरएसपीबी) का प्रतिनिधित्व करते हुए, मंजू रानी ने चंडीगढ़ की गुड्डी के खिलाफ अपने अनुभव और कौशल का प्रदर्शन किया और 5-0 से जीत हासिल की। इस मुक्केबाज को अब सोमवार को क्वार्टर फाइनल में दिल्ली की संजना से भिड़ना है। एक अन्य मैच में एसएससीबी की साक्षी ने राउंड-16 मुकाबले में तेलंगाना की रेफा मोहिद का सामना किया। साक्षी के आक्रामक रवैये और जोरदार मुक्कों को संभालना रेफा के लिए बहुत मुश्किल था, जिसके परिणामस्वरूप रेफरी ने पहले राउंड में साक्षी के पक्ष में मुकाबला रोक दिया। क्वार्टर फाइनल में साक्षी का मुकाबला चंडीगढ़ की आरती मेहरा से होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में 2022 सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन शशि चोपड़ा (63 किग्रा) ने उत्तराखंड की आरती दरियाल को हराया। शशि ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शशि का मुकाबला ऑल इंडिया पुलिस के सोनू से होगा। इस बीच, 66 किग्रा मैच में अंकुशिता बोरो का मुकाबला मिजोरम कीवनलाल हरियातपुई से था। अंकुशिता ने पूरी प्रक्रिया में अपना दबदबा बनाए रखा और अंत में 5-0 के स्कोर के साथ आसानी से मुकाबला जीत लिया। क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला आरएसपीबी की अंजलि तुषीर से होगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 12 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने वाले 300 से अधिक मुक्केबाजों की भागीदारी देखी जा रही है, जिसका फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

## अफ्रीकी टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम : सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली,** वनडे में प्रोटियाज पर 2-1 से जीत के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलेगी। सुनील गावस्कर ने कहा कि टीम में कई वरिष्ठ खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह की वापसी के बाद भारतीय टीम के पास प्रोटियाज गेंदबाजों की तुलना में अनुभवी बल्लेबाज हैं। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, वे अनुभवी बल्लेबाज हैं, जो हर जगह खेलकर आ रहे हैं। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि वे इन दो टेस्ट मैचों में बहुत सारे रन बनाएंगे। सिर्फ इसलिए नहीं कि उनके पास बहुत प्रतिभा है। बल्कि इस बार, मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण उतना मजबूत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एनरिक जैसे स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति और कैगिसो रबाडा की संभावित कमी मेजबान टीम को नुकसान पहुंचा सकती है। गावस्कर ने कहा, एनरिक, रबाडा और एनगिडी की संभावित अनुपस्थिति के साथ दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण में अनुभव कम नजर आ रहा है। मैं क्लास की कमी नहीं कह रहा हूं। मुझे लगता है कि ये दोनों बल्लेबाज (रोहित-विराट) बहुत सारे रन बनाएंगे और भारतीय टीम एक मजबूत स्कोर बनाएगी।टेस्ट सीरीज से पहले गावस्कर ने कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा की मानसिक स्थिति पर भी चर्चा की। पूर्व बल्लेबाज ने सुझाव दिया कि रोहित टेस्ट मैचों में अपनी आक्रामक खेल शैली को बदलने पर विचार कर सकते हैं। भारतीय कप्तान ने 2023 वनडे विश्व कप में भारत की सर्वश्रेष्ठ शुरूआत की गारंटी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## न्यूजीलैंड टी 20 सीरीज के लिए पाकिस्तान के हाई-परफॉर्मेंस कोच बने यासिर अराफात



**लाहौर,** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक, यासिर अराफात पाकिस्तान के टी20 विशेषज्ञों के साथ सीधे न्यूजीलैंड के लिए उड़ान भरेंगे। उन्हें फिलहाल इसी एक श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में नियुक्त किया गया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से बताया गया है, साइमन जिन्हें मौजूदा ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए कोचिंग स्टाफ के हिस्से के रूप में नामित किया गया है, उनकी जगह यासिर लेंगे। अराफात, जिनके पास न्यूजीलैंड के साथ-साथ इंग्लैंड में भी कोचिंग का पिछला अनुभव है। उन्होंने 13 टी20 सहित 27 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और पाकिस्तान की विजयी 2009 टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। हालांकि, उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ एक मैच खेला। यह एक और बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि मिकी आर्थर और ग्रांट ब्रैडबर्न को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम निदेशक और मुख्य कोच के रूप में मोहम्मद हफीज द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करने के बावजूद, आर्थर और ब्रैडबर्न अभी भी पीसीबी के साथ सूचीबद्ध हैं और उन्हें अभी तक किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया है।

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीम में जगह बनाना चाहती हैं ज्योति

**नई दिल्ली,** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ज्योति छत्री का मानना है कि हाल ही में संपन्न 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में उनके अनुभव ने उन्हें एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने में मदद की है। 19 वर्षीय खिलाड़ी पिछले एक साल से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में एक मुख्य खिलाड़ी रही हैं और उन्होंने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में भारत के लिए सभी छह मैच खेले और रोमांचक 3-3 के दौरान एक गोल किया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप 2023 में भारत के स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रदर्शन के दौरान भी प्रमुख भूमिका निभाई। ज्योति ने इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ 2023, 4 देशों के महिला आमंत्रण टूनामेंट (बार्सिलोना) में अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की थी। 5 देशों के टूनामेंट वालेंसिया 2023 उनके लिए कुछ शीर्ष टीमों- आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक और अच्छा मौका था। ज्योति ने कहा, वालेंसिया दौरे के लिए टीम में शामिल किए जाने पर मैं बहुत खुश थी। जब आपको सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण लेने का मौका मिलता है तो यह हमेशा सीखने का एक शानदार अवसर होता है।

## निराशा से उबरने के लिए खिलाड़ी है ट्रेन्डः राहुल द्रविड़



**सेंचुरियन।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप फाइनल में मिली हार के संदर्भ में रविवार को यहां कहा कि पेशेवर खिलाड़ी निराशा से जल्द से जल्द उबरने और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं। अहमदाबाद में 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया से हारने वाली टीम के सदस्यों में शामिल रहे केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर ने इसके बाद सीमित ओवरों के कुछ मैच खेले लेकिन अन्य खिलाड़ी पांच सप्ताह में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। द्रविड़ ने यहां पत्रकारों से नई चुनौतियों के बारे में कहा,वह दिल तोड़ने वाली हार थी लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको तेजी से आगे बढ़ना होता है और हमारे सामने एक और महत्वपूर्ण श्रृंखला है और यह सभी श्रृंखलाएं एक अन्य आईसीसी प्रतियोगिता (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) के लिए क्वालीफाई करने के संदर्भ में काफी मायने रखती हैं। पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ समझते हैं कि फाइनल की हार को पचा पाना आसान नहीं है लेकिन वह इस तथ्य से भी अवगत हैं कि इस निराशा को लंबे समय तक खींचने से परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।उन्होंने कहा,आपके पास निराशा में डूबे रहने के लिए वक्त नहीं होता। आपको उससे उबरकर आगे बढ़ना होता है और हमारे खिलाड़ियों ने ऐसा बहुत अच्छी तरह से किया। हम निराश थे लेकिन अब हम उससे आगे बढ़ चुके हैं। मुझे लगता है कि हमारी वनडे टीम ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला जीती। द्रविड़ ने कहा,खिलाड़ी निराशा से उबरकर आगे बढ़ने में माहिर होते हैं क्योंकि उन्हें बचपन से ऐसा करना सिखाया जाता है। आपको इससे बाहर निकलना होता है और आप लंबे समय तक निराशा के साथ नहीं जी सकते हैं। इससे अगले मैच में आपका प्रदर्शन प्रभावित होगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका में अभी तक टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है और द्रविड़ ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के विकेट इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में थोड़ा भिन्न चुनौती पेश करते हैं। उन्होंने कहा आंकड़ों के लिहाज से देखें तो यहां खेलना आसान नहीं होता है लेकिन हमने यहां अच्छा प्रदर्शन भी किया है। ऐसा नहीं है कि यहां खेलना असंभव है लेकिन अन्य देशों की तुलना में यहां उछाल असमान होता है। आपको यहां इंग्लैंड की तरह अधिक स्विंग या ऑस्ट्रेलिया की तरह पर्याप्त गति और उछाल नहीं मिलता है।

# व्यापार

## अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 8 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए एसईसीआई के साथ किया समझौता

एजेंसी

**मुंबई,** अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 साल के लिए 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इसके साथ ही एजीईएल ने जून 2020 में एसईसीआई द्वारा दिए गए 8,000-मेगावाट के विनिर्माण-लिंक्ड सोलर टेंडर के लिए पावर ऑफटेक टाई-अप पूरा कर लिया है, जो सौर ऊर्जा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा टेंडर है। एजीईएल के सीईओ अमित सिंह ने कहा कि कंपनी ने भारत के डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्य को प्राप्त करने और आत्मनिर्भर भारत में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में एक टिकाऊ ऊर्जा परिदृश्य को सक्षम करने के लिए सबसे बड़ा समझौता किया है। सिंह ने कहा, 2030 तक भारत के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म



ईंधन क्षमता के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, अदाणी ग्रीन 45 गीगावॉट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो हमारे वर्तमान ऑपरेटिंग पोर्टफोलियो से पांच गुना अधिक है। यह सस्ती और सुलभ स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने के हमारे संकल्प की पुष्टि करता है।2 गीगावॉट पीवी (फोटोवोल्टिक) सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना सहित एसईसीआई के सौर पीवी टेंडर के लिए एजीईएल की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने अपने सहयोगी मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के माध्यम से 2-गीगावॉट प्रति वर्ष सौर पीवी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र चालू किया है। एमएसईएल गुजरात के मुंद्रा में स्थित है, जिसमें एडीईएल के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से 26 प्रतिशत शेयर है।

सिंह ने कहा, इसके साथ, एजीईएल ने 19.8-गीगावॉट के पीपीए का अनुबंध किया है और शेष राशि उसके 20.6-गीगावॉट लॉक-इन पोर्टफोलियो में व्यापारी क्षमता है। पोर्टफोलियो को 2030 तक 45-गीगावॉट क्षमता के निष्पादन के लिए पूरी तरह से जोखिम मुक्त कर दिया गया है, जिसमें 12 राज्यों में 200,000 एकड़ से अधिक भूमि पहले से ही ली गई है। 20.6 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक के लॉक-इन विकास पथ के साथ, एजीईएल के पास वर्तमान में 8.4 गीगावॉट का ऑपरेटिंग नवीकरणीय पोर्ट फोलियो है, जो भारत में सबसे बड़ा है, जो संचयी रूप से 41 मिलियन टन से अधिक सीओ 2 उत्सर्जन की भरपाई करता है। एजीईएल को कई ऐतिहासिक नवीकरणीय ऊर्जा बिजली संयंत्र विकसित करने का श्रेय है, जिनमें से जैसलमेर में 2,140 मेगावाट (मेगावाट) का दुनिया का सबसे बड़ा पवन-सौर हाइब्रिड पावर क्लस्टर है। एजीईएल किफायती स्वच्छ ऊर्जा के लिए लागत कम करने को लेकर टेक्नोलॉजी का लाभ उठाता है।

## ऐप्पल वॉच सीरीज 9, अल्ट्रा 2 यूएस में अपने खुदरा स्टोर पर उपलब्ध नहीं

**सैन फ्रांसिस्को,** ऐप्पल ने अमेरिका में अपने खुदरा स्टोरों पर अपनी वॉच सीरीज 9 और अल्ट्रा 2 की बिक्री रोक दी है और जब क्रिसमस के बाद ऐप्पल स्टोर फिर से खुलेंगे, तो ये दोनों घड़ियां खरीद के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। चिकित्सा उपकरण निमार्ता मासिमो के साथ पेटेंट विवाद पर अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग (आईटीसी) द्वारा लगाए गए आयात प्रतिबंध के कारण ऐप्पल ने अपनी नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टवॉच को वापस ले लिया। पिछले हफ्ते ऐप्पल के ऑनलाइन स्टोर से ऐप्पल वॉच सीरीज 9 और एप्पल वॉच अल्ट्रा 2 को हटाने के बाद, दोनों डिवाइस अब इसके स्टोरों पर उपलब्ध नहीं हैं। 9टू5मैक की रिपोर्ट में कहा गया है, 26 दिसंबर को जब ऐप्पल स्टोर दोबारा खुलेंगे, तो ऐप्पल वॉच सीरीज 9 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 खरीदने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। रिपोट्र्स के मुताबिक, ऐप्पल स्टोर्स अब वॉच एसई को प्रमोट करेगा, जो उपलब्ध रहता है, क्योंकि इसमें ब्लड ऑक्सीजन सेंसर की कमी है। आईटीसी ने अक्टूबर में फैसला सुनाया कि ऐप्पल वॉच सीरीज 9 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 में ब्लड ऑक्सीजन सेंसर दो मैसिमो पेटेंट का उल्लंघन करता है।आईटीसी के फैसले के बाद, मामला 60 दिनों की राष्ट्रपति समीक्षा अवधि के लिए जो बाइडेन प्रशासन को भेजा गया था, लेकिन उन्होंने अब तक कार्रवाई नहीं करने का विकल्प चुना है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति की समीक्षा अवधि आधिकारिक तौर पर 25 दिसंबर के बाद समाप्त हो रही है, इसलिए यह अभी भी संभव है कि राष्ट्रपति बाइडेन अंतिम समय में आईटीसी के फैसले में हस्तक्षेप करने और वीटो करने का विकल्प चुनेंगे।

## इंक्रेड ने 60 मिलियन डॉलर जुटाए, 2023 में भारत का दूसरा यूनिकॉर्न बना

**नई दिल्ली**, सूखे को खत्म करते हुए, फिनटेक ऋणदाता इंक्रेड इस साल नए और मौजूदा निवेशकों से 60 मिलियन डॉलर जुटाने के बाद भारत का दूसरा यूनिकॉर्न बन गया है, मीडिया ने सोमवार को यह खबर दी। इंट्रेकर की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंक्रेड की धन प्रबंधन सहायक कंपनी इंक्रेड वेल्थ ने 36.76 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ फंडिंग राउंड का नेतृत्व किया, इसके बाद एमईएमजी फैमिली ऑफिस ने 9 मिलियन डॉलर का निवेश किया। रिपोर्ट के मुताबिक, आरपी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन रवि पिल्लई और डॉयचे बैंक के सह-प्रमुख राम नायक ने क्रमशः 5.4 मिलियन डॉलर और 1.2 मिलियन डॉलर का निवेश किया। इनक्रेड स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड वीसीसी, इनक्रेड की सिंगापुर-पंजीकृत इकाई, वेरेनियम कैपिटल एडवाइजर्स और एनएबीएस वृद्धि ने भी इस दौर में भाग लिया। इस फंडिंग के साथ, इंक्रेड का मूल्य अब $1.03 बिलियन हो गया है। फर्म ने पिछली बार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों से ऋण वित्तपोषण दौर में 68 मिलियन डॉलर जुटाए थे। वित्त वर्ष 2023 के दौरान इंक्रेड ने परिचालन पैमाने पर 77.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो वित्त वर्ष 22 में 488 करोड़ रुपये की तुलना में 865.6 करोड़ रुपये हो गया।

## गुरुग्राम में शराब की खपत नई ऊंचाई पर पहुंची

**गुरुग्राम,** गुरुग्राम के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में शराब की बिक्री में भारी वृद्धि देखी गई है। जिले में पिछले छह महीनों में शराब की 1,518 करोड़ रुपये की खपत दर्ज की गई है। गुरुग्राम आबकारी विभाग द्वारा संकलित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि जिले में लोग हर महीने 300 करोड़ रुपये की शराब और बीयर गटक रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि केवल छह महीने में यह उल्लेखनीय वृद्धि है। उप उत्पाद एवं कराधान आयुक्त (पश्चिम), अमित भाटिया ने मीडिया से कहा, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में शराब की बिक्री के साथ जिले में शराब और बीयर की खपत में वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

## फिनटेक लीडर पेटीएम ने की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** फिनटेक लीडर पेटीएम ने अपने परिचालन, बिक्री और इंजीनियरिंग टीम से कई सौ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने प्रभावित लोगों की संख्या का खुलासा नहीं किया, लेकिन कहा कि कंपनी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए एआई-संचालित ऑटोमेशन के साथ अपने परिचालन को बदल रही है, विकास और लागतों में दक्षता बढ़ाने के लिए दोहराए जाने वाले कार्यों और भूमिकाओं को खत्म कर रही है, इसके परिणामस्वरूप हमारे संचालन और विपणन कार्यबल में थोड़ी कमी आएगी। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने बताया,हम कर्मचारी लागत में 10-15 प्रतिशत की बचत करने में सक्षम होंगे, क्योंकि एआई ने हमारी अपेक्षा से अधिक परिणाम दिया है। इसके अतिरिक्त, हम पूरे वर्ष गैर-प्रदर्शन के मामलों का लगातार मूल्यांकन करते हैं।"

2021 में फिनटेक प्रमुख ने 500-700 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा,मौजूदा व्यवसायों पर हमारे फोकस को जारी रखते हुए, बीमा और धन हमारे मंच का एक तार्किक विस्तार होगा। ऋण वितरण में हमारे वितरण-आधारित व्यवसाय मॉडल की ताकत दिखाने के बाद, हम नए व्यवसायों को चलाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इसका विस्तार कर रहे हैं। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में कहा, पेटीएम भुगतान और धन प्रबंधन जैसी वित्तीय सेवाओं में क्रांति लाने के लिए एआई का लाभ उठा रहा है। पेटीएम की एआई-संचालित रणनीति ने भारत के लिए नवाचार जारी रखते हुए कार्यबल को कम करने में मदद की है।

## दक्षिण कोरिया में पर्यावरण-अनुकूल कारों का निर्यात 33 फीसदी बढ़ा

**सियोल,** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ठोस वैश्विक मांग के कारण इस साल के पहले 11 महीनों के दौरान दक्षिण कोरिया के पर्यावरण-अनुकूल वाहनों का निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-नवंबर की अवधि के दौरान पर्यावरण-अनुकूल ऑटोमोबाइल की निर्यात मात्रा 662,307 यूनिट रही, जबकि एक साल पहले यह 499,854 यूनिट थी। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि पूरे 2023 में यह संख्या पहली बार 700,000 से अधिक होने की उम्मीद है। बीते वर्ष पर्यावरण-अनुकूल कारों का निर्यात 554,000 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया और मूल्य भी 1.61 मिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इस वर्ष की बिक्री वृद्धि ईवी और हाइब्रिड मॉडल की लोकप्रियता से प्रेरित थी।

## बिटक्वाइन माइनर्स के राजस्व में 400 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली,** लेनदेन शुल्क के रूप में बिटकॉइन माइनर्स द्वारा एकत्र किया गया राजस्व 2023 में प्रति दिन औसतन लगभग 2 मिलियन डॉलर था, जिसमें अगले साल-400 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। बिटकॉइन सेल्फ-कस्टडी प्लेटफॉर्म कासा के सह-संस्थापक जेम्सन लोप के अनुसार, बिटकॉइन माइनर्स ने 2023 में 10 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया,बिटकॉइन माइनर्स ने 2023 में 10 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की, जो 15 वर्षों में कुल 57 बिलियन डॉलर की तुलना में महत्वपूर्ण उछाल है। क्रिप्टो.न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बिटकॉइन माइनर्स ने ब्लॉक पुरस्कारों में 44 मिलियन डॉलर से अधिक कमाए, भले ही खनन कठिनाई 3.55 प्रतिशत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। क्रिप्टो बाजार खुफिया उत्पादों के अग्रणी प्रदाता मेसारी ने पोस्ट किया कि बीटीसी माइनर्स ने नवंबर में महत्वपूर्ण उद्यम पूंजी निवेश को आकर्षित किया। पिछले महीने क्रिप्टो धन उगाहने का नेतृत्व बीटीसी माइनर्स ने किया था, इसमें नॉर्दर्न डेटा और फीनिक्स ग्रुप ने क्रमशः 600 मिलियन और 370 मिलियन डॉलर जुटाए थे। मेसारी ने एक्स पर लिखा, उन सौदों को छोड़कर, बाकी क्रिप्टो उद्यम बाजार ने 98 सौदों पर 750 मिलियन डॉलर का कारोबार किया। इस घटनाक्रम ने बाजार पर नजर रखने वालों को 2024 में बिटकॉइन की कीमत के बारे में भविष्यवाणियां करने के लिए प्रेरित किया है, कुछ का दावा है कि यह 160,000 डॉलर तक जा सकती है। इस वर्ष बिटकॉइन में 160 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, इससे इसके बाजार पूंजीकरण में लगभग 530 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। बैंकलेस टाइम्स डॉट कॉम के एक विश्लेषण के अनुसार, सोलाना डिजिटल सिक्का बाजार जनवरी 2023 से 627 प्रतिशत बढ़ गया है, जो किसी भी क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक नया वार्षिक उच्च स्तर है।

## फोन के कवर में नोट रखना खतरनाक

अपने फोन में लगे कवर के पीछे कोई भी सामान रखने से फोन के ऊपर दबाव बढ़ने लग जाता है और फोन गर्म होने की प्रक्रिया और तेजी से होने लग जाती है। ऐसे में अगर आपका फोन ओवरहीट होता है तो यह आपके लिए नुकसान देह साबित हो सकता है। ऐसे में आपको अपने फोन के पीछे किसी भी वस्तु जिसमें आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड, घर या बाइक की चाबी, सिक्के जैसी वस्तुओं को रखने से बचना चाहिए।





**आग लगने की संभावना**

जब आप अपने फोन के पीछे किसी भी सामान को रखते हैं तो पहले ही बताया गया है कि वह फोन के टेंपरेचर को बढ़ाने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। जब आपका फोन गर्म होता है, ओवरहीट होता है तो ऐसे में फोन में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आपने अपने फोन के कवर में कागज जैसे कि नोट या कोई डॉक्यूमेंट रखा हुआ है तो तेजी से वह चीज है जल सकती है। इसीलिए अपने फोन के कवर के पीछे कभी भी नोटों को न रखें।

**हीट को करता है ब्लॉक**

जब आप अपने फोन के कवर में किसी भी प्रकार का कोई सामान रखते हैं तो आपने देखा होगा कि फोन में लगे कवर में कुछ होल बने होते हैं जहां से फोन का हीट निकलती रहती है। लेकिन जब आप अपने फोन के कवर में कोई भी वस्तु रख देते हैं तो वह उस छेद को ब्लॉक कर देता है, जिससे फोन की गर्मी कवर में ही रह जाती है और फोन तेजी से गर्म होने लगता है। बता दें कि आग लगने की संभावना के साथ-साथ इस तरीके की आपकी आदतें आपका फोन को भी डैमेज कर सकती हैं, क्योंकि जब फोन आपका ओवर हीट होगा तो इसका प्रोसेसर स्लो काम करना शुरू कर देगा और आपका फोन धीरे-धीरे खराब होने लग जाएगा। इसीलिए ऊपर दिए गए बातों को ध्यान में रखते हुए आप अपने फोन के कवर में कभी भी कोई भी वस्तु न रखें।